हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 02.10.2023 वर्ष 10, अंक 269 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
संघर्ष कभी समाप्त नहीं होता, उससे दो दो हाथ हर दिन करना जरुरी है !

**रांची का तापमान**
अधिकतम 30⁰
न्युनतम 23⁰

## क्विक न्यूज

### देशभर के 400 संत पहुंचे अयोध्या

**अयोध्या :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आमंत्रण पर रविवार को 400 से अधिक संत-धर्माचार्यो ने राममंदिर निर्माण की प्रगति देखी। रामजन्मभूमि परिसर से प्रगति देखकर लौटे संतों के चेहरे पर संतोष का भाव था। आंखें खुशी से सजल नजर आ रही थीं। जय श्रीराम का उद्घोष उनका उत्साह प्रदर्शित कर रहा था। संत मंदिर की भव्यता से निहाल दिखे और बोले कि मंदिर के स्थापत्य कला में अयोध्या की मर्यादा, संस्कृति झलक रही है। यह अद्भुत और दुनिया के चुनिंदा मंदिरों में से एक होगा।

### नदी में डूबने से दो की मौत

**बेगूसराय** : रविवार को दो अलग-अलग जगहों पर नदी में डूबकर दो किशोर की मौत हो गई। पहली घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के दादूपुर अमृत पोखर के समीप गंगा बाया ढ़ाब की है। जहां स्नान करने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक दादूपुर पंचायत के वार्ड-छह निवासी उमेश राय के 14 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार है।ग्रामीणों ने बताया कि उक्त युवक अपने दोनों भाइयों के साथ दियारा स्थित डेरा पर जा रहा था। इसी दौरान तीनों भाई वाया ढ़ाब मे स्नान करने लगा। स्नान के दौरान छोटे भाई का पैर फिसल गया और गहरे पानी में चला गया। अपने छोटे भाई को डूबता देख वह भाई को बचाने के लिए गहरे पानी में चला गया तथा किसी तरह अपने भाई को तो बचा लिया। लेकिन खुद गहरे पानी में डूब गया।

### अजय माकन बने कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले यह जिम्मेदारी पवन कुमार बंसल संभाल रहे थे।पूर्व केंद्रीय मंत्री माकन की नियुक्ति की जानकारी पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को एक विज्ञप्ति के जरिए दी।दो जनवरी 1964 को जन्मे अजय माकन दो बार संसद सदस्य और तीन बार दिल्ली विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। वे केंद्र और दिल्ली सरकार में मंत्री रहे हैं। केंद्र की मनमोहन सरकार में उन्होंने खेल एवं युवा मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और गृह राज्यमंत्री के रूप में कार्य किया।

### मणिपुर में दो छात्रों की हत्या के मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने रविवार को बताया कि अपहृत दो छात्रों की मौत के जिम्मेदार दो मुख्य आरोपियों को चुराचांदपुर जिले से गिरफ्तार कर लिया गया है. छात्र फिजाम हेमजीत (20) और छात्रा हिजाम लिनथोइनगांबी (17) की मौत का खुलासा तब हुआ जब कथित तौर पर उनकी हत्या से पहले और बाद की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई. मुख्यमंत्री ने कहा कि हत्या के दोषियों को इस मामले में सख्त से सख्त सजा (मृत्युदंड) दिलवाई जाएगी. सीएम एन बीरेन सिंह ने रविवार को एक्स पर ट्वीट करके मामले की जानकारी दी.

### एएआई ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा पत्र

**रांची** : बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के 20 किमी दायरे में बनी 55 ऊंची इमारतें विमानों के लिए खतरा बनी हुई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस संबंध में रविवार को मुख्यमंत्री, नगर विकास विभाग, दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त और रांची नगर निगम को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि इन ऊंची इमारतों की वजह से विमानों के उड़ने या उतरते समय कभी भी हादसा हो सकता है। इसलिए इन्हें तत्काल तुड़वाएं। पत्र के साथ सभी 55 इमारतों की सूची भी सौंपी गई है।

**पेंशन शंखनाद रैली :** रामलीला मैदान में जुटे कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों के लाखों कर्मचारी

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर भरी हुंकार

*** कर्मचारियों ने कहा : वोट की चोट के आधार पर पुरानी पेंशन कराएंगे बहाल**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पुरानी पेंशन बहाली के लिए देशभर से आए लाखों कर्मियों ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में हुंकार भरी। केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने पेंशन शंखनाद महारैली में कहा,अगर सरकार अपनी जिद नहीं छोड़ती है तो वोट की चोट के आधार पर पुरानी पेंशन बहाल कराएंगे। सरकारी कर्मियों, पेंशनरों और उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या दस करोड़ के पार चली जाती है। चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए यह संख्या निर्णायक साबित होगी। इस रैली में केंद्र एवं राज्यों के कर्मचारी संगठनों ने भाग लिया। हालांकि रैली का आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के बैनर तले हुआ है। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि पुरानी पेंशन, कर्मियों का अधिकार है। वे इसे लेकर ही रहेंगे। दिल्ली का रामलीला मैदान, सरकारी कर्मियों से खचाखच भरा हुआ था।

### परिभाषित एवं गारंटी वाली ओपीएस बहाली

एनएमओपीएस की महाराष्ट्र इकाई के सोशल मीडिया इंचार्ज, विनायक चौथे ने कहा, दिल्ली के रामलीला मैदान में देश के कौने कौने से सरकारी कर्मचारी पहुंचे हैं। ओपीएस की मांग को लेकर अभी तक की यह सबसे बड़ी रैली है। यह विशाल रैली, केवल पुरानी पेंशन बहाली के लिए है। केंद्र सरकार ने जो कमेटी गठित की है, उसमें ओपीएस का तो कहीं पर जिक्र ही नहीं है। वह तो एनपीएस में सुधार के लिए है, जबकि कर्मचारी पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें ओपीएस से कम कुछ भी मंजूर नहीं है।




### एनपीएस में रिटायर्ड कर्मियों को मिली इतनी पेंशन

कर्मचारी संगठनों ने कहा एनपीएस में कर्मियों जो पेंशन मिल रही है,उतनी तो बुढ़ापा पेंशन ही है। एनपीएस स्कीम में शामिल कर्मी, 18 साल बाद रिटायर हो रहे हैं, उन्हें क्या मिला है। एक कर्मी को एनपीएस में 2417 रुपये मासिक पेंशन मिली है, दूसरे को 2506 रुपये और तीसरे कर्मी को 49 सौ रुपये प्रतिमाह की पेंशन मिली है। अगर यही कर्मचारी पुरानी पेंशन व्यवस्था के दायरे में होते तो उन्हें प्रतिमाह क्रमशः 15250 रुपये, 17150 रुपये और 28450 रुपये मिलते। एनपीएस में कर्मियों द्वारा हर माह अपने वेतन का दस प्रतिशत शेयर डालने के बाद भी उन्हें रिटायरमेंट पर मामूली सी पेंशन मिलती है। इस शेयर को 14 या 24 प्रतिशत तक बढ़ाने का कोई फायदा नहीं होगा।

### तीन दिन पहले ही दिल्ली पहुंचने लगे थे कर्मचारी

इस रैली की तैयारियां, करीब एक वर्ष से जा रही थी। कई राज्यों के कर्मचारी दो-तीन दिन पहले ही दिल्ली पहुंच गए थे। रेल, बस और दूसरे वाहनों में बैठकर कर्मचारी दिल्ली पहुंचे हैं। अनेक कर्मियों को रेल की तत्काल टिकट लेनी पड़ी। रविवार सुबह 11 बजे रामलीला मैदान पूरी तरह भर चुका था। रामलीला मैदान के चारों तरफ की सड़कों पर कर्मियों के जत्थे चल रहे थे। कर्मियों के द्वारा पेंशन का नारा लगाया जा रहा था। इससे पहले केंद्रीय कर्मचारी संगठनों ने 10 अगस्त को रामलीला मैदान में एक विशाल रैली आयोजित की थी। अब नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) द्वारा पेंशन शंखनाद महारैली आयोजित की गई। विजय कुमार बंधु ने रैली की सफलता के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा किया था।

छाया : नसीम



# राजधानी में मूसलाधार बारिश से अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन

**लालपुर इलाके में पानी की तेज धारा में बह गया एक युवक**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है. शनिवार रात से शुरू हुई बारिश रविवार को भी जारी रहा.भारी वर्षा से लोग परेशान होकर अपने घरों में ही दुबके नजर आए। लेकिन कुछ लोग काम से बाहर निकले भी तो उन्हें बारिश से जलजमाव के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा. इस बारिश से कई इलाकों का हाल बेहाल है.राजधानी के विभिन्न चौक चौराहों पर तालाब सा बन गया है. मेन रोड, बारियातू, रातू रोड सहित विभिन्न इलाके की सड़कें लगभग डूब गयी हैं. इस बारिश में रांची में जलजमाव से लोग परेशान हैं.इस दौरान लालपुर इलाके में पानी की तेज धारा में एक युवक बह गया.लोगों का आरोप है कि रांची नगर निगम द्वारा बेहतर ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाता तो निश्चित रूप से लोगों को राहत मिलती और बारिश में ऐसी परेशानियों से जूझना नहीं पड़ता. राजधानी में लगातार बारिश हो रही है, मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने कहा है कि राज्य में छह अक्टूबर तक जमकर बारिश होगी। कुछ जिलों के लिए येलो और कुछ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश के आसार हैं। यहां गर्जन और वज्रपात की संभावना है।रांची, रामगढ़, साहिबगंज, धनबाद, बोकारो, सराइकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम में पिछले 24 घंटे से बारिश हो रही है। गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम जिले में तेज बारिश का पूर्वानुमान है। इन जगहों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। गढ़वा और पलामू में गर्जन के साथ वर्षा संभावित है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। चतरा, हजारीबाग और लातेहार जिले में भी गर्जन के साथ वर्षा की संभावना है।देवघर और कोडरमा में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।विभाग का कहना है कि अगले दो दिन में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

# पर्यटकों के लिए तीन माह बाद खोला गया बेतला नेशनल पार्क



**इधर पार्क खुल जाने से बेतला नेशनल पार्क के आसपास के रौनक बढ़ गई है। साथ ही पर्यटन को आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। मुख्य सड़कों पर आकर्षण का केंद्र सुविधाएं हेतु झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा किलोमीटर का बोर्ड भी लगाया गया है।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेतला :** बरसात में तीन महीना तक बंद रहने के बाद पलामू टाईगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क को रविवार को पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जेना ने विधिवत पुजा अर्चना कर,नारियल फोड़कर व फीता काटकर ओपनिंग कर शुभारंभ किया। इस दौरान फोरेस्टर देवेन्द्र कुमार देव,संतोष कुमार सिंह,शशांक शेखर पांडे समेत वन विभाग के कड़ई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। वही मौके पर श्री जेना ने कहा कि पार्क प्रबंधक पर्यटकों के सुविधाओं के लिए हर संभव तत्पर है। पार्क के अंदर जंगलों में तीन माह में जानवरों की काफी वृद्धि हुई है। जंगली जीव जंतु को पर्यटक किसी तरह का खाने पीने की सामग्री और क्षति नहीं पहुंचायेंगे। बेतला नेशनल पार्क आने वाला दिनों में देश-विदेश में विख्यात यह नेशनल पार्क के रूप में जाना जायेगा। इधर पार्क खुल जाने से बेतला नेशनल पार्क के आसपास के रौनक बढ़ गई है। साथ ही पर्यटन को आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। मुख्य सड़कों पर आकर्षण का केंद्र सुविधाएं हेतु झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा किलोमीटर का बोर्ड भी लगाया गया है। वही पार्क खुल जाने से स्थानीय व्यवसाय वर्ग से जुड़े लोग स्थानीय वाहन मालिक में खुशी की लहर है।इधर बेतला के मुकेश कुमार, असलम अंसारी, समीउल्लाह अंसारी समेत काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# 72 साल में पहली बार भारत ने पुरुषों के 3000 मीटर स्टीपलचेज में जीता स्वर्ण




एजेंसी

**बीजिंग :** भारत के स्टार एथलीट अविनाश साबले ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने हांगझोऊ एशियाई खेलों के 3000 मीटर स्टीपलचेज में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया है। यह इस स्पर्धा में पहला स्वर्ण है। 1951 से एशियाई खेल शुरू हुए थे और तब से ही 3000 मीटर स्टीपलचेज (पुरुष) की स्पर्धा शुरू हुई थी, लेकिन भारत के किसी एथलीट ने इसमें स्वर्ण नहीं जीता था।

अविनाश साबले ने इस इंतजार को खत्म कर दिया। यह हांगझोऊ एशियाई खेलों में एथलेटिक्स यानी ट्रैक एंड फील्ड में भारत का चौथा पदक है। इससे पहले किरण बालियान ने महिलाओं के शॉटपुट में कांस्य, पुरुषों के 10 हजार मीटर रेस में कार्तिक कुमार ने रजत और गुलवीर सिंह ने कांस्य जीता था। अविनाश ने 8:19:50 का समय लेकर स्वर्ण अपने नाम किया। हालांकि, जो कारनामा उन्होंने आखिरी 100 मीटर में किया, वह शायद ही पहले इन खेलों के इतिहास में देखने को मिला था।






## स्कूली छात्र छात्राओं के बीच बैग और शिक्षण सामग्री का किया गया वितरण

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के महान मनीषी ब्रम्हलीन संत पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी के पावन सानिध्य में पाल्हे जतपुरा यज्ञ स्थल पर श्री त्रिदण्डी देव प्रतिवादि भयंकराचार्य रामानुजाचार्य फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से स्कूली छात्र छात्राओं के बीच बैग और शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया.ट्रस्ट की निदेशक कविता मिश्र ने स्तरोन्नत उच्च विद्यालय जतपुरा के प्राथमिक वर्ग के छात्र छात्राओं को बैग व शिक्षण सामग्री प्रदान किया.बैग और शिक्षण सामग्री मिलने के बाद नन्हें स्कूली बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे.मौके पर एनएचएआई के जीएम संजय मिश्र, कोशलेश दूबे, तारकेश्वर पांडेय, बीरेन्द्र चौबे, कैप्टन सुनील कुमार चौबे, उमेश शुक्ल, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय जतपुरा के प्रधानाध्यापक रमोद कुमार, अखिलेश शुक्ल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुखिया ने मुसहर परिवार के लोगों से मिलकर उनका जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिये लिया किया प्रेरित

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने शनिवार को सलसलादी ग्राम में रह रहे मुसहर परिवार के लोगों से मिलकर उनका जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिये लिये प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाणपत्र बनने के बाद ही आधारकार्ड बनेगा. उन्होंने कहा कि आधार कार्ड रहने पर ही आप सबों को सरकारी सुबिधा का लाभ मिलेगा. उन्होंने मुसहर परिवार के 20 लोगो का जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिये फार्म भरवाया. उन्होंने कहा कि 10 लोगो के पास राशनकार्ड बना है और वे लोग राशन ले रहे है. मौके पर रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुर्वेदी, स्वयं सेवक सत्येन्द्र कुमार,रामजी मुसहर, श्यामजीत मुसहर,मनी मुसहर,सुनीता मुस हरिन, कलावती मुश् हरिन, माया, मुस हरिन,उपेन्द्र मुसहर सहित अन्य उपस्थित थे।

## सदर थाना के एएसआई अभिमन्यु कुमार सिंह के किराए के मकान में निकला कोबरा अजगर सांप

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के सुदना में रविवार की दोपहर सदर थाना के एएसआई अभिमन्यु कुमार सिंह के किराए के मकान में एक कोबरा अजगर सांप निकला।इस संबंध में अभिमन्यु कुमार सिंह ने बताया कि वह कुछ दिन पहले ही केदार नाथ धाम बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए गए हुवे थे। रविवार की दोपहर उन्हें किसी को केदारनाथ धाम का प्रसाद देना था।प्रसाद लेने जब वह अपने किराए के मकान में पहुंचे तो। अपने घर का दरवाजा खोलना चाहा तभी अचानक दरवाजे में लिपटे सांप को देखकर और आश्चर्य हो गए। इसके बाद उन्होंने घर में सांप निकलने की सूचना वन विभाग को दी। सांप निकलने की सूचना मिलते ही वन विभाग के कर्मी मनीष कुमार और रोहित कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर कोबरा अजगर सांप का रेस्क्यू किया, और उसे बोरे में बंद कर जंगली क्षेत्र में छोड़ दिया। इस संबंध में वन विभाग के कर्मी मनीष कुमार ने बताया कि यह सांप बहुत ही खतरनाक था। यदि यह किसी व्यक्ति को काट ले तो उस व्यक्ति को बचना मुश्किल है । उन्होंने कहा कि अभी बरसात का समय है सभी जगह बड़े-बड़े झाड़ी हो गए हैं इसके वजह से सांप का निकलना आम बात है। उन्होंने लोगो को अपने घर के आसपास साफ सफाई रखने की सलाह दिया है।

## बिशुनपुरा सीओ की दरियादिली : गरीब-असहाय महिला को किया आर्थिक मदद, बेहतर अधिकारी होने का निभाया फर्ज

**बिशुनपुरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिशुनपुरा पंचायत के करचा टोला निवासी बुधनी देवी को अंचलाधिकारी सह खाद आपूर्ति पदाधिकारी निधि रजवार ने अपने निजी खर्चे से एक बोरा चावल, 10 किलो आटा, 1 किलो तेल, 2 किलो नमक, 2 किलो टमाटर, 5 किलो आलू आदि देकर की आर्थिक मदद।आपको बताते चले की बुधनी देवी अत्यंत असहाय एवं गरीब महिला है जो बीमारी से भी जुझ रही है जो एक जून के भोजन के लिए लाचार एवं बेवस है, जब इसकी जानकारी समाजसेवी बलराम पासवान ने अंचलाधिकारी निधि रजवार को दिया तो इन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने निजी खर्चे से महिला को मदद किया। महिला की मदद कर अधिकारी ने बेहतर अफसर होने की मिसाल पेश की । इनके इस प्रयास की हर तरफ सराहन हो रही है। प्रखंड में कोई भी गरीब भूखे पेट न सोये इसके लिए अंचलाधिकारी हमेशा मदद के लिए तत्पर हैं। इन्होंने असहाय महिला को मदद कर अच्छे नागरिक के साथ बेहतर अधिकारी होने का फर्ज निभाया।अंचलाधिकारी ने बताया कि गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करना सबसे पुनीत कार्य है। देश को आगे बढ़ाने के लिए समाज के हर तबके के लोगों की जरूरत पड़ती है, ऐसे कार्य से सामाजिक समरसत्ता बढ़ती है।मौके पर पूर्व मुखिया प्रत्याशी सह समाजसेवी बलराम पासवान, पूर्व वार्ड सदस्य बिगा पासवान आदि उपस्थित थे।

## संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर विधायक आलोक चौरसिया ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**चैनपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड में 06/10/2023 को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के कार्यकर्म को लेकर भारतीय जनता पार्टी के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने चैनपुर प्रखंड के पंचायत भवन में करसो,बोड़ी,मतोली के ग्रामीण के साथ बैठक किए।बैठक में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर संकल्प यात्रा को सफल बनाने की अपील की गई।मौके पर विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि 6 अक्टूबर को संकल्प यात्रा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी लोगों को संबोधित करेंगे।वही बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं कि तैयारी में जोर शोर से जुटे हुए हैं ।मौके पर भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता सहित गांव के दर्जनों ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत चलाया गया सफाई अभियान

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के तत्वावधान में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा के तहत महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में ब्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी, तृतीय व चतुर्थ बर्गीय कर्मचारी व लीगल एड डिफेन्स काउंसिल से जुड़े अधिवक्तागण 10 बजे से स्वच्छता अभियान में शामिल होकर अपने अपने कार्यालय वेश्म व सिविल कोर्ट परिसर का साफ सफाई किया। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा, जिला व अतिरिक्त प्रथम सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार, द्वितीय विनोद कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार, अमरेश कुमार, सी जे एम निरूपम कुमार, ए सी जे एम आनंद सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, एस डी जे एम अमित गुप्ता, शिखा अग्रवाल,सन्दीप निशित बारा, निशिकांत, परमानंद उपाध्याय,सतीश कुमार मुंडा, चंदन गोस्वामी, अमित बंसल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द्र सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट उत्तम कुमार, वीर विक्रम बक्स रॉय,पुष्कर राज, नीतू सिंह, सहादत हुसैन,स्टेनोग्राफर रामबाबू पांडेय,सतीश कुमार, संजीव कुमार सिंह ,अनिल कुमार सिंह, अनिल कुमार मिश्रा,रेखा सिन्हा, गायत्री पाठक, अरुण कुमार, आशुतोष सिंह, संजय कुमार, राजीव रंजन पांडेय,सुमन मिश्रा,शैलेश कुमार,अमरेंद्र कुमार, प धर्मेंद्र कुमार,सुनील तिवारी,अभिरंजन कुमार,अभिषेक

# आजादी के 75 साल बाद भी गांव में नहीं पहुंची सड़क



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** जहां एक ओर पूरा देश आजादी की 75वीं वर्ष गांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, वहीं जिले के विश्रामपुर वह नावा बाजार के सीमा पर अवस्थित चेचरिया गांव जो आज भी मूलभूत सुविधाओं से अछूता है। इस गांव में आज तक मुख्य सड़क नहीं बन पाई है। जिसके चलते ग्रामीणों को कीचड़ से सनी रास्ते से गुजरना पड़ता हैं। यहां के लोगों ने संकल्प लें रखा है कि अब लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा वे मतदान करने नहीं जाएंगे। चुनाव के समय सभी पार्टी के प्रत्याशी पहुंचकर अपने पक्ष में मतदान करने की लंबी-लंबी बात कर जाते हैं लेकिन चुनाव जीते हुए गांव की सुधि लेना भूल जाते हैं। गांव की सड़क एनएच 75 ब्रहमोरिया मोड़ से चेचरिया, भंडार व झरहा गांव से होते हुए जंगल के बीच से गुजरते हुए नावाबाजार, विश्रामपुर व पांडू प्रखंड को जोड़ती है। सड़क बन जाने से पांडू सहित विश्रामपुर व नावाबाजार प्रखंड के कई की दूरियां भी काम हो जाती। लेकिन इसकी प्रति कोई गंभीर नहीं नतीजतन गांव के लोग कीचड़ से सनी पथ से होकर गुजरते हुए अपने को कोसते हैं। यहां के लोग बरसात के चार महीने कीचड़ से सने रास्ते से गुजरते हैं।

### तीन गांव के लोगों का होता है सड़क से आवागमन

एनएच 75 ब्रहमोरिया मोड़ से चेचरिया, भंडार व झरहा गांव की ओर जाने वाली इस सड़क के दोनों किनारे 1000 से अधिक लोग निवास करते हैं। सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। नावा बाजार प्रखंड के जिला परिषद रीना देवी, पंचायत समिति सदस्य हरिशंकर दुबे, राजबली महरा, आदि ने चंदा इकट्ठा कर सड़क पर मिट्टी में रंग डाल चलने लायक बनाए थे। जो बरसात की पानी में एक बार फिर कीचड़ में सन गई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिसमें लोगों को पैदल तक चलना भी मुश्किल हो गया है। सरकार की पीएमजीएसवाय व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क जैसी योजना के बाद भी आजादी के 75 साल बीत जाने पर यहां पक्की सड़क नहीं बन सकी है।चेचरिया गांव निवासी रामाकांत तिवारी ने कहा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, लेकिन गांव की सुध लेने वाला कोई नहीं है। आज भी लोग अपने को 75 वर्ष पूर्व वाली गांव की स्वरूप की कल्पना कर जीवन गुजार रहे हैं। यह क्षेत्र कभी नक्सलियों का गढ़ हुआ करता था। आवागमन नहीं होने के कारण नक्सली इस सेफ जोन मानते थे। हर रोज प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांव में सड़क का शिलान्यास, उद्घाटन राजनेताओं व जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जा रहा है। लेकिन विश्रामपुर व नावाबाजार प्रखंड के सीमा पर अवस्थित इस सड़क क सुध लेने वाला कोई नहीं है। गांव की महिला सुनीता देवी, संगीता देवी, कुसमी देवी, बिनी देवी , आशा देवी, राज बली महरा, मनोज दुबे, छोटन बैठा, बिहारी राम, बैजू राम, अक्लूराम, कुलदीप राम, सीटू तिवारी, झूमण राम, प्रभु राम, कामेश्वर राम, शंभू राम, दिलीप तिवारी, संजय तिवारी ,मौजी राम, अजीत राम, वीरेंद्र राम, मनोज राम, शंकर राम आदि ने कहा कि बरसात के दिनों में कीचड़ से सराबोर सड़क को पार कर बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाया जाता है। वहीं गांव के विद्यार्थी भी कीचड़ भरे सड़कों में चलकर पढ़ने स्कूल जाते हैं। पंचायत समिति सदस्य के पास कोई मद नहीं होता जिससे गांव की कीचड़ युक्त सड़क को ठीक कराया जा सके। 4 माह पूर्व कुछ लोगों के द्वारा चंदा रूपी पैसे संग्रह कर सड़क पर बने गड्ढे को भरवारा गया था। एक बार फिर जरूर समझ गड्ढे को भरवाने की दिशा में पहल की जाएगी। हरिशंकर दुबे, पंचायत समिति सदस्य बसना, नावाबाजार।

## युवा व ग्रामीणों ने गांव में चलाया सफाई अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर(पलामू):** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया।आज जिसे लेकर के स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष शंभू राम के द्वारा रामगढ़ बाजार प्रांगण एवं थाना प्रांगण में सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने बताया कि सफाई एक बहुत ही महत्व कार्यक्रम है जिसे लेकर के अपने घर एवं अगल-बगल के क्षेत्र को सफाई रखने में अनेकों प्रकार के बीमारियों से बचा जा सकता है एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि हर एक समय अपने अगल-बगल एवं गली नाली को साफ एवं सुंदर रखें जिससे जीवन जीने में आसानी हो सके एवं अनेकों प्रकार से बीमारियां से निजात पा सके उन्होंने बताया कि सफाई ही एक हमारा जीने का बहुत बड़ा उद्देश्य है उन्होंने यह भी कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री के द्वारा चलाया गया अभियान के तहत पूरे हर राज्य जिला एवं प्रखंड स्तर पर सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे



हमको अपने आप से देखते हुए इस कार्यक्रम को अपने हाथों से करें तथा दूसरों को सहयोग करें मौके पर रामगढ़ पंचायत के मुखिया उमाशंकर प्रसाद रामगढ़ थाना के एएसआई भूपेंद्र कुमार सिंह पंचायत समिति पती विनोद राम सकेंद्र भुइयां जलसहिया सिंधु देवी महेंद्र पासवान, गुरुजी, मुखिया प्रत्याशी संजय जयसवाल शिवकुमार प्रसाद केसरी इम्तियाज अंसारी नीतिश गुप्ता काजू ठाकुर शमशेर अंसारी अमरेश जायसवाल मनीष कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय परिसर में वीडीओ व सीओ ने की स्वच्छता अभियान की शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भवनाथपुर :** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विभिन्न सरकारी संस्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत वीडीओ जयपाल महतो, अंचलाधिकारी रमाशंकर श्रीवास्तव, 20 सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा ने की। इस अवसर पर वीडीओ ने कहा स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत सरकार ने देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए की है। हम अपना घर साफ रखते हैं तो क्या यह हमारी जिम्मेदारी नहीं बनती की हम अपने देश को भी साफ रखें ।उन्होंने कहा की कूड़े को इधर-उधर न फेंककर कूड़ेदान में ही फेके। कहा की स्वच्छता स्वतंत्रता से अधिक जरूरी है। उन्होंने आम लोगों से अपील की की सार्वजनिक स्थानों पर लोग कचरा इधर-उधर ना फेके। स्वच्छता अभियान भवनाथपुर थाना में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय की देखरेख में किया गया । साथ ही अरसली दक्षिणी पंचायत में दुर्गा मंदिर के प्रांगण व सड़क पर झाड़ू लगाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष व पूर्व मुखिया सोनाकिशोर यादव के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम संपन्न किया गया। जबकि पंचायत भवन भवनाथपुर में स्वच्छता अभियान में मुखिया बेबी देवी, बीडीसी चंदन ठाकुर ,टाउनशिप स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में सीआईएसएफ के जवानों ने सहायक समादेष्टा मधुसूदन माहेश्वरी की देखरेख में किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा में प्रधानाध्यापक उर्मिला देवी सहायक शिक्षक उदय गुप्ता के साथ अन्य महिलाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया।

## हरिहरगंज में चलाया गया स्वच्छता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया । इस दौरान 44 झारखंड बटालियन एनसीसी तथा नगर आयुक्त सह प्रशासक के संयुक्त तत्वावधान की ओर से स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाकर छात्र एवं शिक्षकों ने श्रमदान किया । मौके पर प्राचार्य डॉ0 अजय कुमार राय एनसीसी पदाधिकारी डां ओरेन्द्र कुमार यादव ,कपिल कुमार कुमार कुलश्रेष्ठ, विवेक कुमार आदि उपस्थित थे । वहीं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में सीएचसी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों ने श्रमदान किया । स्वच्छता अभियान में राजेश रंजन मिश्रा, दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, शंभू यादव, कृष्णा साव, बबलू कुमार, अनुज सिंह सहित कई लोग शामिल थे ।

## मेदिनीनगर सीआरपीएफ की ओर से चलाया स्वच्छता अभियान, लोगों को किया जागरूक

### बैरिया चौक, बाजार समिति सहित कई जगहों पर किया साफ-सफाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू स्वच्छता पखवाड़ा के तहत पलामू रेंज केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। जो अभियान के तहत बैरिया चौक, बाजार समिति परिसर, एसबीआई नरसंडा सहित सड़कों की साफ सफाई सीआरपीएफ जवानों के द्वारा की गई।मौके पर सहायक कमांडेंट संजय कुमार ने कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल स्वच्छता व स्वस्थ जीवन शैली के प्रति आम जनमानस को प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मेदिनीनगर बहुत ही सुंदर स्थल है व इसको स्वच्छ रखकर ही सुंदर बनाया रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों में जागृति पैदा हो। हम अपने आसपास व पर्यावरण को स्वच्छ रखें। जिससे हमारे



स्वास्थ्य और जीवन में बिमारियों से बचने के लिए सहायता मिलेगा।नगरवासियों व जनमानस से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें। प्रत्येक दिन इसके लिए 1 घंटे का समय निकले जो आपके लिए वरदान साबित होगा। साथ हीं आपकी गतिविधि से और लोग भी प्रभावित होकर कार्य करना शुरू करेंगे। सहायक कमांडेंट वर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान पखवाड़ा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। अभियान लोगों को प्रेरित करने का एक प्रयास है। बताया कि समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने को लेकर सीआरपीएफ के द्वारा लगातार क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाने का काम किया जा रहा है। स्वच्छ वातावरण से ही सुंदर व स्वच्छ समाज की कल्पना की जा सकती है। मौके पर सीआरपीएफ के अधिकारियों व जवानों के द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिन्होंने बाजार समिति प्रांगण बैरिया चौक नरसंडा बैंक परिसर सहित आसपास के सड़कों आदि की साफ सफाई की। साथ ही आसपास के लोगों को अभियान के प्रति जागरूक करने का काम किया।

## पुलिस इंस्पेक्टर ने बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाने को किया सुपुर्द

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिशुनपुरा :** शनिवार रात्रि में गस्त पर निकले पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने चितरी गांव के समीप बंशीधर नगर- बिशुनपुरा मार्ग पर बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ कर बिशुनपुरा थाना को सौंप दिया।वही इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने बताया कि दर घाट से अवैध बालू लदा नीला रंग का पावर ट्रैक्टर( इंजन पर अंकित नंबर छ्व॥14॥ 2798 ) बंशीधर नगर की ओर जा रहा था, जिसे पकड़ कर अग्रेतर करवाई के लिए विशुनपुरा अंचलाधिकारी को सूचित किया गया है।विदित हो कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी के द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव पूर्णतः बंद कर दिया गया है लेकिन इसके बावजूद भी बालू माफिया बेखौफ होकर बालू का उत्खनन कर रहे हैं। बालू माफियाओं के द्वारा अवैध बालू उठाव कर दूसरे प्रखंड रमना व बंशीधर नगर में



बड़े पैमाने पर सप्लाई किया जा रहा है। बालू माफिया अक्सर रात के अंधेरे का लाभ उठाकर बड़ी मात्रा में बालू का उत्खनन करते हैं और ऊंची दामों पर बेचकर मालामाल हो रहे हैं।खबर लिखे जाने तक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया है।वही संबंध में अंचलाधिकारी निधि रजवार से दूरभाष पर संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर श्री विष्णु मंदिर के प्रांगण में जीवन ज्योति क्लब की बैठक हुई संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिशुनपुरा(गढ़वा):** बिशुनपुरा प्रखण्ड मुख्यालय के बिशुनपुरा विष्णु मंदिर पोखरा चौक स्थित जीवन ज्योति क्लब दुर्गा पूजा कमिटी की बैठक हुई संपन्न। जहां बैठक में सर्वसहमति से नए सदस्यों का का चयन भी किया गया गया। जैसे अध्यक्ष पद केलिए ललन प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष अरुण वर्मा, सचिव सचितानंद प्रसाद गुप्ता, उपसचिव महेंद्र चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष छोटू कुमार चंद्रवंशी, उपकोषाध्यक्ष राजू ठाकुर, सूचना हेतू संघर्ष कुमार ठाकुर, क्लब के मीडिया प्रभारी हेतू ज्वाला मेहता, विकाश चंद्रवंशी,



संरक्षक नागेंद्र ठाकुर, रंजीत ठाकुर को चुना गया। जहां बैठक में पूजा से संबंधित कई मुख्य बिन्दु पर चर्चा की गई। जहां विष्णु मंदिर पोखरा चौक परिसर में दिनांक 5 अक्टूबर 2023 से रामायण का सीरियल चलाया जाएगा। वहीं बैठक में भव्य तरीके से दुर्गा पूजा पंडाल को बनाने की बात कही गई। जिसमें लाइटिंग और फूल की सजावट सहित भक्तों को बैठने केलिए टेंट की भी व्यवस्था की जाएगी।

# डीलर संघ ने लगाया आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिशुनपुरा :** बिशुनपुरा राजकीय मध्य विद्यालय बिशुनपुरा के प्रांगण में बिशुनपुरा प्रखन्ड के जन वितरण प्रणाली विक्रेता की एक आपातकालीन बैठक की गई। बैठक में बिशुनपुरा प्रखन्ड के जन वितरण प्रणाली विक्रेता के सन्घ के अध्यक्ष नवलकिशोर गुप्ता के उपर ग्रामीण जनता मे हो रहे चर्चा ,जिसमे सन्घ के अध्यक्ष नवलकिशोर गुप्ता दवारा अभद्र भाषा का प्रयोग, गाली गलौज जैसी बात जन वितरण प्रणाली विक्रेता सन्घ में आ रही थी। जिसे अध्यक्ष के द्वारा असंसदिय भाषा का प्रयोग के कारण सन्घ के द्वारा



अध्यक्ष पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसहमति से प्रस्ताव पारित कर जन वितरण प्रणाली विक्रेता सन्घ के अध्यक्ष नवल किशोर गुप्ता को अध्यक्ष पद से अपदस्त किया गया। वही पर बैठक में उपस्थित जन वितरण प्रणाली विक्रेताओ दवारा यह भी निर्णय लिया गया कि अगले अध्यक्ष पद के चुनाव तक अध्यक्ष पद की देख रेख तथा कार्यभार सन्घ के सचिव शिववचन प्रसाद यादव को सौपा गया। इस बैठक में सन्घ के सचिव शिववचन प्रसाद यादव, आफताब आलम, निर्मला देवी, असमिन बीबी, शम्भु चद्रबन्शि, मनोज कुमार, दिनेश प्रसाद, शिवनारायण राम, आशा देवी, सहित जन वितरण प्रणाली विक्रेता के सदस्य उपस्थित थे।

## बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय पिपरा में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी वार्डेन मौसमी रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में छात्राओं के शैक्षणिक गतिविधियों उनकी उपस्थिति तथा अभिभावकों का असमय छुट्टी के लिए विद्यालय आने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान छात्राओं के सामाजिक और भावनात्मक शिक्षण के बारे में जानकारी दी गई और गतिविधियों के द्वारा अभिभावकों की अपेक्षा को जानने का प्रयास करते हुए अनुशासन पर भी बल दिया गया। बैठक में शिक्षिका प्रमिला कुमारी, राधा रानी, सविता कुमारी, अर्चना कुमारी, सोनी कुमारी, संगीता कुमारी अभिभावक संजय यादव, ललिता देवी, कौशल्या देवी, रजली देवी, शीला देवी, रीता कुंवर के अलावे बाल संसद की अबिता कुमारी, चंचला कुमारी, सोनम कुमारी, शोभा कुमारी, प्रीति कुमारी, अंजली कुमारी आदि उपस्थित थे ।

## तीन महीने बाद खुला बेतला नेशनल पार्क, बंगाल के पर्यटकों की पहली पसंद है यह राष्ट्रीय उद्यान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू करीब तीन महीने बाद बेतला नेशनल पार्क एक अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है. आपको बता दें कि यह पार्क पलामू टाइगर रिजर्व का हिस्सा है. रविवार की सुबह पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने इस पार्क की ओपनिंग की. जिससे बेतला नेशनल पार्क में पर्यटन की गतिविधि शुरू हो गई। प्रतिवर्ष 35 से 40 हजार तक की संख्या में पहुंचते हैं पर्यटक- दरअसल पहली जुलाई से 30 सितंबर तक वन्य जीवों के प्रजनन के लिए पार्क को बंद कर दिया जाता है. इस दौरान पार्क के इलाके में कोई भी पर्यटन की गतिविधि नही होती है. वाइल्ड लाइफ बोर्ड के गाइडलाइन के अनुसार बेतला नेशनल पार्क को तीन महीने तक बंद रखा गया है. आपको बता दें कि इस पार्क में प्रतिवर्ष 35 से 40 हजार की संख्या तक पर्यटक पहुंचते हैं जो पलामू जोन के बाहर के इलाके के होते हैं. बेतला नेशनल पार्क में



पहुंचने वाले पर्यटकों में 70 प्रतिशत तक के करीब बंगाल के होते हैं. इस दौरान उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि पार्क को पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है और उन्हें कई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है. साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई बिंदुओं पर काम भी किया गया है। कई तरह के जानवरों से मशहूर है बेतला नेशनल पार्क- आपको बता दें कि बेतला नेशनल पार्क बाघ, हाथी, चीता, हिरण, बायसन के लिए देश भर में चर्चित है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संक्षिप्त खबरें

## जावेद हबीब सैलून कदमा भी जुड़ा स्वच्छता अभियान से

**रांची।** पूरे भारत मे चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े से जावेद हबीब सैलून कदमा भी जुड़ा। अपनी पहली वर्षगांठ के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शामिल सभी लोगों को अपने आस-पास स्वच्छ रखने,पॉलीथिन का उपयोग नही करने, पर्यावरण को बड़ावा देने, एंव स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। सैलून की निदेशक रीना दत्ता ने कहा के जिस अभियान से पूरा देश जुड़ा हो हम उससे अलग कैसे रह सकते हैं। उन्होंने पॉलीथिन का उपयोग अपने प्रतिष्ठान में न करने का प्रण लेते हुए कहा के हम अपने सामाजिक कर्तव्य का निर्वाहन देश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए करेंगे।कार्यक्रम में निदेशक रीना दत्ता, डॉ शाफिया परवीन, सौरभ दत्ता, सोमेन दत्ता,शहजाद कुरैशी, रौशन, चंदन, सलमान, आतिफ हबीब, सूरज, शना खान, एवं सैलून के कर्मचारी शामिल थें।

## लायंस क्लब का मेगा ब्लड डोनेशन कैंप

**रांची :** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने सदर अस्पताल के सहयोग से वर्ल्ड लायंस सर्विस वीक के तहत रविवार को प्रथम चरण में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। ब्लड डोनेशन कैंप हरि ओम टावर में किया गया, जिसमें 20 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नरेश विजया केडिया, सुनील केडिया, नीरज कांत साहा, विष्णु गोयल अमरजीत गिरधर, रामकृष्ण, कृष्ण गोपाल, अंजना गटानी, राम बालक वर्मा सहित सदर अस्पताल कि टीम पूरी टीम उपस्थित थे। यह जानकारी लायंस क्लब ऑफ ईस्ट के पीआरओ आशुतोष द्विवेदी ने दी।

# रिसालदार बाबा का 5 दिवसीय उर्स 5 अक्टूबर से,नई कमेटी के लिए है बड़ी चुनौती

परवेज़ कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची।** कुतुबुल अक्ताब झारखंड हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह का 216वां साल का पांच दिवसीय सलाना उर्स 5 से 9 अक्टूबर तक चलेगा । इस दौरान 8 और 9 दो दिनों तक कव्वाली का महा मुकाबला रविवार और सोमवार को रात्रि 9ः00 बजे से होगा। इस बार मुंबई के मशहूर कव्वाल हाजी छोटे माजीद शोला और अजीम नाजा के बीच कड़ा मुकाबला होगा।

**नई कमेटी के लिए है चुनौतियां:** नवनिर्वाचित कमेटियों के लिए चुनौतीपूर्ण रहेगा यह पांच दिवसीय सलाना उर्स। सबसे बड़ी जिम्मेदारी अध्यक्षा आयुब गद्दी के कांधे पर होगी। किस तरह से वे पूरी कमेटी के सहयोग एवं स्थानीय लोगों और जिला प्रशासन की मदद से सफल करायेंगे।

**सरकार से करें मांग:** राज्यपाल और मुख्यमंत्री इस उर्स में हमेशा की तरह आते हैं तो उनसे कुतुबुल अक्ताब झारखंड हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह का उर्स को राजकीय उर्स की घोषणा कराने की मांग करें, क्यूंकि अविभाजित बिहार का सबसें बड़ा उर्स झारखंड की सरजमीं रांची के डोरंडा में ही होता है। पूर्व में मैंने तत्कालीन पर्यटन मंत्री अमर बाउरी से इस पर मांग कर चुका था, उन्होंने कहा था दरगाह कमेटी पहल करें सरकार सहयोग करेगी।

**ये रहती है चुनौतियां:** उर्स में महिलाएं, पुरुषों और बच्चों की भीड़ बहुत रहती है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से भी चुनौतियां रहती है। फ्लाईओवर निर्माण के कारण वाहनों का आवागमन,और चादर लेकर आने वालों के लिए थोड़ा कठिनाई रहेगी। मेले में यदि बारिश हुई तो अस्त व्यस्त हो सकती है व्यवस्था। इसके अलावा शौचालय, पेयजल , पार्किंग की व्यवस्था जरुरी है। चादर पोशी के दौरान पुरषों और महिलाओं के विशेष व्यवस्था की जरूरत ताकि धक्का मुक्की से बचा जा सके। अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस के लिए वैकल्पिक मार्ग रहे। यातायात बाधित होने न दें, पुलिस प्रशासन और सादे लिबास में महिला व पुरुष पुलिस की जरूरत है।

**कब क्या होगा:** 5 अक्टूबर को परचम कुशाई सुबह 8ः00 बजे , लंगर खानी बाद नमाज जोहर से शाही संदल चादर पोशी सदर आयुब गद्दी के मकान ग्वाला टोली से निकलेगी , जो दरगाह शरीफ में जाएगी। वही पहली चादर राज्यपाल की तरफ से बाद नमाज असर चादर पोशी होगी।दोपहर 2ः00 बजे से कौसर जानी,रांची और शहनशाह ब्रदर्स की कव्वाली भी सुनने को मिलेगी।नमाज मगरिब मजार शरीफ परिसर में इस्लामिक प्रश्नोत्तरी,नात, किरत,तकरीर का इनामी मुकाबला का आयोजन होगा। 6 अक्टूबर को रिसलदार बाबा कॉन्फ्रेंस जलसा होगा।लंगर खानी बाद नमाज जोहर से कौशल जानी, कलाम नाजा वारसी, बड़े नवाब वारसी , आरिफ नवाज, जबीउल्लाह, जानी , आजाद अली, एंव शाहंशाह ब्रदर्स का कव्वाली मुकाबला होगा।

**इस प्रकार है कार्यक्रम:** 7 अक्टूबर को मजार शरीफ परिसर में खानकाही क़्वाली प्रोग्राम बाद नमाज इशा होगा। कौसर जानी, कलाम नाजा वारसी,बड़े नवाब वारसी,आरिफ नवाज,जबीउल्लाह जानी, आजाद अली वारसी, एवं शहंशाह ब्रदर्स मुकाबला होगा।8 अक्टूबर को शाही संदल व चादर पोशी रविवार को 4:00 बजे होगा। महासचिव जावेद अनवर के मकान बाजार मोहल्ला से सीरत मैदान से निकलेगी। 2:00 बजे हाजी छोटे मजीद शोला और आजीम नाजा के बीच मुकाबला रात 9:00 बजे स्टेज में भी कार्यक्रम होगा। 9 अक्टूबर को कुल फातेहा ख्वानी , तिलावत ए पंचसुरह होगी और हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह के रुहे पाक को इसाले सवाब किया जाएगा । वहीं रात्रि 9:00 बजे क़्वाली का महा मुकाबला होगा।

**इस बार नई कमेटी को जिम्मेदारी:** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी के अध्यक्ष आयुब गद्दी , महासचिव जावेद अनवर, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन, उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, सचिव जुल्फिकार अली भुट्टो, उप सचिव मोहम्मद सादिक , कार्यकारिणी सदस्यों में अनीस गद्दी , आफताब आलम, सरफराज गद्दी , सहजाद बबलू, साजिद उमर, नज्जू अंसारी, आसिफ नईम, एजाज गद्दी ,फिरोज आलम, शाहीन अहमद, मोहम्मद वसीम , सरफराज कुरेशी, नसीम गद्दी पूर्व पार्षद वार्ड 45 सहित कई गणमान्य लोगों के सहयोग से इस उर्स को सफल बनाया जाएगा।

## उपायुक्त ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किया श्रमदान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 15 सितंबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत 01 अक्टूबर 2023 को सुबह 10ः00 बजे एक साथ 01 घंटे स्वच्छता के लिए उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा सहित अन्य विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सामूहिक रूप से श्रम दान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाहरणालय परिसर को 5 जोन में बांटा गया था। विभागीय पदाधिकारियों द्वारा संबंधित जोन में सफाई कार्य किया गया। मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज जिले के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी विभिन्न स्थानों पर श्रमदान कर रहे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना है। उन्होंने आमजनों से भी स्वच्छता के प्रति श्रमदान करने की अपील की ताकि राजधानी रांची के वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सके। श्रमदान हेतु देश भर में ÷स्वच्छता ही सेवा अभियान÷ की शुरुआत की गई है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष 02 अक्टूबर को स्वच्छता- एक जन आंदोलन का रूप देने हेतु स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को उनकी जयंती के दिन श्रद्धांजलि है। स्वच्छ भारत दिवस 2023 की प्रस्तावना के रूप में वार्षिक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान स्वच्छ भारत मिशन शहरी एवं ग्रामीण द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 15 सितंबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक आयोजित कराया जा रहा है।

## किशोर साहू चुने गए अध्यक्ष




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची से सिमडेगा जाने वाली रूट पर जितनी भी गाड़ियां चलती है उसका अध्यक्ष किशोर साहू को चुना गया।

उन्हें ये जिम्मेदारी दी गई है कि जो भी नॉनस्टॉप बस लोकल सवारी उतराव चढ़ाव करते हैं, उसे रोका जाए। साथ ही साथ जो भी नए परमिट का आवेदन डालते हैं, उनको 10 मिनट और 5 मिनट के नॉर्म्स का पालन करना पड़ेगा।

## 9 लाख स्कूली छात्र-छात्राओं को साइकिल खरीदने हेतु डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी जाएगी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** राज्य के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र - छात्राओं को जल्द राज्य सरकार की ओर से साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। इन लाभुक छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण योजना से आच्छादित करने हेतु मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के लिए आवंटित राशि जो वर्तमान में पी0एल0 खाता में संधारित है जिसमें लगभग 9 लाख लाभार्थियों को डी0बी0टी0 के माध्यम से राशि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा द्वारा सभी जिलों के उपायुक्तों से डी0बी0टी0 की प्रक्रिया के लिए अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु विहित प्रपत्र में सभी जिलों से विद्यालयवार छात्र-छात्राओं के संबंध में दिनांक 15 अक्टूबर 2023 तक वांछित सूचना की मांग की गई है। उक्त निर्धारित तिथि तक प्राप्त वांछित सूचना के आधार पर छात्र-छात्राओं के खाते में डी0बी0टी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण कर दिया जाएगा। साथ ही संकल्प संख्या - 2096, दिनांक- 22.09.2023 की कंडिका-3 में निहित निदेश के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए खुली निविदा के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लगभग 6 लाख लाभार्थी छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। निविदा की कार्रवाई प्रारम्भ की जा रही है।

## संत जेवियर्स कॉलेज ने चलाया स्वच्छता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** स्वच्छता ही सेवा है एक अक्टूबर को संत जेवियर्स कॉलेज रांची एनसीसी ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। मोरहाबादी के करमटोली तालाब में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में कुल 65 कैडेट मौजूद थे। जिन्होंने 60 किलोग्राम कूड़ा एकत्र किया। इस कार्यक्रम में 3 झारखंड बटालियन के सूबेदार आजाद खालिद भी उपस्थित थे। सभी ठोस अपशिष्टों को एकत्रित कर रांची नगर निगम द्वारा ले जाया गया। सैंट ज़ेवियर कॉलेज की एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफल रहा।

**राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस:** रक्त दान महा दान 01 अक्टूबर, 2023 आई क्यूएसी एस.एक्स.सी. और 1/3 कंपनी संत जेवियर्स कॉलेज रांची एनसीसी ने राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के तहत रक्तदान कैम्प का आयोजन किया गया। हरिओम टॉवर लालपुर राँची में सदर अस्पताल की टीम के साथ यह कैम्प लगाया गया। इस अभियान में कुल 25 कैडेट मौजूद थे , जिन्होंने रक्तदान किया। सभी उपस्थित कैडेटस ने समाज के और लोगो को रक्तदान के विषय में बताया तथा आगे भी रक्तदान करते रहने का संकल्प लिया। सेंट ज़ेवियर कॉलेज की एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफल रहा।

## झारखंड और छत्तीसगढ़ में चल रही है भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता : सेठ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** सांसद संजय सेठ छत्तीसगढ़ में चुनावी दौरे पर हैं। छत्तीसगढ़ में सूरजपुर जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र का उन्हें प्रभार दिया गया है। उन्होंने दो विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क चलाया। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। लाभार्थी सम्मेलन में भाग लिया। प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में उम्मीदवार शकुंतला पोर्ते के साथ सांसद ने लाभार्थी सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की। इसके अलावा सांसद ने भटगांव विधानसभा क्षेत्र में लक्ष्मी राजवाड़े के पक्ष में कई कार्यक्रम किए। इन कार्यक्रमों में सांसद ने मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई। राज्य की कांग्रेस की सरकार के भ्रष्टाचार से भी आम जनता को अवगत कराया। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के बीच संवाद में सांसद सेठ ने युवाओं को बताया कि कैसे हम समाज के बीच सक्रिय रहें। समाज के लोगों के हर सुख दुःख में सहभागी बने। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का यह स्पष्ट संदेश है कि राजनीति सिर्फ राजनीति के लिए नहीं हो, राजनीतिक समाज की सेवा के लिए हो। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इस कार्य को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। अपने संपर्क अभियान के दौरान सांसद ने उन क्षेत्रों के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भी उनके घर जाकर मुलाकात की। उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन लिया।

## स्कूल भवन का निर्माण जरुरी : मनोहर यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** चंदवा गवर्नमेंट मिडिल स्कूल निंद्रा का भवन काफी जर्जर हो चुका है। बारिश के बाद पानी टपकता है। इसमें 300 विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। कभी भी भीषण हादसा हो सकता है। स्कूल प्रबंधन डरा हुआ है।

इतना ही नहीं स्कूल में मध्याह्न भोजन का चावल खराब होने लगा है। कोई ध्यान नहीं दे रहा है। चंदवा पूर्वी क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य, प्रतिमा देवी ने उपायुक्त से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। उक्त जानकारी मनोहर यादव ने दी उन्होंने बताया कि प्रतिमा देवी ने कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जन समस्याओं की भरमार है। इनका निराकरण आवश्यक है। एक जनप्रतिनिधि होने के बावजूद इन समस्याओं का समाधान नहीं कर पाने का उन्हें मलाल है।

गवर्नमेंट मिडिल स्कूल निंद्रा में तो कभी भी हादसा हो सकता है। शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थी भी डरे हुए हैं। अगर तेज बारिश हुई, तो भवन का गिरना तय है, क्योंकि यह काफी जर्जर हो चुका है।

प्रतिमा देवी ने बताया कि गवर्नमेंट मिडिल स्कूल के जर्जर भवन के अलावा ग्रामीण परेशान भवन होते हुए मेरंगकोचा तक सड़क निर्माण की मांग लोग कर रहे हैं। प्रतिमा देवी ने कहा कि इन मांगों की पूर्ति के लिए उन्होंने जिला प्रशासन से पत्राचार किया है।

उपायुक्त को इन समस्याओं से अवगत भी कराया है, लेकिन अब तक समस्याओं के समाधान के प्रति किसी प्रकार की सार्थक पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाए।

यदि पहल नहीं की गई तो तक सड़क बनाने की जरूरत है। ग्रामीणों के साथ सड़क पर उतरकर चारदीवारी का निर्माण जरूरी है। हुटाप विद्यालय में भी भवन हैं। बरवाटोली चौक से पंचायत चारदीवारी निर्माण की जरूरत है। बेतर गांव में खेल स्टेडियम की मांग कई वर्षों से की जा रही है।

## बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया गया स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारत सरकार की मुहिम स्वच्छता ही सेवा के तहत बैंक ऑफ इंडिया राँची अंचल और राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड द्वारा संयुक्त रूप से 1 अक्तूबर, सुबह 10 बजे, 1 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करते हुए लाइन टैंक तालाब, राँची स्थित दक्षिणी घाट की साफ़-सफाई की गई और केमिकल पाउडर का भी छिड़काव किया गया। इस अवसर पर सी गोपाल कृष्ण, उप महाप्रबंधक, राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक ऐसा अभियान है जिसमें हर एक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। भले ही सार्वजनिक स्थल की साफ-सफाई करना निगम का कार्य है परंतु गंदगी न फैलाने की जिम्मेदारी हमारी है और ऐसा करके हम स्वच्छ भारत अभियान में अपना सक्रिय योगदान करते हैं। संजीव कुमार सिंह, आंचलिक प्रबंधक, राँची अंचल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी जयंती के उपलक्ष्य पर प्रत्येक वर्ष साफ-सफाई को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे हम सभी में काफी जागरूकता आई है। साफ-सफाई को लेकर हमारे जीवन-आचरण और व्यवहार में साकारात्मक बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि देश हमारा है और हमें ही इसे स्वच्छ बनाना है।

राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड से उप महाप्रबंधक सी गोपाल कृष्ण, अनुज कुमार अग्रवाल, अजित कुमार पोद्दार, राँची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास, मुख्य प्रबंधक राजेश कुमार, ओम प्रकाश, अनुराग वर्मा, राजेंद्र गुप्ता, शशि भूषण, शाहिद अख्तर, नजमुल होदा, राजेश यादव, संजय कर्मकार, आशीष कुमार और अन्य स्टाफ सदस्यों ने श्रमदान किया।

## इंदरजीतको जनहित सर्वोच्च सम्मान 2023 से नवाजा गया

**रांची।** जनहित प्रोडक्शन के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में समाज सेवा के क्षेत्र में इंदरजीत सिंह, को जनहित सर्वोच्च सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान की गहरी गरिमा में छुपी उनकी संघर्षशीलता, समर्पण और सेवा भावना ने उन्हें यहाँ तक पहुँचाया है। उनका यह सम्मान न सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का परिचय देता है, बल्कि समाज के प्रति उनके अथक संकल्प और सेवाभाव की महत्वपूर्ण श्रेय भी जाता है। उनका संघर्ष न केवल एक व्यक्ति के लिए है, बल्कि यह समाज के हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा स्त्रोत बना है।

## रतन हाइट्स की एक और बाउंड्री धंसी, पानी का लेवल बढ़ने से 12 मंजिला इमारत खतरे में

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** शहर के मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स की एक और बाउंड्री रविवार को गिर गई। इस बारह मंजिला आवासीय इमारत को नए निर्माण स्थल से अलग करने वाली दीवार भारी बारिश के बीच भरभराकर गिर गई। साथ ही निर्माण के लिए खोदे गए विशाल गड्ढे में पानी का लेवल भी काफी ऊपर आ गया है। बाउंड्री वाल गिरने के कारण गड्ढे का पानी रतन हाइट्स की नींव के भीतर प्रवेश करने की आशंका है। इससे इमारत को खतरा बढ़ गया है। इसके कारण बिल्डिंग में रहने वाले लोग काफी दहशत में हैं। उल्लेखनीय है कि रतन हाइट्स मामले में गत दिनों झारखंड हाई कोर्ट ने बिल्डर के खिलाफ फैसला देकर अवैध निर्माण तत्काल रोकने का आदेश दिया था। गड्ढे को भरने और बिल्डिंग की सुरक्षा के लिए जरूरी इंतजाम करने का भी आदेश दिया गया था लेकिन बिल्डर ने अब तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है।पिछली बार एक बाउंड्री वाल के साथ एक कार भी गड्ढे में समा गई थी। उस समय से बिल्डिंग में प्रवेश करने वाला मुख्य रास्ता अब तक बंद है। उस रास्ते की सड़क भी धंसने लगी है और काफी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। फिलहाल, बिल्डिंग के लोग एक अस्थायी कच्चे रास्ते से बिल्डिंग में जाने को विवश हैं।रतन हाइट्स के निवासियों ने रांची जिला उपायुक्त और नगर निगम आयुक्त से गुहार लगाई है। उनकी मांग है कि अवैध गड्ढे को पूरी तरह से भरकर समतल किया जाए। साथ ही इमारत की मजबूत बाउंड्री बनाकर नींव को कमजोर होने से बचाया जाए। बिल्डिंग में प्रवेश करने वाले रास्ते का पुनर्निर्माण कराया जाए। रतन हाइट्स में कुल 48 फ्लैट्स हैं।

## एनटीपीसी कोयला खनन समूह ने सबसे अच्छा समग्र परिचालन प्रदर्शन दर्ज किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एनटीपीसी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपनी चार परिचालन कैप्टिव कोयला खदानों यानी झारखंड में पकरी बरवाडीह और चट-बरियातु कोयला खदान, ओडिशा में दुलंगा कोयला खदान और छत्तीसगढ़ में तलाईपल्ली कोयला खदान से कोयला उत्पादन में शानदार अर्धवार्षिक प्रदर्शन किया है।

अब तक एनटीपीसी ने स्थापना के बाद से लगभग 85+ मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयले का उत्पादन किया है।अप्रैल 2023 में केरेन्डारी खदान से आगे खदान संचालन भी शुरू हो गया है और चालू वित्त वर्ष में कोयला उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।एनटीपीसी का कैप्टिव कोयला खनन उसके बिजली उत्पादन व्यवसाय को ईंधन सुरक्षा प्रदान करने के लिए पिछड़े एकीकरण पहल में रणनीतिक रूप से फिट बैठता है।

वित्त वर्ष 22-23 में, एनटीपीसी ने अपनी चार कैप्टिव कोयला खदानों यानी पकरी बरवाडीह, दुलंगा, तलाईपल्ली और चट्टी-बरियातु से 23.20 एमएमटी कोयले का उत्पादन किया था। सितंबर, 2023 तक इस वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन 16.05 एमएमटी था, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में प्राप्त 8.76 एमएमटी कोयला उत्पादन से 83त्न अधिक है।

इस प्रकार एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 23-24 में क्यू1,क्यू 2 और एच 1 में अब तक का सबसे अधिक उत्पादन हासिल किया। सावधानीपूर्वक योजना, संसाधन जुटाने और नियमित निगरानी के साथ, एनटीपीसी मानसून अवधि के दौरान भी पर्याप्त वृद्धि हासिल कर सकता है और वित्त वर्ष 23-24 के लिए विद्युत मंत्रालय द्वारा निर्धारित महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने के उद्देश्य से इस बढ़ती प्रवृत्ति को बनाए रखने की उम्मीद है।

एनटीपीसी ने एक समर्पित व्यवसाय बनाकर केंद्रित खनन क्षमता विकसित करने के लिए अपनी 100त्न पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) को शामिल किया है, और हाल ही में एनटीपीसी लिमिटेड और एनएमएल के बीच 17 अगस्त 2023 को बिजनेस ट्रांसफर एग्रीमेंट (बीटीए) निष्पादित किया गया था। . इसके अलावा, 27 सितंबर, 2023 को कोयला मंत्रालय (एमओसी), एनटीपीसी और एनएमएल द्वारा डीड ऑफ एडहेरेंस (डीओए) पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे बादाम, तलाईपल्ली, चट्टी बरियातु और चट्टी बरियातु (दक्षिण), केरंडारी और के हस्तांतरण का मार्ग प्रशस्त हो गया। दुलंगा कोयला खदानें।

डीओए पर हस्ताक्षर के साथ, एनएमएल कोयला खदान विकास समझौते की शर्तों और खदानों के विकास का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कोयला उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए, एनएमएल ने वाणिज्यिक कोयला नीलामी की 7वीं ट्रेंच में उत्तर-धाडू (पूर्वी भाग) की पहली वाणिज्यिक कोयला खदान जीती है। उत्तर-धाडु (पूर्वी भाग) के लिए 29 सितंबर 23 को एनटीपीसी और एमओसी के बीच कोयला खदान विकास और उत्पादन समझौते (सीएमडीपीए) पर हस्ताक्षर किए गए थी।

## 8 अक्टूबर को अशोकनगर में इमा कराटे केंद्र का होगा उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी इमा के तत्वाधान में अशोक नगर रोड नंबर 5 में इमा अशोक नगर कराटे शाखा का उद्घाटन किया जा रहा है। 8 अक्टूबर को इस शाखा का विधिवत उद्घाटन सुबह 11:00 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उपमहापौर अजय नाथ शहदेव के द्वारा किया जायेगा द्य इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच सिहान सुनील किस्पोट्टा ने बतलाया कि अशोकनगर से संत जोसेफ क्लब की दूरी 5 किलोमीटर से भी ज्यादा है जिसमें लोगो को जाने और आने में काफी असुविधा हो रही है । इसे देखते हुए अशोकनगर में नई शाखा का उद्घाटन किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ी आसानी से आकर अपना प्रशिक्षण कर सकेंगे।इस शाखा में सोमवार और बृहस्पतिवार को शाम 4:30 बजे से 6:00 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा द्य उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रशिक्षण केंद्र में हर उम्र के लड़के लड़कियां व महिला एवं पुरुष अपना नामांकन करा सकते हैं ।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## बचरा में हुई सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर मे सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विद्यापति सिंह और संचालन कार्यकारी सचिव राजेंद्र साव ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा में दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में मुख्य रूप से दुर्गापूजा के मौके पर मेला लगाने,सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने,सार्वजनिक जगहों पर लाइटिंग की उत्तम व्यवस्था कराने,वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था कराने जैसे कई अहम मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।जिसमे उपस्थित सदस्यों ने इन सभी प्रस्तावों का समर्थन किया और दुर्गा पूजा को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया।इस बैठक में भीम मेहता, बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार साहू,रविन्द्र सिंह,राजेश सिंह यादव,उमेश सिंह,बसंत गुप्ता,संतोष यादव,बिकास कुमार,संतोष दास,सुभाष साव,राजकुमार सिंह,विक्रांत सिंह,श्रवण कुमार,बलविंदर सिंह,संतोष साव,संजय कुमार ठाकुर, रवि भारद्वाज,अनिल सोनी, मोंटी सिंह,अमरदीप कौशल, दीपक केशरी सहित कई लोग उपस्थित थे।



## पिपरवार के वरिष्ट श्रमिक प्रतिनिधि भीम सिंह यादव आजसु पार्टी में हुए शामिल

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलफील्ड मजदूर यूनियन के नेता एंव वरिष्ट श्रमिक प्रतिनिधि भीम सिंह यादव अपने सैकड़ो समर्थको के साथ आजसू पार्टी मे शामिल हो गया।जानकारी के अनुसार आजसु पार्टी के द्वारा रांची में आयोजित केंद्रीय महाधिवेशन कार्यक्रम में पिपरवार के भीम सिंह यादव अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।कार्यक्रम में मौजूद आजसु पार्टी के सुप्रीमो सह विधायक सुदेश कुमार महतो और केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने पार्टी में शामिल हुए भीम सिंह यादव सहित सभी लोगों को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।इस संबंध में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि श्रमिक प्रतिनिधि भीम सिंह यादव के पार्टी में शामिल होने से कोयलांचल क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिलेगी।वही भीम सिंह यादव ने कहा कि पार्टी के बढ़ रहे जनाधार और उसके सिद्धांत को देखते हुए उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि पार्टी के उद्देश्य और सिद्धांत को अपनाते हुए कोयलांचल क्षेत्र के आम जनता के हितों में काम करना उनके लिए पहली प्राथमिकता है। कोयलांचल क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया जाएगा।इस मौके पर पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह,बचरा उतरी पंचायत अध्यक्ष उगम महतो,बचरा दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष केडी सिंह,सुरेंद्र राम,सत्येंद्र यादव, शंभू गुप्ता,बुधन सिंह, सुकुमार सिंह,रामु गोप,मथुरा प्रसाद मंडल,रामवच्चन यादव सहित कई लोग मौजूद थे।



## सीएचपी सीपीपी परियोजना में समारोह आयोजित कर सेवानिवृत कर्मी को दी गई विदाई

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया के सीएचपी/सीपीपी परियोजना में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में सीएचपी/सीपीपी परियोजना से सेवानिवृत हुए पेलोडर ऑपरेटर अब्दुल अंसारी को विदाई दी गई। समारोह में माला पहनाकर एवं बुके देकर उनका स्वागत किया गया,जबकि उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई।समारोह को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की।परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार ने कहा कि पुराने और अनुभव कर्मियों के सेवनिवृत होने से परियोजना को काफी परेशानी हो रही है।नए कर्मियों को पुराने कर्मियों से सीख लेने की जरूरत है। समारोह मे उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की।इस मौके पर परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, एके विश्वास,सतीश पाण्डेय, श्रीप्रसाद,मिथिलेश कुमार सिंह,बसंत नारायण महतो, सुरेश करमाली,निर्मल उरांव, रजीत मियां,दामोदर महतो, इम्तियाज अंसारी सहित काफी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।



## ट्रस्ट की बैठक में कोयलांचल के बेरोजगार को रोजगार दिलाने पर बनी सहमति

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर स्थित डीएवी स्कूल के प्रांगण मे ह्युमन रिसोर्स डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता विश्राम टाना भगत और संचालन जाहिद अली ने किया।बैठक में ट्रस्ट को मजबूत बनाने और सदस्यता अभियान चलाने सहित ट्रस्ट के संचालन के लिए फंड पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में कोयलांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में व्याप्त समस्याओं पर भी चर्चा की गई,साथ ही समस्याओं के समाधान के लिए ट्रस्ट के द्वारा अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।विभिन्न बिमारियो से ग्रसित गरीब एंव असहाय लोगो के ईलाज मे मदद करने और क्षेत्र में संचालित कंपनियों में बेरोजगारों को रोजगार दिलाने पर ट्रस्ट द्वारा पहल करने का निर्णय लिया गया।



## कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष कैसर खान को हटाने का मामला जोर पकड़ा

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला खूंटी के अध्यक्ष कैसर खान को पद से हटाने का मामला पूरी तरीका से जोर पकड़ता जा रहा है जिसे लेकर रविवार को कर्रा प्रखंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक संपन्न हुयी जिसमें कर्रा, तोरपा सहित मुरहू कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए. इस बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कैसर खान को अध्यक्ष पद के हटाने पर रोष और अपना विरोध जाहिर करते हुए कहा कि जब तक कैसर खान को पुनः अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष पद नहीं दिया जाता है तब तक सभी कांग्रेसी कार्य करता इसका विरोध जारी रखेंगे और पूरा लोकसभा क्षेत्र में इसका खामियाजा कांग्रेस को चुनाव में कहीं ना कहीं देखने को मिलेगा अगर जरूरत पड़ी तो सभी कांग्रेसी कार्य करता सामूहिक रूप से इस्तीफा भी दे देंगे ।

# स्वच्छ भारत निर्माण में सभी का सहयोग जरूरी : सीबी सहाय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया में चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा है के तहत रविवार को रिमझिम बारिश के बीच सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक सीबी सहाय के नेतृत्व मे सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अधिकारी एवं सीआईएसएफ के अधिकारी और जवानों ने सफाई अभियान चलाया।अनेकता में एकता का प्रतीक माने जाने वाले पिपरवार एरिया के चारों धाम बचरा काली मंदिर,बचरा मस्जिद,बचरा गुरुद्वारा और बचरा गिरजाघर के मुख्य मार्ग और उसके आस पास के इलाकों में सफाई अभियान चलाया गया।इस संबंध में महाप्रबंधक सीबी सहाय ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता काफी जरूरी है।वर्तमान में स्वच्छता के अभाव में लोग विभिन्न प्रकार के बीमारी और संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं।बरसात के इस मौसम में अपने क्षेत्र और आसपास के इलाकों को स्वच्छ रखना काफी जरूरी है।

भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं स्वच्छता ही सेवा है के तहत सीसीएल पिपरवार प्रबंधन के द्वारा भी अपने कमांड क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा कई कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से अपने घर और आसपास के इलाकों को साफ रखने और स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की।इस मौके पर सीसीएल प्रबंधन के द्वारा कचरा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए उक्त चारों धाम में डस्टबिन का वितरण किया गया,साथ ही सड़क पर कचरा नहीं फेंकने की अपील की गई। इस मौके पर जीएम सीबी सहाय,एजीएम निरंजन सेनापति,एसओपी आलोक मनीष सोय,एके पाठक, अरूण कुमार महतो,रवि बाड़ा,उज्जवल कुमार के अलावे सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेड मृत्युंजय स्वामी,उपेंद्र सिंह सहित कई अधिकारी और जवान मौजूद थे।

इधर दूसरी और डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में स्वच्छता ही सेवा है के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया,जिसके तहत स्कूल के शिक्षकों ने स्कूल के आसपास के इलाकों में सफाई अभियान चलाया। स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा के नेतृत्व में सभी शिक्षकों ने सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।



# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर कई कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने जल शक्ति मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में भाग लिया, जिसमें छात्रों ने शिक्षकों के साथ बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी निपुणता का परिचय दिया। छात्रों और शिक्षकों ने ढेर सारी गतिविधियों में भाग लिया। साथ में उन्होंने स्कूल एवं विश्वविद्यालय परिसर की सफाई की। छात्र राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आरा गए और नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। छात्रों ने राष्ट्रपिता के महत्वपूर्ण आदर्शों मे से एक 'स्वच्छता' को दर्शाने के लिए पारंपरिक नुक्कड़ नाटक के माध्यम का इस्तेमाल किया। छात्रों ने महात्मा गांधी के आदर्शों और उनके द्वारा प्रतिपादित मूल्यों पर आधारित कई निबंध, कविताएं, लघु कथाएँ और नारे लिखे। उन्होंने स्वच्छ समाज बनाने और स्वच्छ समाज में रहने की इच्छा को दर्शाते हुए 'स्वच्छता ही सेवा' पर पेंटिंग भी बनाई। इन गतिविधियों के माध्यम से, सभी छात्रों को गांधीवादी मूल्यों और विचारों से अवगत किया गया और न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व के जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ0 प्रदीप वर्मा ने इस अभियान में छात्रों और शिक्षकों की भागीदारी की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि लोगों को स्वच्छता को अपनी आदत बनानी चाहिए।



## तुको में दुर्गा पूजा को लेकर कमिटी का गठन

**बेड़ो :** प्रखंड के तुको में दुर्गा पूजा को लेकर पूजा समिति कमिटी का गठन किया गया। वही दुर्गा पूजा इस वर्ष धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। दुर्गा पूजा समिति कमिटी का अध्यक्ष बलराम सिंह,उपाध्यक्ष आदित्य ताम्रकार,बिरन लाल,आकाश कुमार सचिव संदीप लाल,उप सचिव अमित पांडेय,कोषाध्यक्ष रूपेश साहू,राजा लाल, उपकोषाध्यक्ष बालकिशुन मोची , संरक्षक सुशील साहू, सतिश सिंह,श्याम प्रसाद,राजु साहू, अनिल लाल,अरुण सिंह, मुख्य पुजारी राजा लाल का चयन किया गया।

## चार दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जल्टण्डा मे 4दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे झामुमो जिलाध्यक्ष सह 20सूत्री उपाध्यक्ष खूंटी जुबैर अहमद विशिष्ट अतिथि विजय सांगा, विशिष्ट अतिथि सुशील पहान, विशिष्ट अतिथि हेमंत तोपनो ,राहुल केशरी मौजूद रहे आज जल्टन्डा ग्राम मे हॉकी मैच का आयोजन प्रगतिशील क्लब जल्टन्डा की ओर से किया गया था जिसका आज फाइनल मैच हुआ जिसमे जुरदाग और सोनमेर के बीच खेला गया इस टूर्नामेंट मे कुल 20 टीम हिस्सा लिए थे।मैच में झामुमो जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद के द्वारा खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुये कहा की खेले और उसके साथ-साथ बेहतरीन रूप से खेल कर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दिये। और बताये की झारखंड सरकार के द्वारा वर्तमान में सभी खिलाड़ी का बेहतर करने और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर तरह की सुविधा दिया जा रहा है हर जिला में खेल पदाधिकारी का चयन किया गया है ।

## नियमों को ताक पर रख गांधी मैदान को आवंटित कर रहा है निगम : अनूप भाई वर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गांधी मैदान में प्रत्येक लगने वाले डिज्नीलैंड मेला को लेकर नगर निगम एक बार पुनः बिना निविदा का मैदान 1 माह के लिए आवंटित कर दिया। नियम नगर निगम द्वारा यह नियम पिछले 2 सालों से लगातार अपनाया जा रहा है । अनूप भाई वर्मा ने नगर निगम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निगम ने नियमों को ताक पर रख गांधी मैदान को आवंटित कर रहा है। जिसकी बानगी पिछले 15 दिनों से डिज्नीलैंड मेला को लेकर गांधी मैदान मटवारी में लगाया जा रहे हैं स्टॉल और मेला की तैयारी से देखा जा सकता है। जबकि ठेकेदार को नगर निगम की ओर से मैदान एक माह पूर्व ही आवंटित कर दिया गया है। आश्चर्य की बात है कि नगर निगम राजस्व की बात तो करता है लेकिन , ठेकेदार को मेला देने के एवज में 2 साल पुराने दर को ही निगम की ओर से स्वीकृत कर मैदान उपलब्ध कराया गया है । जबकि पूर्व में प्रत्येक वर्ष मेला को लेकर डाक होता था, और उच्चतम बोली लगाने वाले को निगम की ओर से मेला आवंटित किया जाता था। नगर निगम की इस मिली भगत को लेकर हजारीबाग के ही सामाजिक संस्था युवा प्रहरी के सचिव सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला , और हजारीबाग सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा, जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनूप भाई वर्मा ने उच्च न्यायालय में याचिका 5042/2023 दाखिल कर सुनवाई की मांग की है।

## त्यौहार हमारे भाईचारा और संस्कृति को बढ़ावा देता है : विकास कुमार मुंडा

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड क्षेत्र में रविवार को करमोत्सव मनाया गया गया।त्यौहार हमारे भाईचारा और संस्कृति को बढ़ावा देता है. करमा महोत्सव हमारी प्रकृति से जुड़ा सांस्कृतिक धरोहर है . उक्त बातें विधायक विकास कुमार मुंडा ने कही वह बुंडू के मुंडा टोली ताऊ में आदिवासी सेवा संस्था द्वारा अनुमंडल स्तरीय करमा महोत्सव मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे. उन्होंने आगे कहा झारखंड में लोगों का त्यौहार शांति सद्भावना और प्रेम को बढ़ावा देता है इसे सजा कर रखने की जरूरत है. इस मौके पर पंच परगना क्षेत्र के विभिन्न गांव से आई सांस्कृतिक दलों के टीमों ने संगीत से नाच गान ढोल नगाड़े के साथ प्रदर्शन किया. विधायक ने भी ढोल बजाकर कलाकारों के हौसला को बढ़ाया. मौके पर झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य डॉक्टर राधा रमन साहू, राजकुमार मुंडा, शिवजन मुंडा, मुखिया द्रौपदी मुंडा, कालेश्वर मुंडा, निशिकांत गोंज, दिलेश्वर उरांव, प्रदीप मुंडा, अरविंद कुमार, प्रहलाद मुंडा, कालो शशि मुंडा, शिवनाथ मुंडा, आदित्य नाग,अनिल लोहरा, रमेश मुंडा , सैनिका मुंडा, आदि मौजूद थे।



## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बेड़ो में किया गया साफ सफाई

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत विभिन्न सार्वजनिक स्थल बेड़ो के सब्जी मंडी, बाजार टांड़, मेन रोड व एनएच की नाली में रविवार को अंचल अधिकारी सुमंत तिर्की के नेतृत्व में पावर ग्रिड, एनएचआई,जन प्रतिनिधि व सरकारी स्कुल एंव निजी स्कुल के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ़ सफाई की। वहीं सीओ, थाना प्रभारी, पावरग्रीड के जीएम एनएचआई पदाधिकारी व जनप्रतिधियो ने बाजार परिसर में झाड़ू लगाकर सफ़ाई अभियान का शुरूआत किया, साथ ही आम लोगों से सफ़ाई करने की अपील की। इधर डीएवी स्कूल के शिक्षक महादानी मंदिर परिसर में साफ सफाई की। मौसम खराब होने के बावजूज भी लोगो ने अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। वहीं प्रखंड के पंचायतो में भी सफाई अभियान चलाया गया।



## भाजपा के द्वारा दिउड़ी मंदिर और तैमारा में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में रविवार को तमाड़ भाजपा मंडल द्वारा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के नेतृत्व में दिउड़ी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार गत 26 अगस्त से ही भाजपा सेवा पखवाड़ा के निमित्त कई कार्यक्रम भाजपाईयों द्वारा चलाए जा रहे हैं।इधर बुंडू प्रखंड क्षेत्र के तैमारा में स्थित अमर शहीद वीर बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा सहित स्थल की साफ सफाई की गई तत्पश्चात विधिवत माल्यार्पण किया गया।भारत स्वच्छता अभियान के तहत धार्मिक स्थल दिउड़ी मंदिर में साफ सफाई का कार्यक्रम चलाया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा, जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, प्रवासी विस्तारक कार्यकर्ता सह नामकोम सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, सोहराई पाहान, भाजयुमो अध्यक्ष महावीर सोनी, भाजयुमो महामंत्री विवेक गुप्ता, सुरेन्द्र साहु,मदन सिंह मुंडा,हरि सिंह मुंडा, गोविंद सिंह मुंडा सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।



## गाँधी जयंती धूमधाम से मनाया जायेगा

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर दिनांक 2 अक्टूबर, 2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे इलेक्ट्रिक इक्यूपमेंट वर्कर्स यूनियन, टाटीसिलवे, रांची के सम्मानित अध्यक्ष एवं खिजरी विधायक माननीय श्री राजेश कच्छप यूनियन कार्यालय के प्रांगण में झंडोत्तोलन करेगें तथा महात्मा गांधी और शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर जे पी के एन बालिका उच्च विद्यालय की छात्राएं स्वच्छता पर एक नाटिका प्रस्तुत करेंगी। वही दूसरी ओर सामुदायिक विकास किसान, मजदूर, छात्र समन्वय समिति द्वारा ई ई एफ मैदान मे समय 2 बजे गाँधी मेला का आयोजन किया गया है। खादी ग्रामोद्योग टाटीसिल्वे में 10 बजे गाँधी जयंती मनाया जायेगा। इसकी जानकारी प्रेस को यूनियन के महामंत्री अशोक मिश्रा, संस्थापक सदस्य रामेश्वर नाथ मिश्र, मुकेश प्रसाद ने दी।

## करम आखड़ा मूरी का करम मिलन समारोह आज

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करम आखड़ा मुरी की ओर से आज मुरी टुंगरी पार्क मेन गेट के सामने मूरी - गोला पथ पर करम- मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया है, जिसमें बंगाल और झारखंड के नामी गिनामी कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा । कार्यक्रम में कुछ गणमान्य लोगों की पहुंचने की संभावना है।कार्यक्रम सुबह 10:00 से संध्या 6:00 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम स्थल पर भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाने के साथ ही करम महोत्सव का शुभारंभ होगा । वहीं कमेटी के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय सुधीर महतो तुलिन और स्वर्गीय मोतीलाल महतो कांटाडीह के अलावा मुरी टुंगरी के स्वर्गीय दो महिला सदस्यों का भी 1 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की जाएगी ।अपना पुरखैनी नेगाचारी से घाट कमान और श्रद्धा कर्म करने वाले लोगों के परिवार को भी सम्मानित किया जाएगा, उनमें से प्रमुख है स्वर्गीय लंबोदर महतो कांटाडीह, स्वर्गीय अजीत महतो कांटाडीह, स्वर्गीय मोतीलाल महतो कांटाडीह, स्वर्गीय नरेश महतो कांटाडीह, स्वर्गीय गौरा महतो कलवाड़ीह, स्वर्गीय शिवचरण महतो विसरिया, स्वर्गीय डमरू लाल महतो लोटा, स्वर्गीय हरेंद्र नाथ महतो डोड़पा आदि के परिवार को करम अखाड़ा मुरी की ओर से नेगाचारी से घाट कमान और श्राद्ध कर्म करने के उपलक्ष में सम्मानित करेगी। वहीं अपना पुरखैनी नेगाचारी से अपनी बेटी का विवाह करने के उपलक्ष में तारापोदो महतो विसरिया को सम्मानित किया जाना है।करम महोत्सव में सुबह 10:00 बजे से संध्या 6:00 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

## सिल्ली आरओबी पर बने गड्ढे का मरम्मती कार्य शुरु

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली आरओबी पर बने बड़े गड्ढे को मरम्मती काम शुरु कर दिया गया है। ज्ञात हो कि आरओबी पर बने गड्ढे से दो पहिया वाहन सवारों एवं बड़ी वाहनों की दुर्दशाग्रस्त होने की खबर स्थानीय अखबारों में प्रकाशित होने के बाद मरम्मत का काम शुरू किया गया है। सिल्ली से रांगामाटी टीकर होते हुए टाटा जाने वाली इस सड़क पर आरओबी से सड़क को जोड़ने वाली जगह पर एक बड़ा गढ्ढा बन गया था। यह गढ्ढा काफी दिनों से है धीरे धीरे यह और बड़ा होता जा रहा था। दूर से गढ्ढा दिखता नहीं है इसलिए अंजान यात्री गुजरते ही दुर्घटना ग्रस्त हो रहे थे। जब से आरओबी बना है पुल और सड़क के बीच जुड़ाव वाले स्थान पर यह गढ्ढा स्थाई रूप से है इसलिए लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही थी।

## 36 घंटे ध्वस्त रही बिजली आपूर्ति उपभोक्ता परेशान

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दो दिनों से हो रहे बरसात ने बिजली व्यवस्था को ऐसा झटका दिया कि 36 घंटे तक हाहाकार मचा रहा। पहले मेन लाइन व बाद में कई फीडर जल जाने से शहर व आसपास के इलाकों में बिजली गुल हो गई। इससे बरसात की कठिन रात में जहां गांव-घर अंधेरे में डूब गए, वहीं बिजली नही रहने से मोटर नही चलने से घरों पर पानी मिलना मुहाल हो गया। बिजली सिस्टम को सही करके विभाग के दावे औंधे मुंह गिर गए। काम चलाने को लगाए गए जर्जर व पुराने उपकरण दो दिन हो रहे बरसात में एक-एक करके दगा देने लगे। कहीं जंफर कट गया तो कहीं तार टूट गए। यह सिलसिला शुरू हुआ शक्रवार रात से जब बरसात शुरू हुई। इसके बाद शनिवार को और मामला बिगड़ गया। दोपहर में शहर को बिजली पहुंचाने वाली मेन हाईटेंशन लाइन गोंदलीपोकर के समीप ब्रेक हो गई। इसका असर पूरे सिल्ली की बिजली आपूर्ति पर पड़ा।रविवार देर शाम तक भी बिजली आपूर्ति पटरी पर नहीं आ सकी। लोगों में बिजली विभाग के रवैए पर गुस्सा कायम है। इस बारे में विद्युत कनीय अभियंता से जानना चाहा मोबाइल नंबर 9431135670 पर संपर्क नहीं हो सका।वही विद्युत कर्मी करम सिंह महतो ने बताया कि बिजली व्यवस्था पर बरसात का व्यापक असर पड़ा है ।कई जगहों तार जलने इंसुलेटर ब्रेक होने से लोगों को परेशानी हुई। वही गोदलीपोखर के समीप 33 केबी केबल में भी फोल्ड आ गया था। अब काफी हद तक मरम्मत कर ली गई है।देर रात बिजली बहाल कर दी जाएगी।

## झारखंड राज्य वित्त रहित संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने विधायक आवास का घेराव किया

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):**झारखंड राज्य वित्त रहित संयुक्त शिक्षक मोर्चा के आह्वान पर पंच परगना इकाई ने विधायक विकास मुंडा का किया घेराव। प्रस्विकृतअनुदानित इंटर महाविद्यालय एवं उच्च विद्यालयों के प्रतिनिधि मंडल ने किया विधायक से मुलाकात और सोपा मांग पत्र विधायक विकास सिंह मुंडा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में सभी इंटर एवं उच्च विद्यालय विगत 25 से 30 वर्षो से वित्त रहित शिक्षा नीति के तहत बिना वेतन के हजारों आदिवासी मूलवासी छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर रही है इन कर्मियों को वेतन भी नहीं मिलता है कुछ महाविद्यालय को अनुदान मिलता है वह भी समय पर नहीं और वह भी काफी कम है जिस कारण अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है मैं सभी इंटर कॉलेज के अध्यक्ष होने के नाते मुझे पता है कि इन कॉलेज में और हर स्कूल में गरीब छात्राएं अध्यनरत है इन संस्थानों में सरकार के मानक के अनुसार सारी मूलभूत सुविधाएं संरचनाओं भूमि भवन उपकरण आदि संपूर्ण व्यवस्था है उन्होंने कहा कि मैं पत्र के माध्यम से तथा व्यक्तिगत तौर पर माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सभी पर स्वीकृत अनुदानित इंटर कॉलेज एवं हाई स्कूलों को अधिग्रहण करने या घटा अनुदान की बात करूंगा साथी उन्होंने कहा कि अगर केंद्र की नई शिक्षा नीति के तहत अगर इंटर कॉलेज का विलय प्लस टू में किया जाता है तो इंटर कॉलेज के सभी शिक्षक कर्मचारियों का भी समुचित समाहित किया जाएगा प्रतिनिधि मंडल में रंजीत कुमार मोदक, राजीव लोचन महतो, मयंक मिश्रा, श्वेता सिंह ,सजल कुंडू ,प्राचार्य कृष्णा सिंह मुंडा, सविता जयसवाल, डॉ वंदना बनर्जी ,इंदिरा कुमारी ,मिथुन बीट ,सुमन प्रभात टप्पो ,अनीता टूटी, सुरेश महतो, वीरेन लायक, मीनार भाई, मनजीत कुमार जायसवाल, दिनेश कुमार महतोआदि सैकड़ो शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे। विधायक के आश्वासन से सभी शिक्षक शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी खुश होकर विकास मुंडा जिंदाबाद का नारा भी लगाया ।



## कुणाल षाडंगी ने स्वच्छता सेवा अभियान में किया श्रमदान



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महात्मा गांधी की 154वीं जयंती से पहले आज देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान का आयोजन हुआ। रविवार को झारखंड भाजपा के प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने सिदगोड़ा में टाउन हॉल के निकट स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया। इस दौरान सामाजिक संस्था नाम्या स्माईल फाउंडेशन के सदस्यों की उपस्थिति में सफाई अभियान चलाया गया। कुणाल षाडंगी ने हाथों में झाड़ू थाम सड़क पर सफाई अभियान चलाया। इसके उपरांत जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के सफ़ाई मित्रों को अंगवस्त्र भेंटकर उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया और उत्साहवर्धन किया।

## नारायणा का स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट के 18वें संस्करण का प्रथम चरण संपन्न



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली बहुप्रतिक्षित खोज एवं छात्रवृत्ति परीक्षा (एनसेट) के 18 वें संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन आज जमशेदपुर केन्द्र द्वारा किया गया। इस सत्र में आयोजित होने वाली एनसेट परीक्षा का यह प्रथम चरण था, जिसमें 7वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। आगामी 2 चरण 15 अक्टूबर एवं 29 अक्टूबर को आयोजित किए जाएगें। इस परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को 50 करोड़ से ज्यादा मूल्य की छात्रवृत्ति के साथ-साथ 1 करोड़ कैश प्राईज भी जीतने का मौका दिया जा रहा है। नारायणा इन्स्टीट्यूट के नेशनल एकेडिक हेड श्याम भूषण ने बताया कि जो विद्यार्थी किसी कारण प्रथम चरण में आयोजित परीक्षा में भाग नहीं ले पाए हैं, वह छात्र-छात्राएं आगामी चरणों में भाग लेने के लिए हमारी नजदीकी केन्द्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं ।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत डीडीसी सहित अन्य पदाधिकारियों ने समाहरणालय परिसर की सफाई की

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गांधी जयंती के पूर्व रविवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत समाहरणालय परिसर में स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं पार्क सहित अन्य स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गहराई सहित जिले के पदाधिकारियों एवं समाहरणालाय के कर्मियों ने समाहरणालय भवन परिसर की सफाई हेतु श्रमदान किया। इसी क्रम सीधो कान्हू पार्क सरायकेला में अनुमंडल पदाधिकारी रामकृष्ण कुमार , कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सरायकेला राजेंद्र प्रसाद एवं विधायक प्रतिनिधि सानद आचार्य समेत विभिन्न पदाधिकारी एवं नेहरू युवा केंद्र के वॉलटियरस द्वारा स्वैच्छिक श्रमदान कर सफाई अभियान चला गया।

## सहारा गार्डन सिटी में चला सफाई अभियान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री के अपील और नगर निगम के द्वारा निर्गत चिट्ठी के आलोक में आज सहारा गार्डन सिटी में प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक सफाई अभियान चलाया गया। इसमें सुबोध झा के नेतृत्व में सहारा गार्डन सिटी के निवासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अभियान में भाग लेने वालों में अन्य लोगों के साथ अनिल सिंह, अशोक मिश्रा, बीपी सिन्हा, पीके श्रीवास्तव, बीके सिंह,रतन राय ,एसके गांगुली, रमेश यादव, सुब्बा राव, असीम कुमार सिंह, टी के प्रसाद, नीरज कुमार ,पी एन पांडे, टी के प्रसाद,विजय श्रीवास्तव, विभीषण महतो, रिंकू सिंह, बीके घोष, बीडी पांडे, उमाशंकर राम तथा श्री राजेश सिंह उपस्थित रहे।

## अंडरग्राउंड विद्युत लाइन को लेकर एसडीओ ने किया स्थल निरीक्षण, ग्रामीणों ने किया विरोध

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के छोटा गम्हरिया मौजा अंतर्गत मधुसूदन मैदान में रैयती जमीन होकर अंडरग्राउंड विद्युत लाइन ले जाने को लेकर सरायकेला एसडीओ रामकृष्ण कुमार ने गम्हरिया थानेदार सुषमा कुमारी के साथ शनिवार को स्थल निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण कर एसडीओ के लौटने के बाद उक्त स्थल पर स्थानीय कई ग्रामीण इकठ्ठा हुए और रैयती जमीन होकर जुस्को का अंडरग्राउंड विद्युत लाइन ले जाने का विरोध किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस प्रशासन का भय दिखाकर कंपनी अंडरग्राउंड विद्युत लाइन ले जाने का प्रयास कर रही है, पुरजोर विरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रैयत जमीन अधिग्रहण करने के लिए प्रशासन को विधिवत सूचना देनी चाहिए थी। उसकी लंबी प्रक्रिया है। ऐसा नहीं कर कंपनी प्रशासन का भय दिखाकर जबरन अंडरग्राउंड विद्युत लाइन ले जाना चाहती है जो होने नहीं दिया जाएगा। बताया गया है कि इससे पूर्व एसडीओ द्वारा गम्हरिया थाना में रैयातदारों को वार्ता के लिए बुलाया गया था। किंतु, कोई भी रैयतदार वार्ता में नहीं पहुंचे। उसके बाद एसडीओ स्वंय थाना प्रभारी के साथ उक्त स्थल का जायजा लेने पहुंचे।

## प्रशांत पोद्दार की अध्यक्षता में सोनारी भाजपा मंडल की हुई बैठक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनारी स्थित भारत सेवा श्रम संघ सभागार में आज भारतीय जनता पार्टी सोनारी मंडल के शक्ति केंद्र, भवन प्रभारी सशक्तिकरण एवं संकल्प यात्रा को लेकर मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य,मोर्चा अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्षों की बैठक मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में सम्पन हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री सह मंडल के प्रवासी रीता मिश्रा ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की प्रस्तावित संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगा। पूर्व सांसद आभा महतो कहा कि पार्टी के बूथ का कार्यकर्ता ही रीड़ एवं पूंजी है। जिला कोषाध्यक्ष राजीव ने कहा पार्टी को मजबूत करना है तो बूथ को मजबूत करना होगा।

# टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में बड़े पैमाने पर स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान चलाया

## जुबली पार्क, एमजीएम कॉलेज, मानगो बस स्टैंड, स्कूल, कॉलेज आदि क्षेत्रों की हुई सफाई

**कार्यक्रम में 2900 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया**





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल ने 1 अक्टूबर, 2023 को एक महत्वपूर्ण सफाई पहल का नेतृत्व करके सामुदायिक कल्याण और स्वच्छता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया । यह कार्यक्रम भारत सरकार के स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। जिसमे 2900 से अधिक लोगों की प्रेरक भागीदारी देखी गई, जो इस उद्देश्य के प्रति एकता और समर्पण का प्रदर्शन कर रही थी । शहर के 35 स्थानों में यह सफाई अभियान चलाया गया, अभियान थीम कचरा मुक्त भारत पर आधारित था, जिसका उद्देश्य समुदाय में स्वच्छता और स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देना है। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा, कैप्टन धनंजय मिश्रा, वरिष्ठ महाप्रबंधक, टाउन ओ एंड एम और आरई, राकेश कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक, ईपीसी सुविधाएं, और संजीव कुमार झा, ईआईसी, जल और अपशिष्ट जल सहित उल्लेखनीय गणमान्य व्यक्तियों इस अभियान में अपनी एहम भूमिका निभाई । सफाई गतिविधियाँ विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गयी थी जिसमे जुबली पार्क, एमजीएम कॉलेज, मानगो बस स्टैंड, स्कूल, कॉलेज, आवासीय क्षेत्र, छावनी बोर्ड, पर्यटन स्थल, चिड़ियाघर, पार्क, घाट और नालों आदि शामिल है । टाटा स्टील यूआईएसएल पूरे कार्यक्रम के आयोजन में उनके अमूल्य समर्थन और मार्गदर्शन के लिए भारत सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त करता है । साथ ही उन सभी प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों की भी सराहना करती है जिनके समर्पण ने इन सफाई पहलों की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

## जन कल्याण दुर्गापूजा पंडाल निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** जन कल्याण दुर्गापूजा समिति की एक बैठक गम्हरिया स्थित ट्रेनिंग मोड़ में सोनू सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में इस वर्ष भव्य रूप से धूमधाम से पूजनोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। दुर्गापूजा के सफल आयोजन के लिए नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सचिन कुमार उर्फ सोनू सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार यादव व नवीन सिंह, उपाध्यक्ष मणिकांत ठाकुर, त्रियोगी सिंह व रितेश सिंह, सचिव अनिल शर्मा व पप्पू सिंह, उप सचिव अजीत कुमार यादव तथा कोषाध्यक्ष शंकर सिंह यादव, जितेंद्र साह व अजय कुमार आज़ाद को बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी कमेटी में अरविंद सिंह, सुजीत कुमार, गौतम प्रसाद, राजू सिंह, महेश साह, राम भरोस ठाकुर, आदि थे।

## टाटा स्टील के अपर कूलिंग पॉन्ड में 10.8 मेगावॉट फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट शुरु



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के जमशेदपुर प्लांट में आज अपर कूलिंग पॉन्ड पर 10.8 मेगावॉट क्षमता का एक फ्लोटिंग सोलर पावर प्रोजेक्ट चालू किया गया। इसके साथ, एक हवाई अड्डे सहित जमशेदपुर में टाटा स्टील की विभिन्न सुविधाओं में कुल 20.34 मेगावॉट की सौर परियोजनाएं चालू हो गई हैं। इस परियोजना को टाटा पावर द्वारा अपने सभी लोकेशन्स पर रूफ टॉप, फ्लोटिंग और ग्राउंड माउंटेड सौर पैनलों के संयोजन के साथ कुल 41 मेगावॉट की स्थापना के लिए टाटा स्टील के साथ बड़े समझौते के तहत शुरू किया गया है। इससे पहले, सेंट्रल वेयरहाउस, कोल्ड रोलिंग मिल, वायर रॉड मिल और हॉट स्ट्रिप मिल में कुल 7.65 मेगावॉट की रूफ टॉप सौर परियोजनाएं; और सोनारी हवाई अड्डे पर 2 मेगावाट की ग्राउंड-माउंटेड सौर परियोजना पहले ही चालू हो चुकी है।

**हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर की एजीएम में बागवानी जागरूकता व सामुदायिक पहल पर चर्चा**

## गोपाल मैदान में 23 से 26 दिसंबर लगेगा फ्लॉवर शो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 30 सितंबर, 2023 को एसएनटीआई सभागार में बुलाई गई थी। हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर की अध्यक्ष सुमिता नूपुर ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने सोसायटी की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन और सभी भाग लेने वाले सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया । श्रीमती नूपुर ने तीन साल के अंतराल के बाद सोसायटी की उपस्थिति फिर से स्थापित करने के लिए सोसायटी के अथक प्रयासों पर प्रकाश डाला । उन्होंने वार्षिक फ़्लावर शो की सफलता पर ज़ोर देते हुए पूरे वर्ष के सोसायटी की गतिविधियों पर चर्चा की, जिसमें पिछले संस्करणों की तुलना में दर्शकों की संख्या में 20 प्रतीक्षत की वृद्धि देखी गई । इस आयोजन में पिछले वर्ष और वर्तमान वर्ष दोनों के लिए गार्डन ऑफ द ईयर पुरस्कार समारोह और प्रतियोगिताएं भी शामिल थीं । एचएसजे की संयुक्त सचिव डॉ. अनुराधा महापात्रा ने सचिवीय रिपोर्ट प्रस्तुत की, साथ ही उन्होंने 11 नए सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने वर्ष के दौरान आयोजित विभिन्न आयोजनों में उनके पूरे योगदान और समर्थन के लिए टाटा स्टील लिमिटेड, टाटा स्टील यूआईएसएल और प्रायोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया । हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर के कोषाध्यक्ष बिपिन कुमार ने वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की और बैलेंस शीट की मुख्य बिन्दुओ पर प्रकाश डाला। हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन ने तीन साल के अंतराल के बाद सोसाइटी के उल्लेखनीय वापसी के लिए कार्यकारी टीम की प्रशंसा की। उन्होंने सोसायटी द्वारा एक कार्यालय स्थान प्राप्त करने की खबर साझा की और सोसायटी की नवीनीकृत वेबसाइट का उद्घाटन किया। नरेंद्रन ने दो नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की जिसमे डॉ. अनुराधा महापात्रा को महासचिव और अश्विनी श्रीवास्तव को सोसायटी के संयुक्त सचिव के रूप में चुना गया। उन्होंने गोपाल मैदान में 23 दिसंबर से 26 दिसंबर, 2023 तक होने वाले बहुप्रतीक्षित वार्षिक पुष्प शो की तारीखों के बारे में भी बताया ।

**जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित**

## कांग्रेस संगठन को करें मजबूत : आलमगीर आलम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कार्यकर्ता बैठक सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में आयोजित की गई । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री आलमगीर आलम ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग एवं मंत्री बन्ना गुप्ता स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण सह आपदा प्रबंधन विभाग, जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी का जोरदार स्वागत कांग्रेस कार्यालय के परिसर में पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने किया। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने मंत्री आलमगीर आलम एवं मंत्री बना गुप्ता को प्रोटोकॉल के तहत शॉल प्रदान कर स्वागत किया । मंच पर जिला कांग्रेस के पदाधिकारी ने मंत्री को अंगवस्त्र, पगड़ी एवं शॉल प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आलमगीर आलम ने कार्यकर्ताओं को साफ निर्देश दिया कि हर स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करें सभी पदाअधिकारी अपने जिम्मेवारी का निर्वहन करें ।

## नक्सल क्षेत्र जाहिरडीह में पुल, आंगनबाड़ी केंद्र व पेंशन समेत अन्य सुविधा को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र बंदगांव प्रखंड मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर भालूपानी पंचायत के जाहिरडिह गांव में मूलभूत सुविधा को लेकर ग्रामीणों की बैठक गांव के कानू सोय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में ग्रामीणों ने डॉ विजय सिंह गागराई को जानकारी देते हुए कहा कि ज़ाहिरडीह नदी में पुल नहीं बनने से 15 गांव बिरबांकी, कोचांग, सिंगजुड़ी, साके, भलियाडीह, साली, तुसुनगा, तारोबारा, लादुराडीह, गीतिउली ,उलीबेड़ा ,उदय नारायणपुर ,नवादा दुरदुरदा, पराया एवं जाहिरडिह के लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वर्षा के मौसम में नदी में काफी बढ़ आ जाती है।जिससे 15 गांव के लोग को आने-जाने में काफी दिक्कत होती है । उन्होंने कहा यह गांव पहाड़ों एवं जंगल के बीच स्थित है।एवं वर्षा होते ही जंगल का पानी काफी मात्रा में नदी में आ जाती है जिस नदी में बाढ़ भयंकर रूप से आ जाती है जिससे आवागमन पूरी तरह तप हो जाता है।यहां पुलिया बनना काफी आवश्यक है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि गांव में अब तक आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है।जब कि यह आदिवासी बहुल गांव है। इस गांव में मात्र एक आदमी को ही पेंशन मिलता है ।जबकि इस गांव में दर्जनों लोग पेंशन से वर्जित वंचित है। सारी समस्या सुनने के पश्चात डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा कि लोगों की समस्या का समाधान करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।एक सप्ताह के अंदर आप लोग आवेदन दें 25 केवी का बिजली का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दी जाएगी।उन्होंने कहा बीडीओ से बातचीत कर पेंशन की समस्या दूर होगी एवं डीसी से मांग किया जायगा कि नदी में पुल एवं सड़क का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए।उन्होंने कहा आप लोगों की मांग जायज है जिसका समाधान अवश्य होगा।इस क्षेत्र में डीसी से बातचीत कर शिविर लगाने की मांग की जायेगी और इस क्षेत्र की समस्या का समाधान ऑन स्पॉट की जाए

**स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता संदेश के लिए पप्पू सरदार का नया अंदाज**

## सरयू राय व कैप्टन धनंजय मिश्रा को भेंट की महात्मा गांधी की प्रतिमा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं सिने तारिका माधुरी दीक्षित के प्रशंसक पप्पू सरदार रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित स्वच्छ मिशन के तहत हमेशा की तरह अपने खास अंदाज में नजर आए। उन्होंने अपने दुपहिया स्कूटी वाहन को खास तरीके से सुसज्जित किया था। जिसके जरिए उन्होने स्वच्छता का संदेश दिया। सुबह 9 से 11 बजे तक एमजीएम अस्पताल, गांधी घाट एवं जुबली पार्क सहित शहर के अलग-अलग क्षेत्रों का उन्होंने दौरा कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। साथ ही 500 से अधिक स्वच्छता कर्मियों के बीच बिस्कूट का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने जुबली पार्क में विधायक सरयू राय और जुस्को कार्यालय के पास टाटा स्टील यूआईएसएल (पुराना नाम जुस्को) के महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा को महात्मा गांधी की प्रतिमा भेंट की। साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी के संदेशों तक जन जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

# पूजा के दौरान महिला सुरक्षा पर हो विशेष ध्यान, सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति जिला में शांति और सौहार्द्रपूर्ण ढंग से पूजा की पक्षधर है। पूजा कमेटियों के साथ ही श्रद्धालुओं, खासकर महिलाओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इस दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसे लेकर आज समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर एसएसपी से मुलाकात की। अध्यक्ष श्री भुइयां ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कई ऐसी दुर्गा पूजा समितियां हैं, जिनका अनुज्ञप्ति आवेदन लंबित है। उन्होंने ऐसी सभी कमेटियों का थानावार विवरण एकत्र कर उन्हें अनुज्ञप्ति निर्गत करने की जरुरत बताई, ताकि सभी को सरकार के गाइडलाइन के दायरे में लाया जा सके। इसके साथ ही पूजा पंडालों में पुरुष के साथ -साथ महिला आरक्षियों की भी नियुक्ति कर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने, रैश ड्राइविंग पर अंकुश लगाने की मांग की। वहीं वरीय उपाध्यक्ष शंभू चौधरी ने पार्किंग संबंधी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करवाते हुए पूजा पंडाल से 200 मीटर की दूरी पर स्थान की उपलब्धता के अनुसार पार्किंग की व्यवस्था करने की जरूरत बताई। वहीं वरीय उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने जादूगोड़ा, घाटशिला तथा नरवा पहाड़ के विसर्जन घाटों को दुरुस्त करवाने तथा नदियों पर डेंजर जोन को चिन्हित करवाने की बात रखी। इसके अलावा विसर्जन के दिन नदियों पर गोताखोरों की भी व्यवस्था करने की मांग की। एसएसपी ने सारी बातें सुनने के बाद कहा कि दुर्गा पूजा समितियों की थानावार सूची मंगवाई जा रही है। उसकी समीक्षा के बाद कमेटियों की समस्या का निदान किया जाएगा। इसके अलावा पूजा के दौरान विभाग की ओर से पुलिस एवं प्रशासन के वरीय अधिकारियों के फोन नंबर की सूचि भी पूजा पंडालों के आस -पास उपलब्ध करवा दिया जायगा। प्रतिनिधिमंडल में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, वरीय उपाध्यक्ष शंभू चौधरी, आशीष गुप्ता, निमाई मंडल, खगेन चन्द्र महतो (जिप सदस्य) महासचिव ललन सिंह यादव, संयुक्त सचिव एस के शर्मा, कार्यालय सचिव कमल राम यादव, प्रेस प्रवक्ता गौतम ओझा, सहायक सचिव अनूप मिश्रा, सलाहकार त्रिभुवन यादव, सचिव झरना पाल, सहित सदस्य उपस्थित थे। .

# बोराहभूम-बांदोवान मुख्य सड़क की मरम्मत में भारी अनियमितता बरतने का आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बोराहभूम-बांदोवान मुख्य सड़क की मरम्मत का कार्य पिछले कई दिनों से जारी है। इसका कार्य लीडिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है लेकिन इसमें गुणवत्ता की अनदेखी करने व भारी अनियमितता बरतने का आरोप स्थानीय लोगों द्वारा लगाया जा रहा है। स्थानीय लोग सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर व वीडियो अपलोड करते हुए निर्माण कार्य की जांच की मांग कर रहे हैं। काटिन बाजार निवासी इंद्रजीत दत्ता ने कहा कि करीब 2 वर्षो से इस सड़क पर अनगिनत गड्ढे होने की वजह से राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और इसमें दुर्घटनाग्रस्त होने पर कई लोगों की जानें भी चली गई। स्थानीय लोगों के आंदोलन एवं सांसद-विधायक के प्रयास से अगर इस महत्वपूर्ण सड़क की मरम्मत हेतु सरकार से स्वीकृति मिली और काम शुरू हुआ तो उसमें भी इतनी घटिया किस्म का काम हो रहा है कि 6 महीने भी चलना मुश्किल है। इससे साफ है कि सरकारी राशि का दुरुपयोग और बंदरबांट करने के लिए यह योजना लायी गयी है जनता की सुविधा के लिए नहीं। उन्होंने मांग किया है कि एस्टीमेट के अनुसार गुणवत्ता के साथ काम हो ताकि जनता को इसका फायदा मिल सके।

## निर्माण कार्य में अनियमितता मिलने पर होगी कार्रवाई : कार्यपालक अभियंता

इस संबंध में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय से पूछने पर उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य दो दिनों से जारी है लेकिन इसमें अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि वे सोमवार को ही विभागीय सहायक अभियंता बम प्रसाद को भेजकर रिपोर्ट मांगेंगे और कुछ दिनों के अंदर स्वयं भी आसनबनी-पटमदा, बोराहभूम-वांदोवान एवं बेलटांड़-रघुनाथपुर मुख्य सड़क का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी तरह की अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संपादकीय

# कनाडा 'दूसरा पाकिस्तान'

जिस तरह पाकिस्तान आतंकियों की 'पनाहगाह' है, कनाडा भी उसी राह पर है। पंजाब में जो नौजवान मौजूदा व्यवस्था से नाराज हैं और लंबे वक्त से बेरोजगार हैं। कनाडा जाने वाले ऐसे पंजाबियों को वहां प्लंबर, ड्राइवर, सेवादार, मैकेनिक, पाठी और रागी आदि के काम भी दिलवा दिए जाते हैं, लेकिन खालिस्तान के भारत-विरोधी धंधों में भी उन्हें शामिल किया जाता है। कनाडा में ऐसे 30 गुरुद्वारे बताए जाते हैं, जिनका पूरा नियंत्रण खालिस्तानियों के पास है। भारतीय पंजाब से जाने वाले नौजवानों को इन गुरुद्वारों में ही रहने-ठहरने की जगह दी जाती है। धीरे-धीरे खालिस्तान-समर्थकों की एक 'फौज' तैयार हो जाती है, जो कनाडा के ही नागरिक बना दिए जाते हैं। वे खालिस्तानी ही भारतीय दूतावासों और संस्थानों पर धावा बोल कर प्रदर्शन करते हैं, लेकिन कनाडा सरकार कोई कारगर कार्रवाई नहीं करती। दोनों देशों के बीच अब यह विवाद और तनाव कूटनीतिक रंग लेता जा रहा है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा का नाम लिए बिना ही संयुक्त राष्ट्र आम सभा में कहा है कि राजनीतिक सुविधा के लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करना गलत है। सवाल यह है कि क्या कनाडा 'दूसरा पाकिस्तान' बन गया है? खालिस्तानी आतंकवाद और हिंसा को लेकर दोनों देश आपस में साजिशें रच रहे हैं। पाकिस्तान में सरेआम सक्रिय रहे खालिस्तानी अब दहशत के खौफ में भी हैं, क्योंकि भारत ने आतंकी करणवीर सिंह के खिलाफ 'इंटरपोल' का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा दिया है। अमूमन खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ पंजाब में नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी, हिंसा और हत्या, आपराधिक साजिश की धाराओं में कई प्राथमिकियां दर्ज हैं। समाज और देश के इन दुश्मनों को कड़े सबक सिखाए जाने चाहिए। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की जासूस एजेंसी आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों की पनाह के लिए, पाक-ईरान की पश्चिमी सीमा पर, सेना मुख्यालय में ही 'सेफ हाउस' बना रखा है। करीब 15 आतंकियों को 12 'सेफ हाउस' में पनाह दी गई है। आजकल कई खालिस्तानी आतंकियों का 'अंतरराष्ट्रीय बेस' पाकिस्तान में ही है। क्या इस संदर्भ में कनाडा-पाकिस्तान साथ-साथ नहीं हैं? चि_ी पाने वाले पंजाब के नौजवानों को कनाडा के अलावा ब्रिटेन, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और अमरीका में भी 'राजनीतिक शरण' दी जाती रही है। क्या इन देशों ने भारत से कभी पूछा है कि ऐसे चेहरों को 'राजनीतिक शरण' क्यों दी जाए? किन्होंने इनका उत्पीडन किया है या मानवाधिकार छीने हैं? वैसे ये देश खुद को भारत का 'जिगरी दोस्त' और 'रणनीतिक साझेदार' कहते हुए नहीं थकते! ब्हरहाल खालिस्तानियों को लेकर हमारी खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों ने आक्रामक रुख अख्तियार किया है और एजेंसियां लामबंद हुई हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रॉ, आईबी, राज्यों के एटीएस प्रमुखों की बैठक बुलाई है। खालिस्तान समर्थक 19 आतंकियों की सूची भी तैयार की गई है, जिनकी पंजाब में संपत्तियां जब्त की जा रही हैं और उनकी कुर्की भी की जा सकती है। कनाडा को, अंततः, झुकना ही पड़ेगा, क्योंकि वहां के प्रधानमंत्री ट्रूडो अपनी कुर्सी बचाए रखने को झूठ बोल रहे हैं। आश्चर्य है कि एक प्रधानमंत्री ऐसे आतंकवादी की पैरवी कैसे कर सकता है, जिसके खिलाफ कई केस पंजाब में दर्ज हैं और जो 1996 में फर्जी पासपोर्ट लेकर कनाडा में घुसा था। हैरानी यह भी है कि ऐसे व्यक्ति को कनाडा का नागरिक कैसे बना दिया गया? क्या कनाडा खुद एक फर्जी देश है? किसी भी बड़े देश ने कनाडा के प्रधानमंत्री के भारत पर आरोप का समर्थन नहीं किया है और न ही ठोस साक्ष्य कनाडा ने भारत को सौंपा है। बल्कि हमारी एजेंसियों को अब साफ तौर पर कनाडा को आगाह कर देना चाहिए कि भारत-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए किसी भी खालिस्तानी को अब माफ नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे तुरंत ढेर कर दिया जाएगा। कनाडा खालिस्तानियों पर फिदा होकर भी देख ले। अमरीका, रूस, ब्रिटेन आदि देशों को चाहिए कि वे कनाडा का बहिष्कार करें। वैसे अमरीका और पश्चिमी देशों ने कनाडा से दूरी बना ली है। भारत को कूटनीति से काम लेना होगा।

भारतीय पंजाब से जाने वाले नौजवानों को इन गुरुद्वारों में ही रहने-ठहरने की जगह दी जाती है। धीरे-धीरे खालिस्तान-समर्थकों की एक 'फौज' तैयार हो जाती है, जो कनाडा के ही नागरिक बना दिए जाते हैं। वे खालिस्तानी ही भारतीय दूतावासों और संस्थानों पर धावा बोल कर प्रदर्शन करते हैं, लेकिन कनाडा सरकार कोई कारगर कार्रवाई नहीं करती। दोनों देशों के बीच अब यह विवाद और तनाव कूटनीतिक रंग लेता जा रहा है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा का नाम लिए बिना ही संयुक्त राष्ट्र आम सभा में कहा है कि राजनीतिक सुविधा के लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करना गलत है। सवाल यह है कि क्या कनाडा 'दूसरा पाकिस्तान' बन गया है? खालिस्तानी आतंकवाद और हिंसा को लेकर दोनों देश आपस में साजिशें रच रहे हैं। पाकिस्तान में सरेआम सक्रिय रहे खालिस्तानी अब दहशत के खौफ में भी हैं, क्योंकि भारत ने आतंकी करणवीर सिंह के खिलाफ 'इंटरपोल' का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा दिया है। अमूमन खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ पंजाब में नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी, हिंसा और हत्या, आपराधिक साजिश की धाराओं में कई प्राथमिकियां दर्ज हैं। समाज और देश के इन दुश्मनों को कड़े सबक सिखाए जाने चाहिए। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की जासूस एजेंसी आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों की पनाह के लिए, पाक-ईरान की पश्चिमी सीमा पर, सेना मुख्यालय में ही 'सेफ हाउस' बना रखा है।

## कुछ अलग

# सांप और सीढ़ी का खेल

लोकतंत्र के चार स्तम्भों की जानकारी हमें थी। पहला स्तम्भ प्रेस है, इसमें से गोदी मीडिया कौनसा है और तीखा सच बयान करने वाला कौनसा, इसकी पहचान आजकल कठिन होती जा रही है। गोदी मीडिया क्या वह होता है जिसे सरकार ने या धनपतियों ने गोद ले रखा हो। क्रांति या यथार्थ मीडिया वह, जिसकी जुबान सच बयान करते हुए तनिक भी न थरथराए। ऐसी दूर की कौड़ी तलाश कर लाए कि आदमी को किसी सनसनीखेज घटना से टकराने का एहसास हो जाए। लेकिन सुनने और पढने वालों की परेशानी यह है कि प्रैस और मीडिया के दोनों रूप एक-दूसरे को गोदी और अपने आप को यथार्थ कहते फूले नहीं समाते। कुछ भी अघटनीय घट जाए, लेकिन जो जिसके हाजमे में नहीं उतरता, वह उसके बारे में चुप लगा कर अभयदान की मुद्रा में आ जाता है और मीडिया का दूसरा रूप उसकी नकाबनोच सनसनी फैला देता है। मीडिया का एक रूप अगर बिका हुआ या कालाबाजारियों का पिट्ठू कहलाता है तो दूसरा देश द्रोह और धर्म, जाति तथा क्षेत्र विभाजन के आम फहम लांछनों को उछालने वाला। जांच चल रही है और जल्द ही झूठों की नकाबें नुच जाएंगी और खरे सोने सा सच सबके सामने चौंका देगा कि दावे हवा में उछलते रहते हैं। मजे की बात यह है कि ये दावे दोनों तरह के मीडिया की ओर से किए जाते हैं। पाठक बौराया कभी सनसनी भरे धूल धक्कड़ का सामना करता है, और कभी कीचड़ भरी दलदल में उतर जाता है। फिर शीर्षक की यह उखाड़-पछाड़ थक कर मौन हो जाती है। मीडिया के दोनों पक्ष किसी नए या अविष्कृत हैडिंग का कनकौआ लूटने के दौड़ भाग करने लगते हैं। धीरे-धीरे मौन पसरने लगता है। कल की जलती हुई खबरें बासी हो जाती हैं। खड़े जल में किसी ने पत्थर फेंक दिया था। कटी पतंग बीच राह लूट ली गई। पाठक और श्रोता जांच के थैले से बिल्ली के बाहर आने का इंतजार करते रहते हैं। इंतजार जब लम्बा हो जाए तो लगता है यहां चन्द नारे उछालने के कोलाहल के सिवाय कभी कुछ और तो होता ही नहीं। इसलिए क्यों न बड़े बूढ़ों की बात को बीती सदी सा शिरोधार्य कर लिया जाए कि बच्चन, एक चुप में ही तेरे हजार सुख छिपे हैं। यह मन्त्र सिद्ध वाक्य केवल लोकतंत्र के एक स्तम्भ के लिए ही सिद्ध सूत्र नहीं। स्तम्भ तो अभी तीन और हैं- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। पहले विधायकों की बात न ले बैठना। यहां तो चुप्पी तोड़ी तो सांप और सीढ़ी का खेल चलने लगता है। जो चुना जाए, वह चाहे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का बासी हो या सबसे पुराने लोकतंत्र का, एक जाना-पहचाना लेबुल तो उसके माथे पर लगना ही है कि भ्रष्ट तरीके से वोटों की खरीद-फरोख्त कर नेता जीते हैं। जीतने वाला आरोपित है, और हारने वाला छटपटाता है।

## डेढ़ महीने के अंदर लगातार चार मामले प्रकाश में आए हैं, लेकिन कोई खूनी वारदात नहीं हुई है

# रैगिंग से टेंशन में छात्र-अभिभावक

डा. एके यादव

जूनियर्स ने इसकी शिकायत एंटी रैगिंग सेल से की। इसके बाद, आईआईटी प्रशासन हरकत में आया और जांच-पड़ताल शुरू हुई तो सीनियर्स ने रैगिंग के आरोप को सीरे से नकार दिया। अपने बचाव में उन्होंने जांच दल के सामने कहा कि 11 अगस्त को जो कुछ हुआ, वह एक 'मजाक' था। 'फ्रेशर मिक्सर' के दौरान जूनियर्स के साथ ऐसा करने की परम्परा रही है। वहां वही सब कुछ हुआ, जो पहले से होता आ रहा है। सीनियर्स के इस जवाब से आईआईटी प्रशासन संतुष्ट नहीं हुआ और जूनियर्स की रैगिंग करने के आरोप में 72 छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की। छात्र संगठन के तीन पदाधिकारियों सहित दस आरोपियों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया। सभी से छात्रावास खाली करा लिए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद हिमाचल प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। डेढ़ महीने के अंदर लगातार चार मामले प्रकाश में आए हैं, लेकिन कोई खूनी वारदात नहीं हुई है। इसके बावजूद छात्रों और अभिभावकों में टेंशन का माहौल है। चारों मामले सरकारी क्षेत्र के तीन प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े हैं। इनमें से एक केंद्रीय शिक्षण संस्थान है, जहां इंजीनियरिंग के प्रतिष्ठित कोर्स में दाखिला के लिए देश भर के मेधावी छात्र आते हैं, जबकि अन्य दो संस्थान हिमाचल प्रदेश सरकार के नियंत्रण वाले दो मेडिकल कालेज हैं। इनमें से एक कालेज में तीन दिन के भीतर रैगिंग की दो वारदातें हुई हैं। सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर संदेश देने का प्रयास किया गया है कि रैगिंग अक्षम्य अपराध है, जो किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

पहला मामला आईआईटी, मंडी से जुड़ा है, जहां 11 अगस्त को प्रथम वर्ष के जूनियर्स के लिए 'फ्रेशर मिक्सर' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आरोप है कि इस कार्यक्रम में सीनियर्स ने अपने जूनियर्स की रैगिंग की। सभी को लम्बे टाइम तक एक कोने में खड़ा रहने के लिए विवश किया गया। जूनियर्स ने इसकी शिकायत एंटी रैगिंग सेल से की। इसके बाद, आईआईटी प्रशासन हरकत में आया और जांच-पड़ताल शुरू हुई तो सीनियर्स ने रैगिंग के आरोप को सीरे से नकार दिया। अपने बचाव में उन्होंने जांच दल के सामने कहा कि 11 अगस्त को जो कुछ हुआ, वह एक 'मजाक' था। 'फ्रेशर मिक्सर' के दौरान जूनियर्स के साथ ऐसा करने की परम्परा रही है। वहां वही सब कुछ हुआ, जो पहले से होता आ रहा है। सीनियर्स के इस जवाब से आईआईटी प्रशासन संतुष्ट नहीं हुआ और जूनियर्स की रैगिंग करने के आरोप में 72 छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की। छात्र संगठन के तीन पदाधिकारियों सहित दस आरोपियों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया। सभी से छात्रावास खाली करा लिए गए हैं। इस घटना के ठीक एक महीने बाद अर्थात 12 सितंबर को मंडी जिले के नेरचौक स्थित लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज में रैगिंग का दूसरा मामला प्रकाश में आया, जहां सीनियर्स ने अज्ञात नंबर



से फोन कर जूनियर्स को छात्रावास की छत पर बुलाया और परिचय के बहाने रैगिंग की। बताया जाता है कि सीनियर्स ने अपने जूनियर्स को गाना गाते हुए परिचय देने का आदेश दिया। ऐसा करने से मना करने वालों के साथ दुव्र्यवहार किया गया। यह प्रकरण कालेज प्रशासन के पास पहुंचा था, जिस पर कोई कार्रवाई होती, उससे पहले तीसरा मामला सामने आ गया। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज में ही 14 सितम्बर को देर रात दो सीनियर छात्राएं दीवार फांद कर जूनियर्स के छात्रावास में घुस गई तथा गैलरी में प्रथम वर्ष की छात्राओं की परिचय के नाम पर रैगिंग करने लगी। इस दौरान जूनियर्स से नृत्य कराया गया।

गीत गाने के लिए विवश किया गया। इस घटना की जानकारी जूनियर्स ने अपने परिजनों को दी। 15 सितम्बर को देर शाम एक छात्रा के अभिभावक ने प्राचार्य को पूरे प्रकरण से अवगत कराया। इसके बाद 16 सितम्बर को कालेज प्रशासन हरकत में आया। आनन-फानन में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई, जिसमें जूनियर्स, सीनियर्स के अलावा हॉस्टल वार्डन भी सम्मिलित थे। सात घंटे तक चली मैराथन बैठक में आरोपियों के बयान कलमबंद किए गए। इस दौरान छह सीनियर्स ने लिखित रूप से रैगिंग करने का जुर्म कबूल किया। एंटी रैगिंग कमेटी की सिफारिश पर कॉलेज प्रशासन ने सभी को छह महीने के लिए छात्रावास से तथा तीन महीने के लिए क्लास रूम से निष्कासित कर दिया है। सभी आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। चौथा मामला कांगड़ा जिले के टांडा स्थित डा. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज से जुड़ा है, जहां 17 सितम्बर को छात्रावास की रूटीन चेकिंग के दौरान जूनियर्स के कमरे से सीनियरों की फाइल्स और बुक्स मिली। पूछताछ के दौरान जूनियर्स ने स्वीकार किया कि सीनियर्स जबरन अपना काम कराते हैं। इसकी जानकारी मिलने पर कालेज प्रशासन ने आपात बैठक बुलाई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि सीनियर्स द्वारा जूनियर्स से जबरन काम कराना रैगिंग के अंतर्गत आता है, जो अक्षम्य श्रेणी का अपराध है। इसके बाद रैगिंग के आरोप में चिन्हित किए गए 12 सीनियर्स के परिजनों को बुलाया गया, जिनकी उपस्थिति में सभी को छह महीने के लिए छात्रावास और तीन महीने के लिए क्लास रूम से सस्पेंड करने की सजा सुनाई गई। सभी आरोपी छात्रों को 50-50 हजार रुपए का अर्थदंड जमा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसी मेडिकल कालेज में वर्ष 2009 में अमन काचरू नामक छात्र की रैगिंग के दौरान मौत हो गई थी।

इसके बाद रैगिंग पर प्रतिबंध लगाने के लिए देशभर में बवाल मच गया था। इस घटना का सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और रैगिंग की समस्या का समाधान तलाशने के लिए एक उप-समिति का गठन किया, जिसने अपनी रिपोर्ट में रैगिंग को शिक्षा व्यवस्था का सबसे बड़ा घाव बताया बताया और इलाज करने के लिए सख्त कानून बनाने की सिफारिश की। इसके बाद, सुप्रीम कोर्ट ने रैगिंग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया। यूजीसी ने रैगिंग की शिकायत के लिए टोल फी नम्बर 1800-180-5522 और ई-मेल भी जारी किया। साथ ही अपनी वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई। रैगिंग की शिकायत मिलने पर दोषियों के खिलाफ सात दिनों के अंदर कार्रवाई न करने वाले शिक्षण संस्थानों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का प्रावधान किया गया। तब से पूरे देश में रैगिंग पर ब्रेक लग गई, लेकिन हिमाचल प्रदेश की तरह देश के अन्य राज्यों में भी रैगिंग के मामले इसी तरह बढ़ते रहे तो किसी अप्रिय घटना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है।

# शहरों की तरफ पलायन करता गांव

देश के अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र जो बरसों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जी रहे थे, आज वहां के नागरिकों को सुविधाएं मिलने लगी हैं। इसका सबसे बड़ा प्रभाव शिक्षा और रोजगार पर पड़ा है। इन बुनियादी जरूरतों के पूरा होने से पलायन जैसे मुद्दों को हल करने में मदद मिली है। लेकिन इसके बावजूद आज भी देश के कई ऐसे दूर दराज के गांव हैं, जहां न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। जहां शिक्षा और रोजगार की कमी के कारण लोगों का पलायन जारी है। ऐसा ही एक पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का चोरसो गांव है। जहां कोई रोजगार के लिए, तो कोई अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए परिवार समेत शहर की ओर पलायन करने पर मजबूर है। इस गांव की कुल जनसंख्या लगभग 3584 है। जबकि साक्षरता दर 75 प्रतिशत से अधिक है। गांव में उच्च और निम्न जातियों की संख्या लगभग बराबर है।

आज़ादी के अमृतकाल में सभी नागरिकों तक पीने का साफ़ पानी और शौचालय जैसी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर प्रयासरत हैं। देश के अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र जो बरसों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जी रहे थे, आज वहां के नागरिकों को सुविधाएं मिलने लगी हैं। इसका सबसे बड़ा प्रभाव शिक्षा और रोज़गार पर पड़ा है। इन बुनियादी ज़रूरतों के पूरा होने से पलायन जैसे मुद्दों को हल करने में मदद मिली है। लेकिन इसके बावजूद आज भी देश के कई ऐसे दूर दराज़ के गांव हैं, जहां न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। जहां शिक्षा और रोज़गार की कमी के कारण लोगों का पलायन जारी है। ऐसा ही एक पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का चोरसो गांव है। जहां कोई रोज़गार के लिए, तो कोई अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए परिवार समेत शहर की ओर पलायन करने पर मजबूर है। इस गांव की कुल जनसंख्या लगभग 3584 है। जबकि साक्षरता दर 75 प्रतिशत से अधिक है। गांव में उच्च और निम्न जातियों की संख्या लगभग बराबर है। लेकिन बुनियादी सुविधाओं की बात करें तो यहां इसका काफी अभाव है। न तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है और न ही स्थानीय स्तर पर




रोज़गार का कोई विशेष साधन उपलब्ध है। रोज़गार की खातिर गांव के अधिकांश युवा शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। दिल्ली, मुंबई, गुजरात और पंजाब जैसे शहरों के होटलों, ढाबों और कंपनियों में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के तौर पर मामूली वेतन पर काम करने को मजबूर हैं। वहीं गांव के 35 प्रतिशत लोग बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए अपने परिवार के साथ मैदानी इलाकों की तरफ पलायन करने पर मजबूर हैं। इस संबंध में, 18 वर्षीय युवा सौरभ का कहना है कि 'मैं 12वीं के बाद ही शहर चला गया, क्योंकि मुझे अपने परिवार का खर्चा उठाना था। गांव में रहकर क्या करता? यहां न तो अच्छी शिक्षा है और ना ही रोज़गार का कोई साधन। जिससे मैं गांव में ही रहकर अपने घर का खर्चा उठा सकूं।' सौरभ के अनुसार गांव के अधिकांश युवा शहरों का रुख करते हैं। जिससे कि उन्हें रोज़गार मिल सके और वह अपने परिवार की ज़िम्मेदारियों को पूरा कर सकें। वहीं 21 साल के दिनेश कहते हैं कि 'अगर हमारे गांव में सभी सुविधाएं होती तो आज हम अपने गांव में ही खुद का रोजगार करते, न कि हमें अपने गांव से अनजान शहर में रहना पड़ता। गांव में ही पढ़-लिखकर यदि रोज़गार की सुविधा उपलब्ध हो जाए तो कोई भी अपने परिवार को छोड़कर शहर जाने को मजबूर नहीं होता। परंतु हमारे लिए यह मजबूरी है कि गांव में रोज़गार का कोई साधन उपलब्ध नहीं है। रोज़गार की खातिर युवा शहरों का रुख करने पर मजबूर हैं।' दिनेश के अनुसार आज चोरसो गांव लगभग युवा विहीन होता जा रहा है। चोरसो की तरह आसपास के कई गांवों के युवा भी इसी राह पर निकल पड़े हैं। जो काफी चिंता का विषय है। वहीं गांव की एक 18 वर्षीय किशोरी काजल का कहना है कि एक तरफ युवा जहां रोज़गार के लिए गांव से पलायन कर रहे हैं, वहीं बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भी कई लोग परिवार के साथ गांव से पलायन करने को मजबूर हैं। यदि गांव में ही अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होती तो पलायन के इस स्वरुप पर रोक लगता।' वह कहती है कि जो लोग आर्थिक रूप से संपन्न हैं, वह अपने बच्चों को शहर ले जाकर प्राइवेट स्कूल में पढ़ा रहे हैं। लेकिन गांव के अधिकांश परिवार जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, उनके बच्चे गांव के ही स्कूल में पढ़ने को मजबूर हैं। जहां निजी विद्यालयों की अपेक्षा शिक्षा का स्तर बहुत अच्छा नहीं है। कई स्कूलों में वर्षों से शिक्षकों के पद खाली हैं। जिन्हें आज तक शिक्षा विभाग भर नहीं पाया है। एक शिक्षक पर न केवल कई विषयों को पढ़ाने की ज़िम्मेदारी होती है बल्कि कार्यालय का काम और स्कूल में अनुशासन को बनाये रखने का बोझ भी उठाना पड़ता है। जिसका सीधा प्रभाव उनकी शैक्षणिक गतिविधियों पर पड़ता है। यदि शिक्षा विभाग इस तरफ गंभीरता से ध्यान दे तो न केवल शिक्षा का स्तर सुधरेगा बल्कि पलायन पर भी रोक लगेगी। पलायन का दर्द सबसे अधिक माता पिता को उठाना पड़ता है। गांव की एक बुजुर्ग ममता देवी अपना दर्द बयां करते हुए कहती हैं कि 'बच्चों का यह सोचकर लालन पालन किया कि वह बुढ़ापे का सहारा बनेंगे, लेकिन बच्चे रोज़गार की खातिर शहर चले गए और वहीं बस गए हैं। अब तो कभी कभी गांव आते हैं और जल्दी लौट जाते हैं। इस बुढ़ापे में हमें अकेले ज़िंदगी गुज़ारनी पड़ रही है।' हालांकि 46 वर्षीय रमेश राम पलायन को गैर ज़रूरी मानते हैं। उनका कहना है कि गांव में खेती के साथ साथ कई ऐसे माध्यम हैं जिससे रोज़गार सृजन किया जा सकता है। दरअसल युवाओं में शहरों की चकाचौंध का नशा है। उन्हें लगता है कि बड़े शहरों में ज़्यादा पैसा कमाया जा सकता है, लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। वहां उनका कोई बेहतर भविष्य नहीं है। जबकि गांव में ही रहकर आसानी से रोज़गार के साधन उपलब्ध हो सकते हैं। समाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रेंडी का कहना है कि गांव में बढ़ती बेरोजगारी पलायन की सबसे बड़ी वजह बन चुका है। लोग विशेषकर युवा उज्जवल भविष्य और अधिक पैसा कमाने की लालच में गांव से शहर की तरफ कूच कर रहे हैं। यह एक सिलसिला बन चुका है। लोगों को लगता है कि गांव में कोई भविष्य नहीं है। जबकि गांव के संसाधनों का सही इस्तेमाल किया जाए तो रोज़गार की असीम संभावनाएं निकल सकती हैं। इसमें सबसे बड़ा पर्यटन और जैविक फल फूल का उत्पादन शामिल है।

## देश दुनीया से

# अहम ब्रह्मास्मि

ब्रह्मांड के इस महासमुद्र में हम मानो सिर्फ एक कतरा हैं, एक बूंद भर हैं, पर इस बूंद में भी पूरा समुद्र समाया हुआ है। यह बूंद, यह कतरा, समुद्र का ही पानी है, इस बूंद में वो हर गुण है जो समुद्र में है, यह बूंद भी इस रूप में पूरा एक समुद्र है। बूंद-बूंद से समुद्र है और हर बूंद में खुद एक समूचा समुद्र है। यही इस बूंद की खासियत है, यही इस बूंद की महत्ता है। विज्ञान कहता है कि इस ब्रह्मांड की हर वस्तु इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से बनी है। इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन मिलकर ऐटम, यानी परमाणु बनाते हैं। ये ऐटम रासायनिक क्रियाओं के माध्यम से जब विभिन्न मात्राओं में आपस में जुडक़र अणु, यानी मालिक्यूल बन जाते हैं तो अलग-अलग वस्तुओं का निर्माण संभव हो जाता है। इसे फिर से दोहराना आवश्यक है कि इस ब्रह्मांड की हर वस्तु इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बनी है। हर जीवित और मृत चीज इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बनी है। हम, हमारा भोजन, हमारा घर, हमारा फर्नीचर, यानी हर चीज इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बने हैं। प्रकृति की इस कारीगिरी को जरा गहराई से देखें तो प्रकृति के रहस्य उजागर होने शुरू हो जाते हैं। मेरा शरीर, मेरे शरीर का हर तंतु, हर नाड़ी, खून, मज्जा, हड्डी आदि सबके सब इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के मेल से ही बने हैं। मैं ही नहीं, हम सबके शरीर भी इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के मेल से बने हैं। मैं और आप इसी ब्रह्मांड का हिस्सा हैं। यह ब्रह्मांड हमसे और अन्य जीव-जंतुओं तथा वस्तुओं से बना है। यह हवा, ये बादल, यह आकाश, ये जीव-जंतु, ये वस्तुएं, सभी के सभी इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के मेल से ही बने हैं। हमारी शक्लें अलग हैं, रंग और रूप अलग हैं, ऊंचाई, मोटाई, गोलाई अलग है, पर हम सब का मूल एक ही है। प्रकृति की यही सबसे बड़ी कारीगिरी है। इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन की न कोई जाति है, न धर्म और न रंग। लगभग हर धर्म कहता है कि परमात्मा निराकार है, परमात्मा का कोई आकार नहीं है, लेकिन वह किसी भी आकार में प्रकट हो सकता है, प्रकट हो ही रहा है। अगर हम सब एक ही किस्म के इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के मेल से बने होने के बावजूद अलग-अलग रंग, रूप, शक्ल, आकार और लिंग वाले हैं, और हम सब में उसी परमात्मा की चेतना है तो हम परमात्मा ही हैं, और परमात्मा हम सब में है तो परमात्मा कितने अलग-अलग रूपों, रंगों और आकार में मौजूद है, यह हम सबके सामने प्रत्यक्ष है, इसे और किसी प्रमाण की आवश्यकता ही नहीं है। पूरी मनुष्य जाति ही नहीं, बल्कि पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और बाकी हर चीज भी इन्हीं इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बने हैं तो कोई किसी से अलग नहीं है, हम सब उसी परमात्मा का रूप हैं। अगर हम इतनी सी बात समझ लें तो सारी लड़ाई खत्म हो जाती है, झगड़े खत्म हो जाते हैं, प्रतियोगिता खत्म हो जाती है, नफरत खत्म हो जाती है और हम प्रेममय हो जाते हैं। जब हम सब एक हैं तो किससे लड़ें, किससे नफरत करें और क्यों लड़ें या नफरत करें? साधु-संत, ऋषि-मुनि इसीलिए कहते आए हैं कि हम सब प्रेममय ही हैं, प्रेम ही हमारा असली स्वरूप है, क्योंकि हम किसी से अलग हैं ही नहीं। एक मेज पर छह जार पड़े हैं, अलग-अलग आकार के हैं और अलग-अलग स्वरूप के हैं, पर उन सब में वही हवा मौजूद है जो पूरे वातावरण में है। हवा जार के अंदर हो या जार के बाहर, वह वही हवा है। जार का रंग कुछ भी हो, जार का आकार कुछ भी हो, जार के अंदर और बाहर जो हवा है, उसमें कहीं कोई अंतर नहीं है। ब्रह्मांड का यही रहस्य ऐसा रहस्य है जो असल में रहस्य नहीं है, हम इसे जानते हैं, हम इसे मानते हैं, फिर भी इस एक सच से अनजान भी हैं। यही हमारी दुर्गति का कारण है।

विज्ञान कहता है कि इस ब्रह्मांड की हर वस्तु इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से बनी है। इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन मिलकर ऐटम, यानी परमाणु बनाते हैं। ये ऐटम रासायनिक क्रियाओं के माध्यम से जब विभिन्न मात्राओं में आपस में जुडक़र अणु, यानी मालिक्यूल बन जाते हैं तो अलग-अलग वस्तुओं का निर्माण संभव हो जाता है। इसे फिर से दोहराना आवश्यक है कि इस ब्रह्मांड की हर वस्तु इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बनी है। हर जीवित और मृत चीज इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बनी है। हम, हमारा भोजन, हमारा घर, हमारा फर्नीचर, यानी हर चीज इलैक्ट्रॉन, प्रोटोन और न्यूट्रॉन के संयोग से ही बने हैं। प्रकृति की इस कारीगिरी को जरा गहराई से देखें तो प्रकृति के रहस्य उजागर होने शुरू हो जाते हैं।

## दृष्टिकोण

# सोशल मीडिया के दुश्चक्र में आधी आबादी, दुर्भाग्य से विस्तार पा रहा है बर्बरता का दायरा

समाज है, तो सोशल मीडिया का होना बहुत स्वाभाविक है। समाज में रहने वाला आदमी चाहे-अनचाहे वर्चुअल दुनिया के जाल में फंसता चला जाता है। समाज की जो सोच है, वही सोच वहां भी है। इसलिए स्त्रियां घर और घर से बाहर जिस तरह प्रताड़ित और लांछित होती है, उसी तरह सोशल मीडिया पर भी अपमानित होती हैं। पर ज्यादातर पुरुषों का नारी विरोध और नारी विद्वेष सोशल मीडिया पर साफ दिखता है। स्त्रियों से मुखातिब होते ही वे उन पर गाली-गलौज और घृणा की बौछार कर देते हैं। ऐसे पुरुषों को यह बखूबी मालूम होता है कि कितना अपमान महिलाओं को मानसिक यातना की हद तक ले जाता है। यह हमारे जीवन का कटु सत्य है। हमें रोज ही इससे गुजरना पड़ता है। सच तो यह है कि सोशल मीडिया में, खासकर फेसबुक और ट्विटर (अब एक्स) पर बेहद गलीज भाषा में मुझ पर हमला बोला जाता है। बीती सदी के आठवें-नवें दशक में मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों के अलावा सड़कों पर, दुकान-बाजारों में मुझे निशाना बनाया जाता था। लेकिन यह भी सच है कि तब ज्यादातर निंदक, ईर्ष्यालु और नारी विद्वेषी मुझे छू भी नहीं पाते थे। जबकि अब सोशल मीडिया पर वैसे लोग बेहद सहजता से मुझ पर हमला बोलने में सक्षम हैं, क्योंकि अब मैं उनसे महज एक क्लिक दूर हूं। लिहाजा वे अपनी सारी घृणा, सारी हिंसा, निष्ठुरता और बर्बरता मुझ पर उगल देते हैं। एक्स पर इन गालीबाज नारी विद्वेषियों की टाइम लाइन पर जाने से पता चलता है कि इन सभी लोगों की समाज में भद्र पुरुष की छवि है। ये सभी पारिवारिक व्यक्ति हैं, जिनके घर में मां भी है, पत्नी भी और बेटियां भी। इनमें से ज्यादातर लोग अच्छी नौकरियों में हैं या व्यवसाय करते हैं। धर्म में इन लोगों की जितनी प्रबल आस्था है, उतनी ही आस्था पुरुष वर्चस्ववादी समाज में भी है। इतना ही नहीं, इन तमाम लोगों ने समाज की रीति-नीतियों से अद्भुत सामंजस्य भी बनाकर रखा है। मुझे प्रायः अभद्र भाषा में गाली-गलौज करने के लिए इन्हें समाज में असुविधाजनक सवालों का सामना तो नहीं ही करना पड़ता, उल्टे इनके नारी-विद्वेष को तार्किक और युक्तियुक्त बताया जाता है! मेरी बात अलग है। मैं किशोरी अवस्था से ही नारी विद्वेषी पुरुषों की अश्लीलता की आग में जलकर अंगार बन चुकी हूं, लेकिन समाज की अन्य नारियां तो मेरी तरह नहीं हैं। उनके लिए लगातार सोशल मीडिया पर अश्लीलता के हमले सहन करना सहज नहीं है। अनेक महिलाएं रोजाना की इस अश्लीलता से उबकर सोशल मीडिया छोड़ देती हैं। जो ज्यादा संवेदनशील होती हैं, वे दुनिया भी छोड़ देती हों, तो क्या आश्चर्य! मेरे फेसबुक के इनबॉक्स पर कथित भद्रपुरुषों के लगातार अभद्र और अश्लील संदेश आते रहते हैं। ये लोग मुझे अश्लील तस्वीरें भेजते हैं, साथ में बताते हैं कि मेरे साथ कैसा सुलूक करेंगे।

# मंत्री सत्यानन्द भोगता वीर अब्दुल हमीद सम्मान समारोह में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** शहर के नगरपरिषद भवन में रविवार को इदरीसिया दर्जी फेडरेशन के तत्वाधान में अमर शहीद परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सुबह के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता उपस्थित हुए। इस मौके पर वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर मोहम्मद मुर्तजा सुलेमानी खासतौर से मौजूद थे वहीं इदरीसिया दर्जी फेडरेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अली इमाम मौजूद रहे। स्थानीय राजद विधायक सह सूबे के मंत्री सत्यानन्द कार्यक्रम विधिवत शुभ आरंभ दीप प्रज्वलित कर एवं वीर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। भारत पाक जंग के अमर शहीद परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद सम्मान समारोह में मंत्री श्री भोगता ने वीर शहीद अब्दुल हमीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम आयोजक समिति के लोगों ने माननीय मंत्री श्री भोगता को पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। इसके उपरांत भोगता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वीर शहीद अब्दुल हमीद भारतीय सेना में 27 दिसम्बर 1954 को भर्ती हुए। उन्होंने अपनी बटालियन के साथ आगरा, अमृतसर, जम्मूकश्मीर, दिल्ली और रामगढ़ में सेवा दी। उन्हें बचपन से ही देश के प्रति बहुत प्रेम था। बचपन से उनको फौज में जाने का सपना था। 1965 के भारत पाक की जंग में देश की रक्षा के खातिर अपनी जान की आहुति दी। उनकी शहादत से हमे देश प्रेम सीखने की जरूरत है। उनके शहादत उपरांत भारत सरकार ने सेना का सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र प्रदान किया। देश के लिए शहीद होना सबको सौभाग्य प्राप्त नहीं होता है। वीर अब्दुल हमीद जैसे बिरले ही होते हैं जिन्हें देश की रक्षा में शहीद होने का सौभाग्य प्राप्त होता है। हमसब को उनसे देश के लिए कुछ कर गुजरने का प्रेरणा लेनी चाहिए। देश के लिए शहीद होने वाले कभी मरते नहीं अमर हो जाते हैं। उनके सम्मान में हमेशा इस तरह के कार्यक्रम पुरे देश में होता रहता है। इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय इदरिसिया दर्जी फेडरेशन अली इमाम भारती, राष्ट्रीय महासचिव वीर अब्दुल हमीद फेडरेशन डॉ मो. मुर्तुजा सलमानी, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, राजद महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, जिलापरिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, जिलापरिषद सदस्य सुरेश पासवान, बीस सूत्री सदस्य मौलाना अतीक मंसूरी, समाजसेवी सह मंत्री प्रतिनिधि फजलू रहमान, शाहफद अली, मो अली मौजद के अतिरिक्त कई गणमान्य मौजूद रहे।

## मुरवे पेट्रोल पंप स्थित आजाद बिहारी टायर दूकानदार शनिवार से लापता

➲दूकान बन्द कर रूपये लेने कह कर सुबह 7 बजे सुबह निकला था, अब तक लौटा नहीं

➲चार चक्का वाहन, मोटरसाइकिल, मोबाईल टायर दुकान में हीं है मौजूद, खुद लापता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के मुरवे ईश्वर दयाल पेट्रोल पंप के समीप मूलतः बिहार के रहने वाला आजाद बिहारी टायर दूकान कर रोजी रोटी कमाने में लगा हुआ था। जबकि दूकान में खुद अकेले रह कर तथा अपने साथ स्टाफ रख टायर दूकान का संचालन करता आ रहा था। किंतु अचानक शनिवार सुबह 7 बजे ग्राहकों से रुपया लेने कह कर मुख्य सड़क तरफ बगल वाले से निकला है जो अभी तक वापस दूकान नहीं लौटा है। जिससे बगल दुकानदार व उनके हितैषियों को काफी चिंता और शक बढ़ गयी। जिसे लेकर सिमरिया थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया है। बगल वाले दुकानदारों ने बताया कि शनिवार सुबह आजाद बिहारी हम लोगों से रूपये लेने कह कर मुख्य सड़क तरफ निकला था। जबकि अपने साथ ना मोबाइल लेते गया है ना मोटरसाइकिल, ना चार चक्का वाहन। यह तीनों संसाधन उसके दूकान में मौजूद है। बगल वाले दुकानदारों का शक है कि कोई रूपये देने कह कर मुख्य सड़क तरफ बुलाया होगा और अपने वाहन में अपहरण कर ले गया होगा।यदि इनके बारे में कोई कहीं किसी सज्जन को जानकारी मिले तो सिमरिया थाना को अवश्य जानकारी देकर पुनीत कार्य का भागी बने। या किसी की जान बचाने की कोशिश करें। सबसे बड़ा धर्म है किसी का जान बचाना।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपाइयों ने स्वास्थ्य केंद्र में चलाया स्वच्छता अभियान



**मनिका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य केंद्र मनिका दिन रविवार को युवा मोर्चा भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया।इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता ने पूरे प्रखंड के नालों, सड़कों , विद्यालय आदी जगहों में साफ सफाई किया गया। वहीं जानकारी देते हुए भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखावाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में कई जगह स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, ओबीसी मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप प्रसाद, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, महामंत्री मनदीप प्रसाद, विकास प्रसाद, एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत श्रमदान स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एक घंटे का श्रमदान स्वच्छता के तहत कार्यक्रम बनवारी साहु महाविद्यालय परिसर में किया गया। वहीं जिले के सभी निजी एवं सरकारी कार्यालयों में साफ सफाई एवं राष्ट्रीय सेवा श्रमदान स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों ने समाहरणालय परिसर की सफाई के लिए श्रमदान दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** गाँधी जयंती के पूर्व एक अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत समाहरणालय परिसर लातेहार में स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन समेत जिले के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने श्रमदान देकर समाहरणालय की सफाई किया द्य इस मौके पर उपायुक्त लातेहार ने कहा अपने घर एवं आस-पड़ोस की साफ-सफाई करना हम सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है द्य अपने घर एवं आसपड़ोस को साफ - स्वच्छ रख कर हम कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं द्य उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की टीम ठोस कचरा प्रबंधन के लिए अभियान चला रही है द्य परंतु यह अभियान तभी सफल हो सकता है जब हम अपने घर में जैविक कचरा एवं प्लास्टिक को अलग-अलग डस्टबिन में रखें। ऐसा कर हम जैविक कचरा एवं प्लास्टिक कचरे को मिक्स होने से रोक सकते हैं द्य जैविक कचरा एवं प्लास्टिक कचरा को अलग-अलग जमा करने से जैविक कचरा से कम्पोस्ट बनाने और प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल करने में मदद मिलेगी द्यइस स्वच्छता अभियान में जिला पंचायती राज पदाधिकारी जितेंद्र गुप्ता, जिला गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल दीपक महतो, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार एवं समाहरणालय के कर्मी शामिल थे।

## सांसद प्रतिनिधि के नेतृत्व में किया गया स्वच्छता के लिए श्रमदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सिसई में शिव मन्दिर के समीप टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के नेतृत्व में दर्जनों लोगों के साथ एक साथ एक घंटा स्वक्षता के लिए श्रमदान किया गया। विदित हो कि प्रधानमंत्री ने आज एक अक्टूबर को एक साथ एक घंटा स्वक्षता के लिए श्रमदान का आह्वान किया है। इस निमित आज देश के कोने कोने में स्वक्षता के लिए श्रमदान का कार्यक्रम चल रहा है। इसी के प्रेरणादाई कार्यक्रम के अनुपालनार्थ में सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने श्रमदान कार्यक्रम चलाया। सांसद प्रतिनिधि ने श्रमदान करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत के नाम का डंका हर दृष्टि से विश्व में बज रहा है। स्वक्षता में भी इनके प्रेरणादाई उत्साहवर्धन कार्यक्रम से भारत का नाम विश्व में सम्मान की दृष्टि से लिया जा रहा है जो अनुकरणीय देश के बाहर और देश के अन्दर हर राज्य के जिला, प्रखंड से ग्रामीण स्तर तक है। भाजपा के द्वारा नियोजित कार्यक्रम सेवा पखवारा में भी हर बूथ, हर शक्तिकेंद्र पर इस तरह के स्वक्षता का कार्यक्रम आयोजित है जिसके मद्देनजर बूथ 351,352 में भी यह कार्यक्रम सफल रुप में किया गया जिसमें मंडल महामंत्री संजीव पांडेय, पुर्व मंडल महामंत्री सह बूथ अध्यक्ष उदय पांडेय, शक्ति केंद्र संयोजक धनंजय पांडेय, सुशील विद्यार्थी, प्रवीन कुमार भारद्वाज, बुधन उरांव ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई एवम श्रमदान किया।

## दुर्गा पूजा त्योहार मनाने को लेकर की गई बैठक



**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केचकी पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बखोरीडेरा विद्यालय परिसर में दुर्गा पूजा त्योहार मनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसमें कमिटी का विस्तार कर अध्यक्ष सचिव और सक्रिय सदस्य का चयण किया गया ताकि सफलता पूर्वक त्योहार को सम्पन्न कराया जा सके वहीं बैठक में सभी के सर्व सहमति से हरेंद्र राम को अध्यक्ष जवाहिर सिंह को सचिव संतोष कुमार को उपाध्यक्ष मिथुन गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया साथ ही दुर्गा पूजा के सफल संचालन और मॉनिटरिंग करने हेतु 32 सक्रिय सदस्य बनाए गए हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में चलाया गया स्वच्छता कार्यक्रम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार रेलवे स्टेशन स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस पर आह्वान किया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय परिसर से होते हुए नवरंग चौक महावीर मंदिर परिसर के आस-पास विद्यालय के भैया-बहन, आचार्य दिदी प्रधानाचार्य के द्वारा साफ सफाई कर इस स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सहयोग किए, इसके बाद मंदिर परिसर से वापस होकर पुनः सभी विद्यालय में वापस हुए इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा समेत विनय कुमार विश्वकर्मा, अजीत कुमार यादव, मुकेश, जयकान्त प्रसाद गुप्ता, रमेश कुमार ज्ञानदीप, रंतु दिदी, ज्योति देवी, प्रिती कुमारी खुशबू राठौर, पूजा कुमारी सुकृति एवं विद्यालय के कर्मचारी संतोष कुमार नवीन कुमार, गंगोत्री देवी का इस कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जनप्रतिनिधियों ने चलाया स्वस्था अभियान ग्रामीण लोग भी हुए सम्मिलित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तत्वाधान में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की पंचायत सचिवालय पर्यटन स्थल सार्वजनिक स्थल व अन्य जगहों का साफ सफाई करवाई है। बताते चलें कि इस बार झमाझम बारिश होने के बावजूद भी लोगों ने सफाई पखवाड़ा में भाग लेने से पीछे नहीं हटे।एवं लोगों ने छाता लगाकर जगह-जगह का साफ सफाई का काम किया है। और स्वच्छता पखवाड़ा में भाग लिया है।लोगों का कहना है कि यदि बीमारी को भगाना है तो स्वच्छता को अपनाना है।अपने आसपास गली नाली को साफ रखें।तो कभी भी बीमारी आसपास नहीं आवेगी। चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर पर स्थित बलबल जल गरम कुंड पर्यटन स्थल को भी वहां के लोगों ने खूब बेहतरीन तरीके से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत साफ सफाई किया है। मौके पर उपस्थित द्वारी पंचायत मुखिया जगदीश यादव जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव समाजसेवी त्रिलोकी दास एएनएम सबीना कुमारी सहिया दीदी सेविका दीदी ग्रामीण जनता वार्ड सदस्य मंदिर के पुजारी दीपेंद्र पांडेय उपेंद्र पांडेय शशि गुप्ता प्रेमचंद यादव एवं भारी सखी पंचायत मुखिया समीरा देवी जलसहिया लोगों ने स्वच्छता पखवाड़ा में भाग लिया है कार्य को सफल बनाया है।

## सीसीएल कर्मियों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चुंदरू धाम में की गई साफ सफाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सीसीएल के आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के सीएसआर के तहत एक अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे से एक साथ स्वच्छता श्रमदान चुंदरु धाम,सूर्य मंदिर परिसर में चलाया गया। इस अभियान में सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास एवम् आम्रपाली कोल परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से पुरे सूर्य मंदिर परिषर का साफ सफाई किया। इस स्वक्षता अभियान में आम्रपाली कोल परियोजना के सीएसआर के सतेंद्र पाण्डे, स्टाप ऑफिसर बिपिन बिहारी सहित कई अन्य कर्मी व पदाधिकारी सामिल थे। वही सूर्य मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष सह भाजपा जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधी अक्षवट पांडेय, महेश वर्मा, जयमंगल नायक, रमेश वर्मा, ओम कुमार, अनुग्रह सिंह सहित सैंकड़ों लोगों के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाया गया। महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने बताया की यह अभियान अभी निरंतर जारी रहेगा।

## भारी बारिश में भी प्रखंड कार्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गांधी जयंती को लेकर रविवार को प्रखंड कार्यालय समेत सिंघानी पंचायत सचिवालय में बीडीओ मोनी कुमारी के नेतृत्व में स्वच्छता भारत मिशन के तत्वाधान में प्रखंड कार्यालय में झाड़ू लगाकर सफ़ाई अभियान चलाई गई। इस मौके पर सिंघानी मुखिया राधिका देवी के आलावे जल सहिया दीदी ने भी बढ़ चढ़ कर सफ़ाई अभियान में अपना योगदान दिया। बीडीओ मोनी कुमारी ने प्रखंड के ग्रामीण जनता से अपील करते हुए कहा 2 अक्तूबर को गांधी जयंती के अवसर पर अपने आसपास के क्षेत्र में सफ़ाई अभियान चलाकर स्वच्छ बनाने में अपना अहम योगदान दे। बताते चले की स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते वर्ष 2014 से ही प्रारंभ किया था और इस वर्ष भी 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। महिलाएं एवं पुरुष भारी बारिश के बावजूद भी अपने गांव मोहल्ले की साफ सफाई में जुटे।

## भाजपा के बुथ अध्यक्षों की हुई बैठक प्रभारी अक्षयवट पांडेय ने बुथ के मतदाताओं को संगठन से जोड़ने का किया आग्रह



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखणड के भारतीय जनता पार्टी मंडल अंतर्गत सभी बुथ अध्यक्षों की बैठक रविवार को हुई। बैठक बटेश्वर शिव मंदिर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार एवं संचालन महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। प्रभारी अक्षवट पांडेय ने बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड के सभी बुथ अध्यक्ष अपनी दायित्व को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें। और बुथ सबसे मजबूत के मंत्र पर काम करते हुए संगठन को मजबूत करें। ताकि लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव प्रचंड बहुमत से विजई मिले। बैठक में मुख्य रूप से प्रभारी विजय दांगी संतोष दांगी, समेत सभी बुथ अध्यक्ष शामिल हुए।

## हथियार, गोली और दो मोटरसाइकिल के साथ चार गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** एसपी राकेश रंजन को लगातार मिल रही गुप्त सूचना के आधार पर चार अपराधियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजने में बड़ी सफलता अर्जित की है। अपराधियों के नापाक मंसूबों पर पुलिस एक बार फिर पानी फेरने में सफल रही।इस बाबत एसडीपीओ अविनाश कुमार ने मीडिया को जानकारी साझा करते हुए बताया की एसपी को लगातार सूचना मिल रही थी की कुछ अपराधिक तत्व के व्यक्ति विकास कार्यों में बाधा पहुँचाने के नियत से क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील हैं। इस सूचना पर एक विशेष छापा मारी दल का गठन किया गया। इस संबंध एसडीपीओ चतरा अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा दो टीमों में बंटकर एक टीम बरैनी चौक में मोटरसाईकिल चेकिंग कर रही थी और दुसरी टीम बरैनी से आगे बढकर तिलैया चौक के पास चेकिंग कर रही थी। इसी बीच बरैनी चौक में मोटरसाईकिल चेकिंग के दौरान दो मोटरसाईकिल जो नवादा की ओर से आ रही थी, को रोक कर चेकिंग किया गया तो उनके पास से एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा गोली बरामद किया गया। जिसके बाद पकड़ाये चारो व्यक्तियों से बरामद देशी कट्टा एवं एक जिंदा गोली के संबंध में पुछताछ करने एवं कागजात मांगने पर कोई कागजात नहीं दिखाया गया। चारों व्यक्तियों को अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्यवाई की जा रही है। गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली जिसके पैंदे पर 71 एवं 321 अंकित है, काला रंग का मोटरसाईकिल नं0- JH13J-3775, काला रंग का सुपर स्पेलेन्डर मोटरसाईकिल नं0- JH13D-6490, विभिन्न कंपनियों का तीन मोबाईल,चार हजार साठ रुपया (4060/-)नगद दो काला गमछा, दो लाल रंग का कपडा बरामद किया गया है।गिरफ्तार व्यक्ति जीतु विश्वकर्मा पिता - उमेश मिस्त्री सा0 भेलवाटांड थाना सदर मनोज कुमार पिता रामदेव गंझु, ब्रजेश कुमार पिता राजेन्द्र गंझु दोनो ग्राम बनियाडीह थाना कुंदा, विजय कुमार पिता भिखन तुरी ग्राम सिजुआ थाना सदर सभी जिला चतरा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इस विशेष गठित दल में एसडीपीओ चतरा अविनाश कुमार, एसडीपी ओ सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, सदर थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार एसआई मनोज पाल, प्रकाश सेठ, एएसआई गौकरण कुमार एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# भाजयुमो ने चलाया स्वच्छता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी और जुगल ठाकुर के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान शहर के पनसलवा के नजदीक दुर्गा मंदिर, पार्क और आस पास की सभी जगहों का सफाई किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान चलाने का एक मात्र उद्देश्य है लोगों को जागरूक करना। ताकि लोग जागरुक होकर हमेशा अपने आसपास अपने घर के अगल-बगल साफ-सफाई रखें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन साह,जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, भाजपा नेता शिवकुमार चोबे, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश पासवान, नगर महामंत्री जुगल ठाकुर, मंजीत राणा, गोविन्द राम, अनिरुद्ध मिश्रा, काली यादव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, भाजयुमो नगर अध्यक्ष नीरज सोनी, भाजयुमो नगर महामंत्री राजकुमार वर्मा, राजा मालाकार, सुनील स्नेही सहित अनेक युवा कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए।

## मौसम के कहर से थमा गांव-गांव, शहर-शहर



**चतरा/ सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला क्षेत्र में दो दिनों से हो रहे लगातार मूसलाधार बारिश से चौक चौराहे पर सनाटा पसरा है। वहीं चौक दुकानदारों के व्यवसाय में चन्द्रग्रहण लग गया है। जिसके कारण दुकानदार मायूस हैं। वहीं इन दिनों लगातार दो दिनों से हो रहे झमाझम बारिश से पानी का जल स्तर बढ़ा है और सूखे नदियों में पानी का बहार नजर आने लगा है। हालांकि कुछ फसल इस तरह तेज बर्षा के कारण काफी नुकशान होगा। जैसे में टमाटर, फूल गोभी, पत्ता गोभी वगैरह। बता दें कि इस वर्ष वर्षा के अभाव में धान की रोपनी नहीं हो पायी है। जहां तहां किसी तरह किसान कुछ खेतों धान का फसल लगाया है। वहीं वर्षा नहीं होने से जल स्तर बिलकुल नीचे चला गया था। यदि इस वर्ष इस तरह पानी का वर्षा नहीं होती तो एक तरफ कोई फसल किसान उगा नहीं पाते वहीं दुशरी ओर पानी पिने की समस्या बढ़ जाता । परन्तु वर्षा देर से आए पर दुरुस्त आए अब पानी की समस्या से सभी तरह का निजात मिल गयी है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा की बूथ समिति व पंचायत संयोजक सह संयोजक का वेरिफिकेशन किया गया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हरली पंचायत भवन में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के सभी पंचायतों, बुथों एवं मंडल कार्यकारिणी का वेरिफिकेशन को लेकर बैठक किया गया। वेरिफिकेशन कार्य मंडल प्रभारी लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंहा, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में किया गया व संगठन को मजबूती पर जोड़ दिया गया। मंडल प्रभारी सह लोकसभा जिसमें मंडल कार्यसमिति के सदस्यों, पंचायत संयोजक, सह संयोजक, पंचायत प्रभारियों, सभी बुथ अध्यक्षों का जांच वेरिफिकेशन किया गया। वेरिफिकेशन की रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। वहीं सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि सभी बुथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता अभी से अपने अपने बुथों के मजबूत करने पर जोर दे और आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से सरकार बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। मौके पर मुख्य रूप से पुर्व जिला कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार बिगन, सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, महामंत्री दिनेश करमाली, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मंत्री कृष्ण गुप्ता, एस टी मोर्चा अध्यक्ष अकल मुंडा, एस सी मोर्चा अध्यक्ष जागेश्वर तुरी, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, फुलचंद बेदिया, धनलाल बेदिया, विनय कुमार, सुरेश महतो, अमन गंझु, गणेश कुमार, सुरेश महतो, राजेन्द्र करमाली, सचिदानंद पांडे समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बादम अश्विनी दुर्गा पूजा को लेकर दांगी समाज ने की बैठक, समिति गठित

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के ग्राम बादम में अश्विनी दुर्गा पूजा को लेकर दांगी समाज के द्वारा बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता नीरू महतो के द्वरा किया गया। दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष जागेश्वर कुमार, सचिव गोविंद महतो, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, मनोरंजन मंत्री दशरथ कुमार को सर्वसम्मति से बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से ग्राम अध्यक्ष भूदेव महतो, ग्राम सचिव एवं उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो, योगेश्वर महतो, राजू महतो, संतोष कुमार मेहता, पंचायत समिति प्रतिनिधि मुरली कुमार दांगी, वीरेंद्र कुमार दांगी, चंद्रनाथ महतो, कालीचरण कुमार, दिलीप कुमार, रंजन कुमार,कार्तिक महतो व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### सड़क पर जल जमाव के कारण लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार से रुक रुक कर ही रहे बारिश के कारण कई जगह सड़कों पर जल जमाव हो गया है। बादम अंबाजित मुख्य सड़क पर भी जल जमाव हो गया है। जल जमाव के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। जल जमाव के कारण रास्ते में बने गड्ढे नजर नहीं आते जिससे नए मोटर साइकिल सवार दुर्घटना का शिकार ही रहे हैं। बताते चलें के अंबाजीत कोनी मोड़ से बादम मिडिल स्कूल तक सड़क निर्माण का कार्य हो रहा है। मुस्लिम मुहल्ले के पास बीच में ठेकेदार के द्वारा लगभग 100 मीटर सड़क का निर्माण कार्य कई महीने से रुका हुआ है। ग्रामीणों ने कहा जल्द से जल्द सड़क और नाली का निर्माण हो ताकि जल जमाव से लोगों को राहत मिले।

### एक घंटा श्रमदान कर मुखिया और ग्रामीणों ने की साफ-सफाई

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत जयनगर में रविवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के निमित्त पंचायत की मुखिया हीरा देवी एवं ग्रामीणों द्वारा एक घंटा श्रमदान किया गया। श्रमदान कर पंचायत भवन के प्रांगण की साफ़-सफाई की गईं। जिसका नेतृत्व पंचायत की मुखिया हीरा देवी ने किया। इस कार्यक्रम में वार्ड सदस्य अरगदेव राम, आंगनबाड़ी सेविका रेणु शर्मा, सहायिका सहिया दीदी जलसहिया वीणा देवी, अमिता देवी, बिजेंद्र मुंडा, रामप्रसाद प्रजापति,अजीमा खातून, आर्सिया खातून, जगदेव प्रजापति, राजकुमारी देवी, विनोद मुंडा, रेखा देवी, पृथ्वी देवी सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे ।

### मूसलाधार बारिश को लेकर विधायक ने लोगों से की अपील

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लगातर हो रही मूसलाधार बारिश को लेकर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने अगले दो-तीन दिनों तक के आगामी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है। विधायक मनीष जायसवाल ने खुद अपने फेसबुक पेज के माध्यम से हजारीबाग में लगातर हो रहे बारिश का एक लघु विडियो पोस्ट करते हुए लिखा है की प्रिया हजारीबाग वासियों, अपना ख्याल रखें। आगे उन्होंने आवश्यक सूचना के बाबत बताया है कि अगले दो से तीन दिनों तक हजारीबाग समेत पूरे राज्य में भारी बारिश का अनुमान है, इसे ध्यान में रखते हुए नमो फुटबॉल प्रतियोगिता- 2023 कटकमसांडी प्रखंड के पूर्व निर्धारित फाइनल मैच जो रविवार को होने वाला था उसे स्थगित कर दिया गया है वहीं दूसरी ओर सदर प्रखंड में गांधी जयंती के अवसर पर शुरू होने वाले नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 के उद्घाटन कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया गया है। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया है की इन कार्यक्रमों की नए तारीखों की घोषणा जल्द की जाएगी ।

### घंघरी के संदीप कुमार यादव को एसएससी में मिली कामयाबी

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के क्षेत्र के ग्राम घंघरी निवासी संदीप कुमार यादव पिता छोटी यादव का चयन एनसीबी (स्वापक नियंत्रण ब्यूरो) विभाग में हुआ है.बताते चलें कि संदीप कुमार यादव एसएससी द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में एनसीबी विभाग में ऑल इंडिया रैंक में 179 वां रैंक पाकर अपने माता-पिता और बरकट्ठा क्षेत्र का नाम रौशन किया है.उन्होंने बताया कि मेरे पिता किसान है और दैनिक मजदूरी का कार्य करते हैं. माता गृहणी है मेरी प्राथमिक शिक्षा गांव के ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय घंघरी, माध्यमिक शिक्षा प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा,तथा इंटरमीडिएट और स्नातक की परीक्षा मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स हजारीबाग से हुई। सफलता के बाद परिवार के साथ-साथ पुरे क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है.सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान बरकट्ठा के द्वारा संदीप कुमार यादव को गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया चूंकि संदीप माध्यमिक परीक्षा की संपूर्ण तैयारी इसी संस्थान से किया था.स्वागत के पश्चात शिक्षक वीरेंद्र कुमार,इंद्रदेव प्रसाद, राजदेव प्रसाद,शहनवाज अंसारी ने बधाई देते हुए भविष्य में इससे भी बड़ी सफलता पाने की कामना किया.संदीप कुमार यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

### शौर्य जागरण रथ यात्रा पहुंचा करियातपुर

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व हिंदु परिषद इकाई बजरंग दल के द्वारा निकाला गया शौर्य जागरण रथ यात्रा रविवार को करियातपुर पहुंचा। इस अवसर पर रथ यात्रा को विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। जिसके बाद करियातपुर दुर्गा मंदिर परिसर में धर्म सभा का आयोजन किया गया। पूजा अर्चना व महाआरती के बाद शौर्य जागरण रथ यात्रा सुबह 7 बजे से प्रारंभ होकर तीन घटों तक नगर भ्रमण कर वापस दुर्गा मंदिर परिसर में लौटे। इस दौरान हिंदूवादी संगठनों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। शौर्य यात्रा के ऐतिहासिक क्षण में भरी बारिश के बावजूद बूढ़े, नौजवान, बच्चे एवं महिलाओ की अपार भीड़ में काफी उत्साह देखी गई। जिसमें 6 पंचायत के 30 गांव के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर धर्म सभा में अयोध्या से आए साधु संतों ने श्रद्धालुओं को सनातन धर्म के बारे में बताया। मौके पर मुख्य वक्ता जन्मेंजय, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव,जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव,जिप सदस्य प्रीति गुप्ता, धनवार पंचायत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, बरसोत पंचायत मुखिया मोतीलाल चौधरी, पालक अनूप यादव,प्रान्त संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह,जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति, सामाजिक समरसता प्रमुख प्रदीप सोनी,बजरंग दल संयोजक प्रशांत सिंह,शौर्य जागरण रथ के संयोजक सुरेंद्र,विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर,खंडकारवाह संतोष कुमार प्रजापति,पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार प्रजापति,बिनोद कुशवाहा, ब्रह्मदेव यादव, सहित हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे नौजवान सभी भक्तगण मौजूद थे।

## दामोदर घाटी निगम में राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस समारोह का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** दामोदर घाटी निगम के हजारीबाग परियोजना में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस समारोह का आयोजन किया गया । दामोदर घाटी निगम के हजारीबाग स्थित विभिन्न कार्यालयों में बीते 15 सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा चल रहा है। पखवाड़ा के तहत स्वच्छता पर लघु संगोष्ठी और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विभिन्न कार्यालयों में साफ-सफाई का दायित्व निभाने वाले चतुर्थवर्गीय कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में सफाई कर्मियों को सफाई मित्र कह कर संबोधित किया गया। इन सभी सफाई मित्रों को दामोदर घाटी निगम के निदेशक (भूसंवि) व परियोजना प्रधान संजय कुमार ने सम्मानित किया । उन्होंने हजारीबाग परियोजना को सफाई की दृष्टि में डीवीसी के आदर्श परियोजना के रूप में मानते हुए सभी सफाई मित्रों का आभार प्रकट किया और कहा कि आपके अथक सहयोग से हमलोग अपने परिसर को साफ-सुथरा रख पाते हैं यह हमारे लिए बड़े ही गर्व की अनुभूति है ।

## स्वच्छ रहकर देश व समाज की स्वच्छता का लिया संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** 02 अक्टूबर गांधी जयंती के एक दिन पूर्व स्वच्छता अभियान के मिशन के तहत ओएसिस स्कूल के सभी सम्मानित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं और छात्र,छात्राओं ने अपनी अपनी ओर से बड़ चढ़कर अपना सामुहिक सहयोग देकर देश व समाज के लिए स्वच्छता एक उत्कृष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है और देश के नाम एक नारा दिया स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता सबका कर्त्तव्य व अधिकार है। इस क्रम में इन्होंने अपने विद्यालय परिसर एवं इसके आस पास की सफाई के साथ साथ हजारीबाग,की हृदय स्थली झील परिसर की भी व्यापक रूप से सफाई करके प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।

इस कार्य में स्कूल के विद्यार्थीयों के साथ साथ हृष्ष्ट के छात्रों ने भी बढ़ चढ़कर इस महत्वपूर्ण कार्य हिस्सा लिया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य डॉ एहसान उल हक ने छात्र,छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा स्वच्छता को बढ़ावा देकर ही स्वच्छ भारत,स्वस्थ भारत एवं स्वस्थ राष्ट का निर्माण किया जा सकता है।

## विधायक की पहल से मृतक का शव पहुंचा रिम्स से टेरपा गांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** प्रखंड अंतर्गत पालू पंचायत के टेरपा गांव निवासी नानक साव कुछ दिनों से किडनी एवं लिवर रोग से ग्रसित थे वे रिम्स में ईलाजरत थे। उनके परिजनों द्वारा दूरभाष के माध्यम से जानकारी प्राप्त होने पर बड़कागांव विधायक सुश्री अंबा प्रसाद ने अपने निजी सचिव को रिम्स अस्पताल भेज कर समुचित ईलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया जिसके बाद निजी सचिव संजीत कुमार तत्काल अस्पताल पहुंचे और उनका कुशलक्षेम जाना परंतु उपचार के दौरान नानक साव की मृत्यु हो गई ।

## माण्डू विधायक ने शिक्षा के मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने अपने कार्यकर्ताओं संग मिलकर प्रधानमंत्री के आह्वान पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत,शिक्षा के मंदिर विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज एवं टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज के गंदे परिसर को साफ-सुथरा कर स्वच्छ बनाया । स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाते हुए माण्डू विधायक ने आगे कहा कि

स्वच्छता से अनेकों बीमारी अपना रास्ता बदल लेती है,यही बात को मोदी जी ने सार्थक करने का प्रयास किया है।हमारा विष्णुगढ़ स्वच्छ हो इसमें सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी पड़ेगी। विष्णुगढ़ की जनता से विनम्र अपील है, घरों के गंदे पानी को सड़क पर ना बहाए,पनसोखा का उपयोग करें जिससे जलस्तर भी बढ़ेगा और गंदगी भी नही होगी।साथ ही मेरे विधायक मद से अभी चेडरा पंचायत में पनसोखा का निर्माण किया जा चुका है,और जरूरत के हिसाब से आगे किया जायेगा ।इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,महामन्त्री गुरु प्रसाद साव,उपाध्यक्ष महादेव मंडल, मंत्री निर्मल कुमार,हरि यादव, भाजयुमो जिलाउपाध्यक्ष हिरामन महतो, जीवन सोनी,महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी, महामंत्री गायत्री देवी, बासुदेव महतो,नीतीश कुमार बरनवाल, राजकुमार महतो, राजू यादव, शशि लाहकार,कन्हाई यादव, अनुज मिश्रा,अर्जुन मंडल, रामधन माली, मन्नू कुमार पांडेय,सुरेश राम,संजय कुमार, किशोर यादव,संतोष पासवान,सुरेश रजवार, जगनाथ महतो,दामोदर महतो, रघुनन्दन प्रसाद,मेघु महतो, चुरामन महतो समेत काफी संख्या लोग उपस्थित थे।

## कटिया में स्वच्छ भारत अभियान के तहत चलाया गया सफाई अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** ग्राम पंचायत कटिया में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के निमित मुखिया किशोर कुमार महतो के नेतृत्व में सफाई अभियान के तहत पंचायत सचिवालय कटिया शिव मंदिर आंगनबाड़ी केंद्र के साथ गांव के गली-मोहल्ले को साफ-सफाई किया गया।साथ ही ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया और कहा गया कि अपने-अपने घर के पास सफाई के प्रति प्रत्येक दिन एक-एक घंटे का श्रमदान देने से हम अपने पूरे पंचायत को गंदगी से दूर कर सकते हैं।वहीं मुखिया ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरा भारत एक तारीख़ एक घंटा एक साथ अभियान पूरे देश में एक साथ आयोजित किया गया है।मौके पर उप मुखिया नंदकिशोर महतो बालकिशुन महतो गणेश कुमार ठाकुर गोविंद महतो रणधीर कपूर मनीष कुमार रवि कुमार विनोद कुमार योगेश्वर महतो नंदकिशोर महतो घनू महतो दीपक कुमार सूरज कुमार जगन महतो राजेश कुमार अजय कुमार इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## एक अक्टूबर को गोलीकांड में शहीद हुए शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** डाडी गोली कांड में शहीद हुए शहीदों को कर्णपुरा बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। भारी बारिश के कारण डाडी कला पंचायत सचिवालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता डॉक्टर मिथिलेश कुमार दांगी, संचालन मुखिया इलियास अंसारी वा इंद्रदेव प्रियदर्शी ने किया। सभा को रामदुलार साव, ईमाम, राकेश कुमार, सोनू इराकी, लखींद्र ठाकुर, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, दीपक दास, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो इब्राहिम, शंकर कुमार भुइयां ने संबोधित किया। सभी आंदोलनकारियों ने कोल कंपनी के अगले माइंस पीट को रोकने का संकल्प लिया।

## कोबरा वाहिनी 203 ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चलाया स्वच्छता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं इस वाहिनी के उच्य कार्यालय के आदेशानुसार 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 02 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि के रूप में देश भर में 01 अक्टूबर 2023 को एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें 203 कोबरा वाहिनी बरही हजारीबाग के अधिकारियों व कार्मिकों की ओर से सुबह 10 बजे से 11 बजे तक बरही अनुमंडलीय अस्पताल में विशेष स्वच्छता अभियान 203 कोबरा वाहिनी के कमांडेंट पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया एवं सभी को कचरा निपटान एवं गिला एवं सुखा कचरा को अलग-अलग रखने की विधि की भी जानकारी दी गई। पवन कुमार सिंह कमान्डेण्ट 203 वाहिनी ने बताया कि 203 कोबरा वाहिनी नक्सल विरोधी अभियान के साथ स्वच्छ जीवन शैली के प्रति आम जनमानस को प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में अन्योन्याश्रय संबंध है क्योकि कई ऐसी बीमारियां है। जिनका मुख्य कारण अस्वच्छता एवं गंदगी हैं। इससे बचाव का एक मात्र उपाय है कि स्वच्छता को बढ़ावा देना। यदि हम अपने आस पास साफ सुथरा रखेंगे तभी मच्छरों एवं कीटाणुओं का प्रकोप कम होगा। इस अभियान में बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ. प्रकाश ज्ञानी एवं सभी चिकित्साकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी एवं बरही निवासी ने बेहद उत्साहपूर्वक और सक्रिय होकर मुख्य रूप से शामिल हुए एवं इस अभियान की भूरी भूरी प्रशंसा करते हेतु बताया कि भविष्य में इस तहत का स्वच्छता अभियान चलाया जाये। इस स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में पवन कुमार सिंह कमान्डेण्ट 203 कोबरा वाहिनी, प्रवीण कुमार सुमन मुख्य चिकित्सा अधिकारी 203 कोबरा बाहिनी, गौरव कुमार द्वितीय कमान अधिकारी 203 कोबरा वाहिनी, गंगवाने कैलाश संभाजी द्वितीय कमान अधिकारी 203 वाहिनी, प्रितीन्दर राजपुत उप कमाण्डेंट 203 कोबरा वाहिनी, बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डॉ प्रकाश ज्ञानी अन्य चिकित्साकर्मी एवं 203 कोबरा के अधिकारी अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने भाग लिया।

## नगर निगम द्वारा एक घंटे का श्रम दान कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन को स्वच्छंजली हेतु भारत सरकार के अपील पर नगर निगम हजारीबाग द्वारा कुल 72 चयनित स्थानो विभिन्न संगठनों एवम जन मानस के भागीदारी से एकदिवसीय एक घंटे का श्रम दान कार्य क्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इसमें मुख्य स्थल गांधी मैदान, हजारीबाग झील, कर्जन ग्राउंड, एवम डीवीसी कॉलोनी था। इस श्रमदान कार्यक्रम अनेक संगठनों की सहभागी रही जिससे जनमानस के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाया जा सके। कर्जन मैदान मे नगर निगम और बीएसएफ जवान व अन्य संगठनों ने मिलकर श्रम दान अभियान को सफल बनाया इस क्रम में कर्जन मैदान एवम टैक्सी स्टैंड से कर्जन मैदान तक श्रम दान से सफाई की गई। मटवरी के गांधी मैदान में नगर निगम वसुधा कल्याण, आनंदा कॉलेज, एनएसएस, मेहरू विकास केंद्र एवम आम जनों ने भाग लिया ।इस क्रम में गांधी मैदान के किनारे एवम दुकान के परिसर को साफ कर दुकानदारों को डस्टबिन रखने को कहा गया। झील परिसर की सफ़ाई निगम की टीम सीआईएसएफ, ओएसिस स्कूल, स्वच्छता स्वास्थ्य एवम पर्यावरण समिति के द्वारा कियागया। आज का एकदिवसीय श्रम दान कार्यक्रम नगर निगम के प्रशासक के निर्देशानुसार सहायक नगर आयुक्त अनिल कुमार पांडे, बिपिन कुमार,कार्यपालक अभियंता रमेश कुमार सिंह नगर प्रबंधक राजीव रंजन, महफूज आलम, फरहत अनीसी,आलोक नारायण, निरंजन सिंह प्रधान सहायक की देखरेख में संपन्न की गई।

## कविता हामर सोक नाय खोरठा काव्य संग्रह का मुरैना में हुआ लोकार्पण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत की गुलनचो कुमार ने कवयित्री,मैं पाप क्षितिज से हार गई पुस्तक से चर्चित कवयित्री गुलांचो कुमारी की चर्चा साहित्य जगत में एक बार फिर से जोर शोर से चल रही है। किंतु इस बार चर्चा केवल हिंदी साहित्य जगत में ही यह सीमित नहीं है बल्कि यह ख्याति चर्चा अब खोरठा जगत में भी चल रही है। विदित है कि,विश्व साहित्य शिखर सम्मेलन मुरैना में इनका नया खोरठा कविता संग्रह 'कविता हामर सोक नाय% का लोकार्पण प्रसिद्ध साहित्यकार के हाथों हुआ है। साहित्य जगत में गुलांचो कुमारी का नाम नवोदित पीढ़ी का नाम माना जा सकता है, जिनकी रचनाएं लोगों को पसंद आ रही है। आपके प्रकाशित पुस्तक ÷मैं पाप क्षितिज से हार गई÷ (कविता संग्रह)2021 , रश्मि प्रकाशन लखनऊ, को खासी ख्याति प्राप्त हुई है। किताब लगातार बिक रही है।युवा कवयित्री गुलांचो कुमारी कहती हैं कि - कविता करना मेरा शौक नहीं, मजबूरी है। शोषित, पीड़ित, विस्थापित हुए लोगों की चिंता से उपजे भावों की अभिव्यक्ति है , उन स्त्रियों की दर्द पीड़ा है जिसकी चीखें समाज से बाहर नहीं निकल पाती,कुछ निजी जीवन संघर्षो की उपज है-'कविता हामर सोक नाय संग्रह ।

गुलांचो कुमारी खांटी खतियानी

### लगातार हो रही बारिश से खपरैल मकान ढहा, 4 वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना बंद

## बादम गांव कोल कंपनी के अधिग्रहण क्षेत्र से बाहर है फिर भी आवास योजना को अधिकारी चालू नहीं होने दे रहे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** शनिवार से ही रही बारिश के कारण प्रखंड के ग्राम बादम में अब्दुल समद का खपरैल मकान ढह गया। गनीमत रही के जिस समय मकान गिरा उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था वरना कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। बताते चले के बादम पंचायत में कई ऐसे खपरैल घर हैं जो गिरने के कगार पर है। अगर बादम में खपरैल मकान के गिरने से किसी व्यक्ति की जान जाती है तो इसका सीधा जिम्मेवार प्रशासन ही होगा। बादम पंचायत में लगभग 4 वर्षो से प्रधानमंत्री आवास योजना बंद हो गया जिसके कारण गरीबों का मकान नहीं बन पा रहा है। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य सहाब अकबर ने अंबेडकर आवास की मांग की है। उन्होंने कहा के अब इनके पास रहने के लिए घर नही है। बताते चलें की प्रधानमंत्री आवास योजना बादम पंचायत में चालू कराने के लिए सांसद, विधायक से लेकर अधिकारियों तक को बोला गया लेकिन किसी के कान में जूं तक नहीं रेंगी। हमेशा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना चालू कराने का झूठा आश्वासन दिया गया। बादम गांव कोल कंपनी के अधिग्रहण क्षेत्र से बाहर है फिर भी आवास योजना को अधिकारी चालू नहीं होने दे रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा के न तो अब अधिकारियों पर भरोसा रहा और न ही जनप्रतिनिधियों पर भरोसा। हम गरीबों का दुखड़ा सुनने वाला कोई नही है। जहां एक ओर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कहते हैं के कोई भी परिवार बिना मकान का नही रहेगा वहीं उसी सरकार के अधिकारियों के वजह से बादम पंचायत में लगभग 300 प्रधानमंत्री आवास पीछे 4 सालों से रुका हुआ है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# क्षेत्र की विभिन्न समस्यायों को लेकर पंचायत के प्रतिनिधि रामगढ उपायुक्त से मिले, सौपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** उरीमारी ग्राम पंचायत सहित क्षेत्र के विभिन्न मूलभूत विकास कार्यो के लिए झारखंड प्रदेश राजद उपाध्यक्ष संतोष यादव, झामुमो नेता सह झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के बरका सयाल क्षेत्रीय सह सचिव सत्येंद्र यादव एवं लव कुमार मेहता ने रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार से मिलकर उन्हे ज्ञापन सौपा। जिसमे क्षेत्र के विभिन्न समस्यायों से उपायुक्त को अवगत कराया गया।वही वही ज्ञापन मे सयाल हिल व्यू स्टेडियम का सुंदरीकरण एवं मरमती, पंचायत सचिवालय के बगल में आधुनिक सामुदायिक भवन का निर्माण, बस स्टैंड सयाल में सोलर आधारित मास्क लाइट का अधिष्ठापन, जमुरिया बाजार में पंडित होटल के बगल में सोलर आधारित मास्क लाइट का अधिष्ठापन, शिव मंदिर दामोदर नदी के किनारे गाडवाल का निर्माण, गजमफार अली के क्वार्टर से लेकर प्रिंस रोड कुआं तक पीसीसी सडक का निर्माण, सरजू मेहरा के क्वार्टर से लेकर बाल विद्या अंबेडकर स्कूल तक पीसीसी सडक का निर्माण,सीसीएल सौंदा मुख्य पथ से प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर तक पी सी सी सडक एवं पुलिया का निर्माण, मयूर स्टेडियम का नवनिर्माण एवं सौंदर्यकरण, रीवर साइड स्थित बंद पड़े सीसीएल के डिस्पेंसरी मे डॉक्टर, नर्स, कंपाउंडर,ड्रेसर, दवा आदि की व्यवस्था रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन ( न्यास ) के माध्यम से संचालित करने तथा ग्राम पंचायत बुधबाजार दोतल्ला के पंचायत सचिवालय भवन कि चार दीवारी का निर्माण,जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा से पुराना थाना मुहल्ला होते हुवे पोस्ट ऑफीस तक पीसीसी सडक का निर्माण , दुंदुवा से शिवनगर, बीटीटीआई होते हुवे इमली गाछ,छठ घाट तक पीसीसी सडक का निर्माण, बुधबाजार मुख्य सड़क से मयूर स्टेडियम तक पीसीसी सडक का निर्माण,बी टी टी आई गेट से बुधबाजार हाट तक पीसीसी सडक का निर्माण, नायक टोला से पुराना थाना मुहल्ला तक पीसीसी सडक एवं पुलिया का निर्माण, आजाद नगर से नया मांझी टोला तक पीसीसी सडक का निर्माण, ग्राम दुंदुवा में डीप बोरिंग कर सौर ऊर्जा आधारित जल मीनार का निर्माण, बुधबाजार हाट एवं पंचायत सचिवालय भवन के समक्ष सोलर आधारित मास्क लाईट का अधिष्ठापन करने, दुंदुवा में आधुनिक सामुदायिक भवन का निर्माण, केंद्रीय सरना स्थल रिवरसाइड में आधुनिक सामुदायिक भवन एवं सेड का निर्माण, का निर्माण करने का आग्रह कीया। उपायुक्त महोदय द्वारा उक्त सभी कार्यो को रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन( न्यास ) निधि एवं अन्य फंड से तत्यकाल कराने कि प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया।

# सयाल में भारी बारिश के बावजूद भी लोगो ने सफाइ अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल बाजार स्थित कैप्टन होटल के समीप रविवार को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सामूहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बरका सयाल महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार ने की। वही लोगो ने सुबह से हो रही भारी बारिश के बावजूद भी बडे पैमाने मे सफाई अभियान चलाया एंव लोगो को क्षेत्र की साफ सफाई के प्रति जागरूक किया गया। वही इस सफाई अभियान में सीसीएल बरकासयाल के स्टाफ आफिसर ईएंडएम अमरेन्द्र कुमार, अजय कुमार, ऋत्विक दास गुप्ता, देवब्रत गुप्ता, एन के सिंह, मजदुर संघ के प्रतिनिधियो ने श्रमदान कर भारत देश को स्वच्छ बनाने के अपने दृढ निश्चय एंव प्रतिबद्धता को कार्यान्वित किया।

## कोलियरी सिरका से स्क्रैप लोहा काटना आरंभ

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल कोलियरी सिरका खुली खदान के ऊपर पड़े पुराने शांवल मशीन स्क्रैप काटना आरंभ हो चुका हैं। इसे लेकर सुरक्षा विभाग ने बताया कि सिरका से वरीय प्रबंधन ने करीब तीन सौ टन स्क्रैप काटने के संदर्भ में आदेश भी जारी कर दिया गया हैं। वहीं स्क्रैप कटिंग के लिए कामगार भी अपने कार्य में लग चुके हैं। बताया जाता है अनहोनी भांप प्रबंधन ने पुराने भारी मशीन को कटिंग कर हटाने की तैयारी की हैं। जिसे लेकर कार्रवाई आरंभ हो गया है।



## स्वच्छता ही सेवा के तहत साफ सफाई चला, टी-शर्ट जूट थैली किया गया वितरण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन के महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे व अन्य अधिकारियों के द्वारा रविवार को नगर परिषद सिरका के ग्राम कउवाबेड़ा में स्वच्छता ही सेवा के तहत साफ सफाई व टी शर्ट, जूट थैली का वितरण किया गया। अवसर पर महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे ने सभी से स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने अपने ग्रामीण क्षेत्र में साफ सफाई कर निरोगी रहने की बातें कहीं। अवसर पर अरगड्डा क्षेत्र अमला अधिकारी मोहम्मद फैयाज उल हक, अधिकारी रजत कुमार जायसवाल उपस्थित रहे। अंत में जीएम सुधांशु पांडे ने सभी को धन्यवाद देते हुए श्रमदान उत्सव स्वच्छता ही सेवा के 2023 कार्यक्रम के समापन की घोषणा किया। मौके पर प्रबंधक कार्मिक सिरका इकाई के निखिल श्रीवास्तव, कर्मचारी दुर्गेश सिंह, रोहन कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



## मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय से स्वच्छता अभियान चलाया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय से स्वच्छता अभियान चलाया गया । जो हर चौक चौराहा पर सहीया एवं सहिया साथी द्वारा साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया । साथ में स्वच्छता के बारे में जानकारी दिया गया । जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित मांडू चट्टी पंचायत की मुखिया अनीता देवी सहिया साथी सभ्यया पांडे सहीया शबाना आज़मी मंजू देवी सविता देवी समाजसेवी बालेश्वर भूईया मोहम्मद मिस्टर आलम शामिल हुए।



# सीसीएल प्रबंधन द्वारा दि गई नोटिस का विस्थापितों ने खुलकर किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के ग्राम रसकाटोला में रैयत विस्थापित मोर्चा ने बैठक की जिसकी अध्यक्ष जुरा सोरेन ने की वही इस बैठक का संचालन विजय सोरेन ने किया। इस बैठक में सीसीएल प्रबंधन बिरसा परियोजना द्वारा ग्रामीणों को पुनर्वास एवम विस्थापन के लिए घर मापी को लेकर नोटिस दिया है। जिसमे सीसीएल प्रबंधन के इस नोटिस का ग्रामीणों ने खुलकर विरोध किया।वही रैविमो के शाखा अध्यक्ष जूरा सोरेन ने कहा कि जब तक रास्काटोला के ग्रामीणों को नौकरी एवं मुआवजा सीसीएल प्रबंधन द्वारा नही दिया जाता है तब तक रास्काटोला का घर का मापी नहीं होने दिया जाएगा। वही इस बैठक में मुख्य रूप से रैयत विस्थापित मोर्चा बरका सयाल क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव मोहन सोरेन, लुदवा टुडू, दकलू टुडू, मठु टुडू, मनोज सोरेन,रवि सोरेन, जतरू सोरेन, मुंशी मांझी,गुप्ता सोरेन, जयपाल सोरेन, राजू टुडू, राजेश मुर्मू, मनीराम मरांडी, कमलेश सोरेन, प्रकाश हेम्ब्रोम, गोपाल सोरेन, सरजू सोरेन, विजय टुडू, राहुल सोरेन, सुनील सोरेन, महादेव सोरेन, गुड्डू मुर्मू, चेतलाल मरांडी, बबलू मरांडी, सोमरा हंसदा, प्रेम मरांडी, सूरज हेम्ब्रोम, अजय सोरेन आदि लोग उपस्थित थे।

# नमामि गंगे योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ गंगा आरती का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नमामि गंगे योजना अंतर्गत 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज दिनांक 30 सितंबर 2023, शनिवार को चितरपुर प्रखंड अंतर्गत रजरप्पा मंदिर परिक्षेत्र में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं रामगढ़ जिले वासियों सहित अन्य की उपस्थिति में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, राज्य समन्वयक नमामि गंगे योजना अंजना भारती सहित अन्य का दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर स्वागत किया गया। गंगा आरती के पूर्व उत्तर प्रदेश राज्य के बनारस से आई टीम ने शिव तांडव स्रोत सहित अन्य मनमोहक नृत्यों के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया जिसके उपरांत बनारस के ही पंडितों के द्वारा संस्कृत श्लोकों भजनों व मंत्रों के साथ गंगा आरती संपन्न कराई गई। गौरतलब होकि नमामि गंगे योजना के तहत पूर्व में भी रजरप्पा मंदिर परिक्षेत्र में गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया है पर इस बार उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर भव्य तरीके से गंगा आरती का आयोजन कराया गया वहीं उपायुक्त द्वारा जारी किए गए वीडियो संदेश के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं सहित अन्य लोगों ने गंगा आरती कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## केंद्रीय महाधिवेशन में शामिल होने के लिए आजसू पार्टी के कार्यकर्ता रांची के लिए हुए रवाना

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी आयोजित तीन दिवसीय महाधिवेशन के अंतिम दिन नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में नगर परिषद क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता रांची के लिए रवाना हुए। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि आजसू का महाधिवेशन झारखंड नव निर्माण का संकल्प समागम होगा।इसलिए महाधिवेशन को पूरे राज्य का अधिवेशन बनेगा।इसका उद्देश्य राज्य के निर्माण में योगदान देने वाले आंदोलनकारियों का सम्मान करना है। मौके पर वार्ड पार्षद देवधारी महतो,रोशन कुमार,भुनेश्वर महतो,राजेंद्र महतो,नरेश महतो,अरविंद महतो,ललिता देवी,सीता देवी,सुरेश महतो,नुनूलाल महतो,पुरुषोत्तम कुमार,अनिल पटेल,सुगंध महतो आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## विस्थापितों के साथ सीसीएल प्रबंधन की बैठक कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल आरा कोलियरी के डूमरबेड़ा के विस्थापितों व परियोजना प्रबंधन की बैठक रविवार को पीओ कार्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान मुरपा पुनर्वास स्थल ओर शीघ्र प्लाटिंग करने, विस्थापितों को विस्थापित प्रमाण पत्र निर्गत करने, छूटे हुए घरों की मापी कर शीघ्र भुगतान, शिफ्टिंग, सब्सटेंस एलाउंस, इंसेंटिव आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में पीओ ओमप्रकाश सिंह, खान प्रबंधक,सर्वे अधिकारी तापस मुखर्जी सहित विस्थापित हाजी अफज़ल, मो.अल्लाउद्दीन, सोनाराम मांझी, वाहिद अंसारी, हाजी अशरफ, मुबारक हुसैन, शहीम जाफ़री, हैदर अली, गुमिलाल मांझी, मो.अली हसन, बहाराम मांझी, मक़बूल अंसारी, अली हुसैन आदि शामिल हुए।



# शहीद मायाराम महतो का 53 वां शहादत दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** गोला प्रखंड के पतरातू गांव में शहिद मायाराम महतो का 53वां शहादत दिवस मनाया उपस्थित अतिथियों द्वारा शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनके द्वारा बताए गए मार्गदर्शन पर चलने को कहा गया कार्यक्रम की अध्यक्षता राम दास महतो एवं संचालन सुनील राज चक्रवर्ती ने किया कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों के रूप में जिला परिषद सदस्य सुश्री रेखा सोरेन,विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह, झारखंड युवा मोर्चा बोकारो जिला अध्यक्ष परमानंद सोरेन, क्षेत्र के युवा समाजसेवी लक्ष्मण महतो, बरलंगा उपरबरगा मुखिया जितलाल टुडु, आलम अंसारी,जेबीएसएस नेत्री पुजा महतो, ललित महतो सभा को संबोधित करते हुए कहा शुद्ध खोरी महाजनी प्रथम शोषण जुल्म अत्याचार के खिलाफ मायाराम महतो के बलिदान को कोई बुलाया नहीं जा सकता आज ऐसे महापुरुषों के बलिदान से ही सूदखोरों के जुल्म से हम लोग आजाद हुए हैं और इस क्षेत्र में पूंजीपति सूदखोरों के खिलाफ लड़ाई में उन्होंने अपनी जान भी गवा दी आज उनके सवाल शहादत दिवस पर सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में संयोजक जयप्रकाश महतो रमेश महतो वकील सिंह हृदय सोरेन सुभानी अंसारी चुन्नू महतो वीरेंद्र महतो जानकी महतो महानंद महतो भुनेश्वर महतो बालक महतो मंजूर अली बहादुर करमाली नरेश महतो पलटन महतो वर्षा महतो काली नाथ महतो बंधु महतो गोपेश्वर महतो संजय महतो आदि थे।

# लापता सुजल करमाली का शव भदानीनगर ओपी क्षेत्र के पोखर खदान से मिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा पटेल नगर करमाली टोला के सुजल करमाली उम्र 22 वर्ष कल दोपहर से ही लापता बताया जा रहा था। जिसका मिसिंग कंप्लेन भुरकुंडा ओपी में दी गई थी। शाम में दोस्तो से बात हुआ था जिस पर उसने तेतरिया खदान में होने की बात कही। काफी देर रात तक घर नहीं आने पर परिजनों, आसपास के लोगों व भुरकुंडा पुलिस द्वारा खोजबीन करने के बाद नहीं मिलने पर मोबाइल पर संपर्क करने पर उसका मोबाइल, हेलमेट, चपल भदानीनगर ओपी क्षेत्र के तेतरिया पोखर खदान में मिला । जिसके बाद भदानीनगर पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा भारी बारिश में काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। जिसके बाद भदानीनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजने में जुटी और आगे की जांच पड़ताल जारी है। वहीं घटनाक्रम के बाद लोगों के बीच मौत को लेकर चर्चा बना हुआ है ।

# सीसीएल के निदेशक ने तोपा में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का किया समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** सीसीएल कुजू क्षेत्र में पिछले एक पखवाड़े से चल रहे स्वच्छता हीं सेवा पखवाड़ा का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल के निदेशक पीएंडपी बी साईराम मौजूद थे। निदेशक सहित कुजू महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा व विभिन्न परियोजनाओं से आए कोयला अधिकारियों-कर्मियों के साथ तोपा शापिंग सेंटर के आसपास झाड़ू लगाकर कूड़ा-करकट की साफ-सफाई की। वहीं गांधी जयंती की पूर्व संध्या एक दर्जन से अधिक स्वच्छता कर्मियों को उनके अहम योगदान के लिए सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान किया। मौके पर निदेशक बी साईराम ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया था। हम स्वच्छ रहकर हीं स्वस्थ रह सकते हैं। हमें इस उपलक्ष्य में स्वच्छता के प्रति संकल्पित होना चाहिए। वहीं जीएम श्री सिन्हा ने भी दैनिक जीवन में स्वच्छता को शामिल करने का आह्वान किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत कैप पहना कर किया गया।कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक कार्मिक प्रताप रंजन ने किया। इस दौरान एसओ माइनिंग अजीत कुमार सिंह, एसओ पीएंडपी पीसी साहू, सारूबेड़ा पीओ सुशील कुमार सिंह, पुण्डी पीओ अभिमन्यु सिंह, शाह खान, खान प्रबंधक मनोज कुमार सिंह, डिस्पैच अधिकारी नीलेश कुमार, कार्मिक प्रबंधक अविनाश कुमार श्रीवास्तव, अभियंता राजेश कुमार, आदि थे।

## समाज में फैली बुराइयों को खत्म करने का एक मात्र उपाय सत्संग : संत रामपाल महाराज

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के ढुठुवा गांव में रविवार को जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज का पवित्र धर्म शास्त्रों के आधार पर ऑनलाइन प्रोजेक्टर के माध्यम से आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। आध्यात्मिक सत्संग में रामगढ़ जिले के काफी श्रद्धालुओं ने सत्संग में शामिल हुए। संत रामपाल महाराज ने अपने सत्संग के माध्यम से बताया कि तत्व ज्ञान के अभाव से आज समाज गलत दिशा की ओर जा रहा है। मानवता का नाश होते जा रहा है वही सब बुराईयों से दूर करने के लिए संत महाराज ने सत्संगो के माध्यम से ज्ञान बताए जिसे सुनने के बाद लोगों ने संत जी के ज्ञान की प्रसंशा किए और उनसे नाम उपदेश लिए। वही सत्संग में शामिल जिला सेवादार राजेश दास ने बताया कि रामपाल जी महराज के द्वारा देश भर में 500 सौ से अधिक नाम दीक्षा केंद्र है जिन पर निशुल्क नाम दीक्षा दी जा रही है अब आप भी संत रामपाल जी महाराज से इस नंबर में मिस्कॉल कर के निशुल्क नाम दीक्षा प्राप्त कर सकते हैं।



# श्री दसलक्षण महापर्व उत्तम क्षमा के साथ विधि पूर्वक संपन्न हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री दिंगबर जैन मंदिर रामगढ़ मे पण्डित दीपक शास्त्री जी के सानिध्य मे उत्तम क्षमा धर्म का पूजा हूवा । समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने क्षमा याचना करके समाज की और से सभी सदस्यों से क्षमा मांगा। वर्तिधारी प्रवीण पाटनी एवम संजय सेठी को अभिनंदन पत्र देकर स्वागत किया गया। पंडित दीपक शास्त्री जी को शॉल एवम अभिनंदन पत्र देकर उनका स्वागत किया गया। रांची रोड मंदिर में लौंग का माला पहने का शोभाग्य अमराव देवी पाटनी के परपोता मर्दाव पाटनी को मिला। रामगढ़ मंदिर मे लौंग का माला पहने का शोभाग हीरालाल जी किरण देवी पाटनी को मिला। अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने कहा छोटा सा संसार , गल्तियाँ अपार,आपके पास है, क्षमा का अधिकार,कर लीजिए स्वीकार। सम्पूर्ण वर्ष के दौरान जाने या अनजाने में मुझे मेरे पल पल , एक एक कण से मैंने किसी को निराश किया हो तो ये मस्तक झुकाकर हाथ जोड़ कर इस दसलक्षण महापर्व 2023 पर दिल की अंतरिम गहराइयों से क्षमा याचना।

# लगातार हो रही वर्षा के कारण देश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ रजरप्पा में पुल के ऊपर से पानी बहने लगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दो दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण देश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ रजरप्पा में पुल के ऊपर से पानी बहने लगा है। जिसके कारण पश्चिम बंगाल, धनबाद, बोकारो व गिरिडीह आदि जगहों से आनेवाले श्रद्धालुओं को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोग जान जोखिम में डालकर इस पुल को पारकर माँ भगवती के दर्शन को पहुँच रहे हैं। हांलांकि मन्दिर न्यास समिति के द्वारा लोगों से नदी के तेज धार में ना जाने की अपील भी की जा रही है। दो दिनों से हो रही वर्षा के कारण नदी किनारे बने कई दुकानों को भी नुकसान पहुँचा है। कई बाँस-बल्ली की दुकानें जलमग्न हो गई हैं। वहीं नदी किनारे की दुकानों को जलमग्न होने से दुकानदारों को भारी आर्थिक क्षति हुई है।

# रामगढ़ कैंट मंडल में मोदी के आह्वान पर स्वच्छता अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बिजोलिया तालाब के इर्द गिर्द रामगढ़ कैंट मंडल भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष शिवकुमार महतो के नेतृत्व में शिवकुमार महतो ने कहा रामगढ़ कैंट का एकमात्र बिजूलिया तालाब जो शहर में बसा है इसके रखरखाव के लिए छावनी परिषद को प्रत्येक दिन सफाई करने की आवश्यकता है और यह निरंतर सफाई व्यवस्था चलना चाहिए स्वच्छ भारत अभियान यदि हम सप्ताह में 1 घंटा भी अपने समाज में साफ सफाई पर ध्यान देते हैं तो सचमुच समाज से गंदगी का अंबार खत्म हो जाएगा यह आह्वान विश्व के प्रसिद्ध हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आवाहन है और यह निरंतर चलता रहेगा मौके पर उपस्थित केंट मंडल के पदाधिकारी सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे सांसद प्रतिनिधि रविंद्र शर्मा प्रोफेसर संजय प्रसाद सिंह, प्रोफेसर आलोक सिंह ,महामंत्री सूर्यवंश श्रीवास्तव, महामंत्री ऋषिकेश सिंह ,सुशांत पांडे, शीतल सिंह, संतोष कुमार शाह, मिथलेश मंडल, बृजेश पाठक अजीत गुप्ता तथा कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## 6 अक्टूबर से शुरू होगा वार्षिक मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मीशो ने मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 6 अक्टूबर से शुरू किए जाने कि घोषणा कि। कंपनी अपने बहुमूल्य ग्राहकों को किफ़ायती मूल्य में आसानी से विस्तृत संग्रह और बेहतरीन अनुभव प्रदान करती रहेगी। 30 श्रेणियों में 14 लाख से ज़्यादा विक्रेताओं और 12 करोड़ उत्पादों के साथ मीशो यह सुनिश्चित करना चाहता है कि इन त्योहारों पर पूरे भारत में ग्राहकों को ढेर सारे किफायती विकल्प मिल सकें।पर्सनल केयर एवं ब्यूटी, होम एवं किचन और इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज़ जैसी श्रेणियों में साल-दर-साल 100त्न वृद्धि होने की उम्मीद है। त्योहारों से पहले मीशो ने अपने प्लेटफॉर्म पर एक इनोवेटिव लॉयल्टी प्रोग्राम पेश किया है, जो ग्राहकों और विक्रेताओं, दोनों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया गया है। इस लॉयल्टी प्रोग्राम के अन्तर्गत यूज़र्स को त्योहारों के पूरे सीज़न में खरीदारी का सुगम अनुभव मिलेगा, और वह मीशो का विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो बेहतर तरीके से प्राप्त कर पायेंगे इसके अलावा, मीशो ने मीशो गोल्ड भी लॉन्च किया है, जिसमें एथनिक वियर, ज्वेलरी और होम एवं किचन जैसी श्रेणियों में भरोसेमंद और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का विस्तृत संग्रह शामिल है। ये उत्पाद रिव्यू और उपलब्धता आदि के आधार पर संकलित किए गए हैं। मीशो पर त्योहारों के लिए पिछले दो महीनों में लगभग 2 लाख नए विक्रेताओं का आगमन हुआ है। ये विक्रेता मौसमी कर्मचारियों को काम पर रखकर अपने उत्पादों का विस्तार करके और स्टोरेज के लिए अतिरिक्त जगह किराए पर लेकर त्योहारों पर मांग में होने वाली वृद्धि को संभालने की तैयारी कर रहे हैं। मीशो पर रजिस्टर्ड विक्रेताओं द्वारा त्योहारों के लिए लगभग 3 लाख से ज़्यादा मौसमी कर्मचारियों को नियुक्त किए जाने का अनुमान है, जो मैनुफैक्चरिंग, पैकेजिंग और सॉर्टिंग सहित विभिन्न कार्यों में उनकी मदद करेंगे।

## सभी पंचायत में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत अंतर्गत स्वक्षता अभियान चलाया गया। इस कड़ी में ग्राम पंचायत बदवारा के हथबोर में महात्मा गाँधी जी के सपने स्वच्छ भारत को बनाने के राह पर मुखिया प्रतिनिधि रघुनन्दन कुशवाहा के नेतृत्व में पुरे गांव को स्वच्छ किया गया एवं ग्रामीण महिलाओं को स्वच्छता का गुणों को समझाया गया ताकि गांव स्वच्छ तो पंचायत स्वच्छ हो सके। मुखिया जी ने सभी सहिया, सेविका, जल सहिया एवं वार्ड सदस्य से अपने अपने गांव में स्वच्छता अभियान चलाने की सलाह दिए हैं ताकि सम्पूर्ण पंचायत स्वच्छ पंचायत हो सके द्य मौके पर जलसहिया उर्मिला कुमारी, सेविका बसंती कुमारी, सरवस्ती देवी, अनिल वर्मा, अमर वर्मा, चमेली देवी, सरिता देवी, मंजू देवी, रेखा देवी, राखी देवी ने भाग लिया, सभी सहयोगकर्ताओ को आभार जताया ।

## स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चितरडीह पंचायत में चलाया गया सफाई अभियान




**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत चितरडीह पंचायत के भीखोडीह से चितरडीह पंचायत भवन तक सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पंचयात में स्वच्छता पखवाड़ा और मेरा माटी मेरा देश का प्रभात फेरी निकाला गया। ग्राम भिखोडीह से स्वच्छता पखवाड़ा सप्ताह और अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरा माटी मेरा देश का जन जागरुकता कलश यात्रा निकल गया। जो भिखोडीह से होते हुए चितरडीह पंचायत भवन पहुंचा। इसके बाद पंचायत भवन और पंचायत भवन के प्रांगण को मुखिया उमा देवी के नेतृत्व में काफी लोगो ने साफ सफाई किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा सप्ताह के कार्यक्रम के तहत सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया । मौके पर मुखिया उमा देवी ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में साफ सफाई का विशेष महत्व है । इसीलिए हमें विद्यालय घर सार्वजनिक स्थान नाली इत्यादि जगहों को साफ सुथरा रखना चाहिए क्योंकि हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया करते थे। अपने आसपास को साफ सफ सुथरा रखा करते थे। हमें भी बापू जी के आदर्शो पर चलना चाहिए। मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक जयप्रकाश सिंह, पंचायत सेवक नुनुलाल हेंब्रम, मुकेश पांडेय, जल सहिया उमा सिन्हा, मो आलम अंसारी, भरत नारायण सिंह, जुमदली मियां, मो सरताज, परवेज चंदन राम, संदीप वर्मा, सद्दाम हुसैन, सदानंद प्र राय, मनीष पांडेय, हर्ष सिंह, पप्पू वर्मा, भुदेव कु सिंह, यशवंत साहु, महेंद्र सिंह, अजित वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## शिक्षिका की सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन




**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी पब्लिक स्कूल महुदा की वरिष्ठतम शिक्षिका रीता रानी श्रीवास्तव सेवा मुक्त हो गई। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने विचार तथा गीत प्रस्तुत किया। रीता रानी ने भावुक होते हुए कहा कि मैंने पूरी लगन, श्रद्धा और समर्पण के साथ अपनी सेवा इस विद्यालय को दी है फिर भी यदि कोई त्रुटि हो गई हो तो मुझे क्षमा किया जाए। विद्यालय के प्राचार्य ए के मंडल ने उनके लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सेवा के अंत के साथ ही आपके लिए सेवा के एक दूसरे रास्ते पर बढ़ने की शुरुआत हो रही है।

## नए अपर समाहर्ता ने किया पदभार ग्रहण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार की संध्या जिले के नए अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर सेवानिवृत हुए अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डीएलओ एम.के. उरांव, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकर के संजय कुमार झा, आईटी मैनेजर रुपेश मिश्रा, बिजनेस एनालिस्ट आनंद कुमार पटेल सहित राजस्व शाखा के कर्मी मौजूद थे।

## अपर महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश देखेंगे पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक का कार्यभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** श्री तरूण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल आज दिनांक 01.10.2023 से रेलवे बोर्ड के निर्देषानुसार पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक का कार्यभार देखेंगे । विदित हो कि कल दिनांक 31.09.2023 को श्री अनुपम शर्मा, महाप्रबंधक/पूर्व मध्य रेल के पद से सेवानिवृत्त हो गये तथा उन्हें पूर्व मध्य रेल द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी । श्री तरूण प्रकाष ''भारतीय रेल सिगनल इंजीनियरिंग सेवा''(IRSSE) सेवा के 1988 बैच के एक ख्याति प्राप्त अधिकारी हैं । आपने आईआईटी, रूड़की से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्यूनिकेषन में बी.टेक. तथा आईआईटी, दिल्ली से कंप्यूटर साइंस में एम.टेक. की षिक्षा प्राप्त की हैं । आपने बिकोन्नी मेलॉन एवं आईएसएम, हैदराबाद से प्रबंधन के क्षेत्र में प्रषिक्षण प्राप्त किया है । आप विभिन्न अध्ययन के क्रम में मलेषिया एवं सिंगापुर भी जा चुके हैं । श्री तरूण प्रकाष, पूर्व मध्य रेल में प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, उत्तर रेलवे में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी एवं मुख्य संचार इंजीनियर तथा मुरादाबाद मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं ।

# धनबाद : 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन के निर्देशानुसार, अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर, धनबाद जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्र में 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को सम्मानित किया गया।

इस संबंध में उप निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी ने बताया कि आज 38 सिंदरी, 39 निरसा, 40 धनबाद, 41 झरिया, 42 टुंडी और 43 बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों में और प्रखंड व अंचल में 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को अंग वस्त्र, माला और पुष्प गुच्छ आदि देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान टुंडी प्रखंड के ओझाडीह कटानिया की 105 वर्षीय नकुला देव्या, मोनो किस्कु, कलियासोल के गफूर मियां, फुलमुखी खातून तारापद मंडल सहित जिले के अन्य 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को सम्मानित किया गया।

## गिरिडीह में भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र में रविवार को भाजपा ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत तमाम भाजपा नेता हाथों में झाड़ू लिए सड़क की सफाई करते दिखे। बाबूलाल मरांडी के साथ गणेश मिश्रा समेत कई नेता हाथ में झाड़ू लेकर खुद सफाई में जुट गए। अंबेडकर चौक से लेकर टावर चौक तक चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और कार्यक्रम संयोजक गणेश मिश्रा और जुडको के डायरेक्टर रविंद्र राय के साथ सबों ने सफाई अभियान चलाया। बाबूलाल मरांडी ने बताया कि भाजपा की ओर से 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत चला स्वच्छता अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वच्छता ही सेवा के तहत आज उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर जिला जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा सिटी सेंटर के आसपास सुबह 10:00 बजे एक घंटे के लिए श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान में निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, वरीय पुलिस उपाधीक्षक यातायात राजेश कु मार, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा सहित अन्य लोग शामिल हुए। वहीं जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं अंचलों सहित सदर अस्पताल में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही प्रखंड कार्यालय परिसर, अंचल कार्यालय व परिसर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्रों में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया।

## कतरास क्षेत्र के अधिकारी व कर्मचारियों ने श्रमदान कर चलाया स्वच्छता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** स्वच्छता ही सेवा के तहत रविवार को कतरास क्षेत्र के एकेडब्लूएमसी कोलियरी कार्यालय परिसर एवं डिस्पेंसरी में अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर साफ सफाई की गयी। अवर महाप्रबंधक कतरास क्षेत्र सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अधिकारी एवं कर्मियों ने स्वच्छता की शपथ ली। मौके पर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक रामानुज प्रसाद, परियोजना पदाधिकारी संजय चौधरी, खान प्रबंधक संजय सिंह प्रशासनिक पदाधिकारी सौरभ सिंह, प्रबंधक कार्मिक राणा एसके सिंह, सहायक प्रबंधक सुश्री प्रियंका कुमार मजदूर यूनियन प्रतिनिधि छोटू सिंह, विपिन राय, संतोष सिंह, नवनीत सिंह, राजू सिंह, जितेंद्र शामिल थे।

## अभिभावक संगोष्ठी सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** संत जेवियर्स उच्च विद्यालाय गादी टुण्डी मे रविवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. अभिभावको को सम्बोधित करते विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर जय प्रकाश डिसुजा ने कहा कि इस विद्यालय कि स्थापना वर्ष 1984 में हुआ था, विगत चालिस वर्षो मे हमने शुन्य से शिखर तक का सफर किया. यहा के बच्चे ने विगत वर्ष मैट्रिक परीक्षा में झारखण्ड मे तिसरा स्थान प्राप्त कर चुका है एवं अभी वर्तमान मे भी सभी अच्छे नंबर से सफल हुए हैं. यहां अभी पन्द्रह सौ चार बच्चे है जो धनबाद के अलावे गिरीडीह एवं जामतारा जिले के है. यहा पढ़ने वाले बच्चो का सार्वांगीन विकास, खेल कुद, संस्कार एवं स्वच्छता पर विशेस जोर दिया जाता है. साथ ही उन्होने ने बच्चो की निगरानी अभिभावक रख सके इसके लिए स्विफट केमपस नामक एप के बारे मे बताया, ज़िससे अभिभावक अपने बच्चो का दैनिक उपस्थिती, विद्यालय शुल्क विवरनी एवं बच्चो का रीजल्ट अपने एंडरोयड मोबाइल में प्राप्त कर सकते है।

## जेएसएलपीएस ने चलाया स्वच्छता अभियान



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जेएसएलपी एस एवं नावाडीह आजीविका महिला संकुल संगठन के संयुक्त तत्वाधान में स्वछता पखवाडा-स्वछता ही सेवा के तहत श्रमदान कार्यक्रम तहत सफाई अभियान चलाया गया। नावाडीह संकुल के सामुदायिक समन्वयक ने कही की आज पुरे भारत में स्वच्छता ही सेवा के तहत श्रमदान के द्वारा साफ सफाई किया जा रहा है साथ ही कचरा प्रबंधन पर जागरूकता चलाया जा रहा है। गिला कचरा और सूखा कचरा का प्रबंधन पर भी जागरूकता फैलाना जरूरी है। कुड़ा- कचरा का प्रबंधन आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ए डब्लू निरमी, रेखा देवी, सोनी देवी, रीना, सुमित्रा, कांति, सुमित्रा, कौशल्या समेत काफी लोग उपस्थित थे।

## तेज वर्षा तूफान के बावजूद झरिया में वायु प्रदूषण के खिलाफ निकाली गई पदयात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**झरिया :** ग्रीन लाइफ झरिया एवं युथ कॉन्सेप्ट के संयुक्त तत्वावधान में झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण व धुल कण की विष वर्षा के खिलाफ पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत रविवार को तेज बारिश तूफान के बाबजूद पद-यात्रा निकाली गई। पदयात्रा में झरिया के गणमान्य लोगों ने भाग लिया जो झरिया 4 नंबर टैक्सी स्टैण्ड से शुरू हो कर मेन रोड, बाटा मोड़, शब्जी पट्टी, लक्ष्मनियाँ मोड़, लाल बाजार होते हुए चिल्ड्रेन पार्क पहुंचे। सभी के हाथों में तख्तियां थी जिस पर मेरी साँसे मेरा हक, स्वच्छ हवा की है दरकार रहम करो मेरी सरकार, तरक्की की क्या गढ़ी कहानी प्रदूषित झरिया बड़ी निशानी, नेता अधिकारी शर्म करो मौत की बारिश बन्द करो, हवा नहीं जो शुद्ध मिलेगी कैसे फिर ये सांस चलेगी, यह कैसी स्वच्छता अभियान गंदी हवा, झूठा अभिमान, धूल - कण को कम करो मौत की बारिश बन्द करो, जैसी स्लोगन लिखे हुए थे और लोग आक्रोशित हो कर नरे लगा रहे थे। चिल्ड्रेन पार्क में महात्मा गांधी के प्रतिमा के निचे लोगों ने शपथ लिया कि झरिया में धूल कण की बारिश बन्द होने तक संघर्ष जारी रहेगा। निर्णय लिया गया कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंति के दिन चिल्ड्रेन पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के निचे एक दिवसीय धरना पर बैठेंगे। पदयात्रा में राजकुमार अग्रवाल, डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, डॉ दिलीप कुमार, अनिल जैन, दीलिप भारती, अब्दुल कादिर अंसारी, अशोक मालाकार, सनोज साव, दीपक दत्ता, देवाशीष रॉय, संजय प्रजापति, सत्यनारायण, अशोक, अशफाक हुसैन, मुकेश, महताब आलम, जफर इकबाल, सूरज, उत्तम, अरबिंद कुमार, रोविन साव सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## हस्तलेखन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले अक्षत राज हुए सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** हस्तलेखन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले अक्षत राज को बेंगलुरु में रविवार को आयोजित भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। पिछले माह सम्पन्न हुए इस प्रतियोगिता के मेगा फाइनल में अक्षत को पूरे देश मे तीसरा व झारखण्ड से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। रविवार को बेंगलुरु के यालाहंका स्थित अम्बेडकर आडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में इन्हें मेडल देकर सम्मानित किया गया। अपने बड़े पापा व भाजपा के वरिष्ठ नेता नीलकंठ रवानी के साथ बेंगलुरु में प्राइज डिस्ट्रीब्यूसन कार्यक्रम में शिरकत कर अक्षत ने मेडल प्राप्त किया। अक्षत अपनी इस सफलता व मेडल पाकर काफी खुश है तथा भविष्य में भी बेहतर करने की सोच है। राजगंज के डोमनपुर गांव निवासी व झारखण्ड पुलिस में कार्यरत स.अ.नि. दिनेश कुमार रवानी व सीमा देवी का पुत्र अक्षत बोकारो में रहकर गुरु गोविंद सिंह स्कूल से पढ़ाई कर रहा है। वर्ग दो के छात्र अक्षत की इस सफलता से परिजन के अलावे विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में काफी खुशी है। अक्षत के पैतृक गांव डोमनपुर के लोग अक्षत की इस सफलता से काफी गदगद है। इधर जिले भर से विभिन्न दलों के नेताओ, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों ने अक्षत की सफलता पर उन्हें बधाइयाँ दी है। बधाई देने वालो में स्कुल के प्राचार्य सुमन चक्रवर्ती, शिक्षिका प्रिया कुमारी, बिभा तिवारी, कुमारी सुधा, संध्या कुमारी, सुष्मिता देवी आदि ने बधाई दी है।

## विधायक ढुलू महतो ने कतरास स्टेशन पर चलाया सफाई अभियान



**कतरासा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के पूर्व रविवार को कतरास स्टेशन पर व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया गया। विधायक ढुलू महतो ने सफाई अभियान में लगे सफाई कर्मियों को माला पहनकर सम्मानित किया। उन्होंने बाघमारा की जनता से प्रधानमंत्री द्वारा चलाए गए इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। मौके पर भाजपा कतरास मंडल भरत शर्मा, महेश पासवान, हरेंद्र सिंह, कुंदन सिंह, बबलू बनर्जी, रविंद्र विजन, हुलास यादव, बबलू बर्मन, बलवीर सिंह, सीमा पांडे, विजय पासवान, उषा पटवा, लक्ष्मी देवी, रामकुमार साहू, डॉ रंजीत कुमार सिंह, प्रदीप मिश्रा, विक्की कुमार, उमेश प्रसाद, सनी कुमार राम, महेंद्र राम, सुरेश राम, निलेश कुमार राम आदि मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## विधायक राज सिन्हा ने दर्जनों लोगों के बीच आयुष्मान भारत कार्ड का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर 2023 से गाँधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती तक चलाए जा रहे देश व्यापी सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत धनबाद विधायक राज सिन्हा नें धनबाद के मटकुरिया स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण से कुल 44 लोगों के बिच आयुष्मान भारत कार्ड का वितरण किया। श्री सिन्हा नें लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड से होने वाले फायदे बताये, साथ ही केंद्र सरकार की कई लाभकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष व दुर्गा मंडप के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन भट्ट, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, मण्डल अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह सोनू, दुर्गा मंडप के अध्यक्ष चन्द्रिका सिंह, सचिव मोहन सिंह छाबड़ा, कोषाध्यक्ष मंजीत सिंह बाबू, मनोज मालाकार, प्रमोद लाला, राहुल गुप्ता, नीरज गुप्ता सूरज, रश्मीत सिंह, राहुल कुमार, प्रदीप शर्मा, संतोष रवानी एवं दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सरिया ने चलाया स्वच्छता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरिया :** राजदह धाम में पूज्य महात्मा गाँधी को स्वच्छ भारत की स्वचछांजलि हेतु स्वछता पखवाडा-स्वछता ही सेवा के महा अभियान की एक पूर्णाहुति आपकी भी के तहत श्रमदान कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान (साफ-सफाई) कार्यक्रम का आयोजन संस्कार फाउंडेशन व प्रायोजक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, स्वदेशी जागरण मंच, गया जिसमें मुख्य रूप से सबलपुर मुखिया संगीता कुमारी, स्वयं सेवक जय प्रकाश कु वर्मा ने कहा की स्वच्छता ही सेवा के तहत आज पुरे देश में श्रमदान के तहत साफ सफाई किया जा रहा है साथ ही कचरा प्रबंधन बहुत जरूरी है। गिला कचरा और सूखा कचरा का प्रबंधन करना चाहिए। कुडा कचरा का प्रबंधन आवश्यक है। जे सलपीएस के सामुदायिक समन्वयक नीलम कुमारी, नेहरू युवा केन्द्र के दीपक साव, तपस्वी मौनी राजदह धाम के अध्यक्ष सुरेश भारती, सचिव राजकुमार वर्मा, प्रबंधक दिनेश वर्मा, अरुण पाण्डेय, बालो पाण्डेय, राधा देवी, गीता देवी, संगीता देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

ग्रामीण मंडल भाजपा की दो दिवसीय बैठक मे मंडल पदाधिकारियों, संयोजक व बूथ अध्यक्ष किये गए सत्यापित

# पीएम मोदी ने देश में 11.72 करोड़ शौचालय बनवाकर राष्ट्रपिता के स्वच्छ भारत के सपनो को किया साकार : सुरजमोहन साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा ग्रामीण मंडल भाजपा की दो दिवसीय मंडल पदाधिकारियों,संयोजक व बूथ अध्यक्षो की आवश्यक कामकाजी बैठक मंडल अध्यक्ष सुरज कुमार दसौंधी की अध्यक्षता मे हूई सम्पन्न। बैठक 30 सितंबर को पुर्व जिलाध्यक्ष राजमोहन राम,एवं 01 अक्टूबर को प्रखंड प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू,मंडल अध्यक्ष सुरज कुमार दशौंधी एवं उपस्थित मंडल कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे बैठक की कार्यवाही सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र मे माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में मंडल के सभी पदाधिकारियों एवं सभी 12 शक्तिकेंद्र संयोजक व सभी बूथ अध्यक्ष के नाम मोबाइल नंबर दायित्व कार्य की सत्यापन किया गया। बैठक को संबोधन मे पुर्व जिलाध्यक्ष राजमोहन राम ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी और इस पार्टी के सभी कार्यकर्ता अनुशासित एवं राष्ट्रवादी। मौके पर बैठक को संबोधन मे प्रखंड प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू ने कहा कि भाजपा नीत केंद्र के नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार देश के गाँव, गरीब, महिला, युवा, किसान के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी ने रक्षा-बंधन मे महिलाओँ को रसोई गैस मे 200 रू की कटौती कर देश की बहनो को उपहार देने का कार्य वही पीएम के जन्मदिन 17 सितम्बर विश्वकर्मा पुजा के दिन पीएम विश्वकर्मा योजना लाँच कर देश के 18 पारम्परिक व्यवसाय से जुड़े लोगो को बहुत बड़ा उपहार देने का कार्य देश के पीएम ने किया है। प्रखंड प्रभारी साहू ने कहा कि प्रखंड के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओ के मेहनत से पिछ्ले दिनो प्रखंड के सभी गाँवो से मेरा माटी,मेरा देश कार्यक्रम के निमित कलश मे मिट्टी संग्रहण का कार्य पुर्ण किया गया। 17 सितंबर पीएम के जन्मदिन से 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी जन्मदिन तक पार्टी मंडलो मे सेवा कार्य व स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर पार्टी सेवा पखवाडा मना रही है। साहू ने 01 अक्टूबर की बैठक मे कहा कि पीएम ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कार्यक्रम के तहत देश मे 11.72 करोड़ शौचालय बनवाकर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के सपनो को साकार करने का कार्य पीएम नरेन्द्र मोदी ने किया है।01 अक्टूबर रविवार को प्रखंड के अनेको बूथ मे स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। उक्त दो दिवसीय बैठक मे उपरोक्त लोगो के अलावा अ0ज0जा0 मोर्चा जिला महामंत्री अमित लोहरा, प्रखंड महामंत्री विवेक चौहान, प्रवीण कुमार सिंह, विनोद साहू, बसंत महतो, अनुप गोप, संदीप साहू, गोसाई भगत, गजाधर यादव, दिनेश साहू, कुलदीप कुमार सिंह, मिथिलेश राम, श्यामनन्दन पाठक इत्यादि कार्यकर्ता सत्यापन बैठक मे उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही स्वस्थ शरीर का आधार है : सुदर्शन भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा द्वारा अलग अलग प्रखंडों में चलायी स्वच्छता अभियान जिसमें वरिष्ठ पदाधिकारी अलग अलग प्रखंडों में शामिल हुए। वहीं भंडरा प्रखंड के भौरों ग्राम स्थित अमर शहीद पांडेय गणपत राय प्रतिमा स्थल में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजन समय 11:00 बजे भंडरा मंडल अध्यक्ष विवेक सोनी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय माननीय सांसद सुदर्शन भगत और जिला अध्यक्ष मनीर उरांव,जिला उपाध्यक्ष नीरज नलिन शामिल हुए। स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान अमर शहीद पांडेय गणपत राय की प्रतीमा स्थल को सफाई की गई जिसमें सांसद सुदर्शन भगत सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया। साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। कार्यक्रम के दौरान सुदर्शन भगत ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर पूरे देश भर में पूज्य महात्मा गांधी के जयंती से एक दिन पूर्व दस से ग्यारह बजे के बीच सभी सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान के माध्यम से सफाई की जाएगी। जिसमें शहीद स्थल, सरकारी भवन के आसपास जैसे अस्पताल, मुहल्लों की सफाई, विधालय, सामुदायिक स्थल सहित अन्य। यह इसलिए भी करनी आवश्यक है क्योंकि स्वच्छता में ही निरोगिता छिपी है।स्वच्छता ही स्वस्थ शरीर का आधार है। इसलिए हमें स्वयं आगे आकर इसमें भाग लेने की जरूरत है। और भाजपा संगठन कार्यकर्ता के माध्यम से लगातार जनजागरण का कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। मनीर उरांव ने कहा कि केंद्र में जब से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी है ।स्वच्छता के क्षेत्र में बहुत बड़े बदलाव हुए हैं। यह धरातल पर दिखाई दे रहा जिसमें सभी लोगों ने सहयोग किया।आज मोदी जी के एक मुहीम ने पूरे देश खुले में शौच की मुक्ति कराई ।इसकी पीड़ा पुरुषों से ज्यादा महिलाएं पता थी ।जिसे मोदीजी ने दूर किया। अब हमारे देश का छोटा बच्चा भी स्व्च्छता को लेकर सजग है। कार्यक्रम में भौरों मुखिया सुमति तिगा, पंचायत समिति वीना देवी, पंकज साहू, दुखहरन साहू, मानदययाल महतो, उमेश साहू, उत्तम गुप्ता, राजकुमार साहू, गीता उरांव, राजकिशोर साहू, रमेश राणा, राजू साहू, रोहित प्रजापति, चंद्रमोहन शर्मा, विष्णु सिंह, लखन लोहरा, शत्रुघ्न साहू, मनोज साहू, उमेश प्रजापति, राजेश साहू, बासुदेव उरांव, सुमित उरांव सहित अन्य शामिल हुए।

न गंदगी करेंगे न गंदगी करने देंगे का नारा दिया प्रधानमंत्री ने : दिपक पूरी

## स्वच्छता अभियान को प्रधानमंत्री ने जन आंदोलन का रूप दिया : रवि गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया गया इसी निमित्त सिमडेगा मुख्यालय सहित जिले के सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि के अगुवाई में स्वच्छता अभियान चलाया गया। केलाघाघ एवं भाजपा कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाते हुए जिला महामंत्री दीपक पुरी ने कहा की प्रधानमंत्री जी का संदेश है की लोगों को ना तो स्वयं गंदगी फैलानी चाहिए और ना ही किसी और को फैलाने देना चाहिए उन्होंने न गंदगी करेंगे ना करने देंगे का मंत्र भी दिया नरेंद्र मोदी ने लोगों को स्वच्छता अभियान में शामिल होने का आवाहन किया और इस मिशन में सभी लोग जुड़ते चले गए केरसई में स्वच्छता अभियान चलाते हुए जिला सोशल मीडिया प्रभारी सह प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ भारत को लेकर प्रधानमंत्री के आवाहन ने अब जन आंदोलन का रूप ले लिया है प्रधानमंत्री ने अपनी बातों और अपने कर्म से स्वच्छ भारत के संदेश को लोगों का प्रयोग करके पूरे भारत और पूरी दुनिया में फैला दिया है स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसके साथ ही साथ स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को हल करने के बाद भी उठाई है यह स्वास्थ्य समस्याएं लगभग आधे भारतीय परिवारों को घर मोचित शौचालय न होने के कारण झेलनी पड़ रही थी जिसे हर घर शौचालय अभियान चला कर नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान के रूप में एक लंबी लकीर खींची है।

## सेवा भारती निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 68 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल एंव मारवाड़ी महिला सम्मेलन की जिला अध्यक्ष ममता बंका ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किया,सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किये,आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 65 लोगों ने अपना स्वास्थ्य की जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की जरूरतमंदों का सेवा करना ही सबसे पुण्य का कार्य है, और कहा कि बीमारी का इलाज के दवा के साथ-साथ कुछ खाने-पीने के चीजों के परहेज से कई बीमारियों को भी ठीक किया जा सकता है,डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहिए एवं गर्म पानी का सेवन कीजिए,सचिव जयप्रकाश शर्मा एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 1 जून 2022 से लगातार प्रत्येक सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 से 1 घंटा के लिए लगाई जाती है,जो कि प्रत्येक सप्ताह निरंतर चलते रहेंगे, आज लोगों ने अपना स्वास्थ्य हेतु शुगर, वजन, बी.पी, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल, आदि का चेकअप करवाते हुए डॉ से अपने बीमारियों का इलाज करवाते हुए परामर्श भी लिए।

## स्वच्छता के खातिर न्यायाधीशगणों ने उठाया झाड़ू, की सफाई



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार के आव्हान पर एवं माननीय उच्च न्यायालय, नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के संयुक्त निर्देशन में आज लोहरदगा सिविल कोर्ट परिसर में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत प्रभात फेरी सह सफाई अभियान चलाया गया जिसमें सिविल कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष, राजेंद्र बहादुर पाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी, अरविंद कुमार, डालसा प्रभारी सचिव अर्चना कुमारी, निबंधक राज कल्याण सहित सिविल कोर्ट परिसर के अनेक कर्मियों ने हिस्सा लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के कर्मी एवं पीएलबी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम नगर परिषद, लोहरदगा के सहयोग से चलाते हुए सफाई की महत्ता को बतलाया गया।

## स्वच्छता ग्रामीणों का प्रथम दायित्व, बीमारी से मिलेगा निजात : दिलीप कुमार



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** योग अभ्यासरत के द्वारा सेन्हा के सार्वजनिक स्थानों पर चलते हुए स्वच्छता अभियान क्षेत्र में दिया स्वच्छता का संदेश दिया गया। पीएम के आवाह्न को शत प्रतिशत स्वच्छता को धरातल पर उतारने के दिशा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सेन्हा शिव मंदिर प्रांगण एवं एन एच पथ के किनारे स्वछता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से योग अभ्यास के दिलीप कुमार, केदारनाथ साहू, रविन्द्र साहू श्रवन साहू नीरज साहू बिनोद महतो के अलावे अन्य ग्रामीण शामिल थे। स्वच्छता अभियान के दौरान योग गुरु दिलीप कुमार ने कहा स्वच्छता का दायित्व ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामीणों को होना चाहिए इससे स्वच्छ समाज का निर्माण होगा और स्वच्छ समाज से स्वच्छ गांव पंचायत बनेगा। वही बताते हुए कहा स्वच्छता से जीवन में खुशहाली के साथ आने वाले पीढ़ी पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा और हम सभी स्वच्छता के कल्चर को अपने जीवन में उतार कर देश के अच्छे नगरिक के रूप में कार्य करते हुए देश हित में कार्य करेंगे साथ ही योग अभ्यास के द्वारा क्षेत्र में संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमरेश भारती के नेतृत्व में चलाया गया सफाई अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को भाजपा नगर मंडल के द्वारा नगर अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष श्री राजकिशोर महतो एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। सफाई अभियान महावीर चौक से मिशन चौक तक किया गया। इस अभियान में नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भारती ने कहा कि भाजपा हमेशा से लोगों की सेवा करते आ रही है इसी उपलक्ष्य में आज सफाई अभियान चलाया जा रहा है ताकि साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने कहा कि भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। भाजपा की मोदी सरकार आज विश्व भर में अपने देश के विकास का डंका बजा रही है। आज भारत हर क्षेत्र में विश्व भर में सभी देशों से आगे निकल रहा है। चाहे कृषि क्षेत्र हो विज्ञान क्षेत्र हो या कोई भी क्षेत्र हर क्षेत्र में भाजपा की मोदी सरकार देश को विश्व भर में सबसे आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता इस सफाई अभियान के तहत लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील किया कि अपने देश के विकास में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले।

## आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने मनाया स्वच्छता पखवाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एवं पीएम के आवाहन पर कस्तूरवा गांधी बालिका आवसीय विद्यालय सेन्हा व पेशरार की छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर जगह जगह पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इन्ही थीम को लेकर सेन्हा में संचालित कस्तूरवा गांधी बालिका आवसीय विद्यालय के वार्डेन पूनम कुमारी के नेतृत्व में पीएम नरेंद्र मोदी के आवाहन पर स्वच्छता की ओर एक कदम के तहत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान के अलावे समाजिक एवं ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें बांकी नदी तट पर आवसीय विद्यालय की छात्रओं द्वारा साफ सफाई किया गया। तथा सेन्हा से मुर्की पथ पर जगह जगह बने गढ़ा तथा पानी जमाव को हटाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर मुखिया धनवाज उराँव ने कहा स्वच्छतता को पंचायत के सभी को अपनाना चाहिए स्वच्छता से गंदगी और फैलने वाली बीमारी से निजात मिलता है। जिसे अपना पंचायत ग्राम सुंदर और स्वच्छ पंचायत बन सके स्वच्छ्ता को लेकर विद्यालय के छत्राओं को शिक्षिकाओं द्वारा स्वच्छ भारत निर्माण पर विस्तृत जानकारी देते हुए संकल्प दिलाया गया। और घर के आसपास कूड़े कचड़ा को तथा गंदगी को साफ करने की जानकारी दी गई।

## जय श्रीराम समिति नगर कमेटी का हुआ विस्तार शौर्य जागरण रथ का किया जाएगा भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा गुदरी बाजार स्थित मुद्रिका बैंक्विट हॉल में रविवार को जय श्रीराम समिति की बैठक समिति अध्यक्ष राजीव रंजन की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला संरक्षक रोहित साहू,अजय सोनी,अनूप गुप्ता, रितेश साहू मौजूद थे। राजीव रंजन, रोहित साहू,रितेश साहू, इंदिरा प्रधान, सुनील अग्रवाल ने सभी पदाधिकारी को संबोधित किया बैठक में नगर कमेटी का विस्तार एवं अदानी 3 अक्टूबर को अयोध्या से आ रहे रथ को लेकर खास परी चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत नगर कमेटी के बने नए 10 नगर पदाधिकारी कमलेश कुमार, अक्षय करुआ, रितेश सोनी को कार्यकारी अध्यक्ष, देवजीत कसेरा, ओम कुमार, सुजल सहानी, आशीष वर्मा, दिग्गज सिंह को नगर उपाध्यक्ष, गौरव है हयवंशी को संगठन मंत्री एवं नीरज साहू को मीडिया प्रभारी बनाया गया साथ ही जिला कमेटी में बदलाव करते हुए जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू को अतिरिक्त प्रभार देते हुए जिला महामंत्री बनाया गया एवं बजरंग करूवा,चंदन साहू, अभिषेक कुमार उर्फ सूर्या को जिला मंत्री का जिम्मेवारी सोपा गया जिसका स्वागत जिला समिति एवं संरक्षकों के द्वारा किया गया। 3 अक्टूबर को अयोध्या से आ रहे हैं रथ का भव्य तरीके से स्वागत की तैयारी पर रणनीति बनाई गई अध्यक्ष राजीव रंजन ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत करते हुए कहा की जय श्रीराम समिति के प्रति युवाओं का विश्वास बढ़ रहा है। ज्ञात हो की समिति एक सामाजिक एवं धार्मिक के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी काम करती है।

## संगठन को मजबूत कर आने वाले चुनाव में पार्टी को जीत दिलाएं कार्यकर्ता : विमला प्रधान




**केरसई (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी केरसई मंडल की बूथ सत्यापन हेतु बैठक मंडल अध्यक्ष मानकीलाल की अध्यक्षता में हुई, मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने विषय प्रवेश करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं मंडल, बूथ एवं शक्तिकेन्द्र सत्यापन पर जोर दिया। मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल शक्ति केंद्र एवं बूथों का सत्यापन किया जा रहा है, यह आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव का बिगुल है, आज आप सभी कार्यकर्ताओं के बदौलत झारखंड प्रदेश में भाजपा सिमडेगा का संगठन अग्रणी स्थान में है । सत्यापन बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह मंडल प्रवासी विमला प्रधान ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य नहीं खोने वाले कार्यकर्ताओं का संगठन है भारतीय जनता पार्टी आने वाला समय चुनौती पूर्ण है भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर संगठन को मजबूत करें नए मतदाताओं को पार्टी के विचारधारा से जोड़े और केंद्र सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करें,साथ ही मंडल शक्ति केंद्र एवं बूथों का सत्यापन करें ताकि सशक्त संगठन का निर्माण हो सके और आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो सके।मंडल प्रभारी मनोज साय ने विस्तार पूर्वक मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों को नीचे स्तर तक संगठन मजबूत करने के तरीके बताएं मंच संचालन मंडल महामंत्री प्रभु मांझी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री बुलेश्वर प्रसाद ने किया।

## झारखंड सरकार का उद्देश्य गरीबों और आम जनों का कल्याण करना है : डॉ रामेश्वर उरांव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** डॉ.रामेश्वर उरांव, मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा खाद्य,सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड रांची आज रविवार को भूमि संरक्षण कार्यालय,लोहरदगा की ओर से नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित RKVY-RAFTAR योजनांतर्गत sub mission on agriculture mechanization (SWAM) स्वयं सहायता समूहों को कृषि उपकरण बैंक स्थापना हेतु कृषि उपकरण यंत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में ही वर्तमान राज्य सरकार ने निर्णय लिया था कि गांवों को विकसित किया जाएगा। किसानों के लिए कृषि, मत्स्य, भूमि संरक्षण आदि, गरीबों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र, ग्रामीण विकास अंतर्गत सड़कें, खाद्य आपूर्ति अंतर्गत राशन कार्ड के क्षेत्र में कई कार्य किये। आदिम जनजाति के लिए डाकिया योजना के तहत राशन की व्यवस्था करायी। हमारी सरकार का उद्देश्य गरीबों और आम जनों का कल्याण करना है। माननीय मंत्री ने कहा कि किसानों को मशीनीकरण की ओर जाना चाहिए। कृषि कार्य के लिए कई उन्नत किस्म की मशीनें आ गयी हैं जो आपका समय और खर्च दोनों बचाती है। साथ ही उत्पादन में भी काफी फर्क पड़ता है। सरकार कई बदलाव कर रही है। हम कई कोस आगे बढ़ चुके हैं। कैब की रिपोर्ट के अनुसार बेहतर वित्तीय प्रबंधन के मामले में झारखंड राज्य देश के अन्य राज्यों में 5वें स्थान पर है। सरकार की आमदनी बढ़ी है। वर्ष 2019 से अब तक राजस्व सात हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। लोहरदगा जिला में 39 नए पथों के निर्माण और जर्जर हो चुके 16 पथों का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है। इससे सड़कों की स्थिति में काफी सुधार आएगा। किसानों को धान की खेती के लिए अब समय से धान का बीज दिया जा रहा है। अब समय से धान की रोपनी से किसान बेहतर उत्पादन कर पा रहे हैं। हालांकि इस वर्ष मानसून में देरी की वजह से धान की बुआई कम हुई है। इसकी भरपाई के लिए किसानों के बीच जल्द ही दलहन फसलों के बीजों का वितरण किया जाएगा।

बिना क्नेक्शन के भी भेजे गए गलत बिजली बिल में होगा सुधार : विधायक भूषण बाड़ा

## विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सदर प्रखंड के कुडरूम पहुंच विधायक भूषण बाड़ा ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा रविवार को विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सदर प्रखंड के बड़ाबरपानी पंचायत के कुडरूम गांव पहुंच ग्रामीणों की समस्या सुनी। मौके पर ग्रामीणों ने बिजली एवं पानी की समस्या बताई। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा अंधाधुंध बिजली बिल भेजा जा रहा है। कई लोगों का दो से तीन बिजली बिल भेजा गया है। वहीं गलत बिजली बिल में सुधार करने से भी विभाग के कर्मी आनाकानी करते हैं। जिस पर विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामीणों का एक क?नेकशन के बाद भी दो या तीन बिजली बिल आ रहा है। बगैर क्नेकशन के भेजे गए बिजली बिल में सुधार किया जाएगा। साथ ही इसका स्थायी समाधान किया जाएगा। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाएं भी बताई। साथ ही योजना का लाभ लेने के लिए आगे आने का आह्वान किया। ग्रामीणों की समस्या दूर करने के लिए ही विधायक भूषण बाड़ा ने शुरु किया है विधायक आपके द्वार कार्यक्रम : जोसिमा खाखा मौके पर उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या दूर करने के लिए ही विधायक भूषण बाड़ा ने विधायक आपके द्वार कार्यक्रम शुरु किया है। जिसके माध्यम से वे ग्रामीणों के घर पहुंच ग्रामीणों की समस्या सुनते हैं। साथ ही सभी समस्याओं को प्रमुखता के साथ दूर करते हैं। विधायक ग्रामीणों की समस्या दूर करने में कभी भी जाति-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते हैं। मौके पर नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, डा. इम्तियाज हुसैन, उप प्रमुख सिलबेस्तर बघवार, पंचायत अध्यक्ष विकास बड़ा, पंचायत अध्यक्ष बिलचुस बड़ा, महिला पंचायत अध्यक्ष रीता किरो, सिलबेश्टर केरकेट्टा, मारियानुश, नवीन केरकेट्टा, पंचायत सदस्य समिति अनिता सोरेंग, मुखिया दुर्गा मुंडा, पूर्व मुखिया मुक्ता तिर्की, उप मुखिया सरोज किरो, किशोर सोरेंग, सुचिता केरकेट्टा, जसिंता केरकेट्टा, उर्मिला केरकेट्टा, आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्रमदान कर सड़क का किया गया मरम्मत

**केरसई (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले दिनों के अतिवृष्टि में केरसई प्रखंड के करमटोली में प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली पुलिया बह गई थी, इस पुलिया के बह जाने से स्कूली छात्रों व्यापारी किसान सहित सैकड़ो घर के लोगों का सम्पर्क प्रखंड मुख्यालय से कट गया था,ग्रामीणों ने प्रसाशन से जल्द इस समस्या के समाधान का आग्रह किया था। आज ग्राम प्रधान सह भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कामेश प्रसाद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क को मिट्टी भर कर तत्काल चलने लायक बनाया इसमे करमटोली गाव के दर्जनों उत्साही युवकों ने बढ़ चढ़ कर योगदान दिया। ग्रामीणों ने प्रसाशन से जल्द पुलिया की मांग की है ताकि इस समस्या का स्थाई समाधान हो सके। मोके पर धीरेंद्र प्रसाद कृष्णा मांझी राधे मांझी चरण महतो बलराम मांझी जगदीश नायक माधो तुरी जगनू नायक सुधीर बड़ाईक उपस्थित थे।

चलते चलते एक नजर

## सन्मार्गम फाऊंडेशन को मिला झारखंड का बेस्ट एनजीओ अवार्ड



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनहित प्रोडक्शन द्वारा आयोजित जनहित सम्मान समारोह 2023 में सन्मार्गम फाऊंडेशन को बेस्ट एनजीओ का अवार्ड मिला है। इस मौके पर संस्था के सचिव सिद्धार्थ त्रिपाठी एवं अध्यक्ष रोशन कुमार को सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के जनरल मैनेजर , तथा मुंबई से आए भोजपुरी एक्टर तथा पलामू के लाल शुभम तिवारी एवं भोजपुरी एक्ट्रेस कनक यादव ने इन को अवार्ड सम्मानित किया। इस मौके पर संस्था हेड रश्मि कुमारी को भी सम्मानित किया गया। संस्था के सचिव सिद्धार्थ त्रिपाठी ने बताया की हमारी संस्था महिला सशक्तिकरण, गरीबों को खाना खिलाना, गरीब बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था करना उनके लिए किताब की व्यवस्था करना, किसानों को जोड़कर लेमनग्रास की खेती से जोड़ना, तथा अन्य कई जरूरतमंदों को लाभ इस संस्था ने पहुंचाया है ,संस्था सबर प्रजाति के लोगों के लिए कई हेल्थ कैंप का आयोजन कराया है गरीब बच्चों के लिए सैनिटरी पैड की व्यवस्था कराया है। जिससे कि लोग बीमारी से दूर रहे तथा अधिक दिन तक स्वस्थ रह सके। संस्था का कोरोना काल में बहुत ही सराहनीय योगदान रहा है।इसी संदर्भ में आज संस्था को बेस्ट एनजीओ अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

## पोस्टल डिपार्टमेंट एवं पूर्व पार्षद ने वार्ड 11 में चलाया सफाई अभियान

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 1 अक्टूबर 2023 गांधी जयंती की पूर्व संध्या और स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वार्ड 11 के पोस्टल डिपार्टमेंट और पूर्व पार्षद अभय कुमार सिंह ने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई अभियान चलाया । भारी बारिश के बीच वार्ड क्षेत्र के जेसी रोड,पीएनटी कॉलोनी,बिराज नगर, नवीन मित्रा रोड और के एम मल्लिक रोड आदि क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में चीफ पोस्टमास्टर जनरल राकेश कुमार, डीडीजी शैलेंद्र त्रिवेदी, एसएसपीओ उदय भान सिंह, नगर निगम के वार्ड सुपरवाइजर नैयर नयाज, प्रेम रंजन, लखन कुमार सहित पोस्टल डिपार्टमेंट के कर्मी शामिल थे।



# संस्कृति एवं संस्कार का शिक्षा केंद्र है मंदिर : राकेश तिवारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के सदर प्रखंड स्थित सुआ कौड़िया पंचायत में राम-जानकी मंदिर निर्माण न्यास समिति को आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सह डाल्टनगंज विधानसभा प्रत्याशी राकेश तिवारी ने ग्यारह हजार रूपए का सहयोग प्रदान किया। सुआ चौक पर निर्माणाधीन मंदिर को पूरा करने के लिए युवा नेता राकेश तिवारी ने हाथ बढ़ाया है। सहयोग राशि प्रदान करने के दौरान मंदिर न्यास समिति को राकेश ने हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर डालटनगंज विधानसभा प्रत्याशी राकेश तिवारी ने बताया कि मंदिर सनातन संस्कृति की रक्षा का केंद्र है। मंदिर संस्कृति एवं संस्कार का ज्ञान केन्द्र है। जिससे पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी सभ्यता विकसित होती है। मौके पर राकेश तिवारी ने मंदिर निर्माण के साथ-साथ संस्कृति को बढ़ावा देने पर बल दिया। वहीं आरती के माध्यम से सुबह शाम अध्यात्म की ओर मोड़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। मौके पर अजय तिवारी अकेला,अभिषेक तिवारी राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पर्वेक्षक,छोटेलाल सिंह अध्यक्ष, शिव शंकर सिंह,उपकोषाध्यक्ष,विनय कुमार सिंह उपाध्यक्ष, लाल बहादुर साहू सचिव, देवेंद्र सिंह उप सचिव,मुनेश्वर सिंह पुजारी, सच्चिदानंद पाठक पुरोहित, चिंता देवी सदस्य, राम सिंह सदस्य, राम सिंह सदस्य,सुरेंद्र प्रसाद सदस्य, कृष्ण कुमार अंकुर सदस्य,अरविंद कुमार यादव सदस्य, सत्यनारायण कुमार-सदस्य,अरुण कुमार अंकुर सदस्य, अयोध्या चौधरी सदस्य, संजीव कुमार सिंह-सदस्य, अर्जुन सिंह सदस्य, सोहन सिंह-सदस्य, दिलीप साव व सदस्य दिलीप कुमार सिंह-सदस्य मौजूद थे.

## केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया स्वच्छ भारत का शुभारंभ



एजेंसी

**हमीरपुर :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार सुबह दियोटसिद्ध में स्वच्छ भारत 3.0 का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री ने लोगों को सप्ताह में कम से कम दो घंटे और साल में 100 घंटे स्वच्छता के लिए समर्पित करने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर उन्होंने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाई।इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस और अन्य संस्थाओं एवं संगठनों के युवा स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि 1 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक देश के सभी जिलों में नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से स्वच्छ भारत 3.0 अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता को एक जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। ठाकुर ने सभी लोगों से इस अभियान में जुड़ने और स्वच्छता के लिए अपना योगदान देने का आह्वान किया।इससे पहले नेहरू युवा केंद्र की राज्य निदेशक ईरा प्रभात ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया तथा स्वच्छ भारत 3.0 अभियान की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवियों, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के एनएसएस स्वयंसेवियों और अन्य संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाला गया शोभायात्रा



एजेंसी

**भागलपुर :** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल भागलपुर इकाई के द्वारा रविवार को तिलकामांझी शौर्य जागरण यात्रा का आयोजन किया गया है। यह शौर्य जागरण यात्रा 28 सितंबर से प्रारंभ किया गया है, जो रविवार को भागलपुर पहुंचकर नगर भ्रमण किया। आज का यह शौर्य यात्रा सबौर से प्रारंभ की गई थी।इस यात्रा में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता काफी संख्या में शामिल हुए। कार्यकर्ता हाथ में विजय ध्वज लेकर जय श्री राम के नारे लगाते रहे। पूरा शहर जय श्री राम के नारों से गुंजायमान होता रहा। उधर इस यात्रा को लेकर प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

बजरंग दल दक्षिण के प्रांत नियोजक रंजीत कुमार ने कहा कि अयोध्या में श्री राम के मंदिर के उद्घाटन में यह झांकी उत्तर बिहार से पहुंचेगी और उद्घाटन का साक्ष्य बनेगी। साथ ही लोगों से भी अपील करते हुए उन्होंने कहा कि श्री राम जन्मभूमि में बना रहे मंदिर के उद्घाटन में ज्यादा से ज्यादा लोग वहां पहुंचे।इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल भागलपुर इकाई के तिलका मांझी शौर्य जागरण यात्रा के नगर मंत्री अमित कुमार, सहसंयोजक आशुतोष कुमार ढिल्लों, पृथ्वीराज सुनील श्रीवास्तव के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने सुनी मोरारी बापू की रामकथा



एजेंसी

**गांधीनगर :** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार को मोरबी के नानी वावडी स्थित कबीरधाम में मोरारी बापू की भक्तिपूर्ण शैली में आयोजित रामकथा में उपस्थित रहकर कथा सुनी। यह मानस श्रद्धांजलि कथा मोरबी पुल दुर्घटना की दिवंगत आत्माओं के मोक्ष के लिए आयोजित की गयी है। मुख्यमंत्री ने भी दिवंगतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि मोरबी पुल दुर्घटना के दिवंगतों की मोक्ष प्राप्ति के लिए इस मानस श्रद्धांजलि कथा का आयोजन किया गया है, मैं भी उनके मोक्ष प्राप्ति के लिए प्रार्थना करता हूं। रामकथा वाचक मोरारी बापू की 924वीं रामकथा सुनने का अवसर मिलने को मुख्यमंत्री ने अपना सौभाग्य बताया।उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि मोरारी बापू की कथा सुनने से सत्य, प्रेम, करुणा और राम नाम के माध्यम से सभी का जीवन सार्थक बनेगा। भूपेंद्र पटेल ने व्यासपीठ के समक्ष नतमस्तक होकर भारत को विश्व गुरु बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने की प्रार्थना की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भानुबेन बाबरिया, सांसद मोहनभाई कुंडारिया, राज्यसभा सांसद केसरीदेवसिंहजी झाला, मोरबी जिला पंचायत अध्यक्ष हंसाबेन पारघी, मोरबी-मालिया विधायक कांतिभाई अमृतिया, टंकारा विधायक दुर्लभजीभाई देथरिया, पूर्व मंत्री ब्रिजेशभाई मेरजा और जयंतीभाई कवाडिया, कबीरधाम के महंत शिवरामदासजी महाराज, अग्रणी जयंतीभाई भाडेसीया, रणछोड़भाई दलवाडी, दीपिकाबेन सरडवा, यजमानों के परिवारजन सहित बड़ी संख्या में कथा सुनने के लिए श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मणिपुर में हिंसा के लिए बीजेपी स्टेट यूनिट ने अपनी ही सरकार को बताया जिम्मेदार



एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में जारी हिंसा के बीच बीजेपी की प्रदेश इकाई ने अपने ही राज्य सरकार को इस मामले में दोषी ठहराया है. मणिपुर बीजेपी प्रदेश यूनिट ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को चिट्ठी लिखी है, जिसमें कहा गया है कि राज्य की जातीय हिंसा पर अंकुश लगाने में राज्य सरकार विफल रही है. बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखी गई इस चिट्ठी में राज्य की पार्टी प्रमुख ए सारदा देवी के नेतृत्व में 8 नेताओं ने अपनी सरकार पर ये आरोप लगाया है.इतना ही नहीं नेताओं ने पत्र में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की मांग भी की है.बीजेपी मणिपुर यूनिट ने बताया कि मौजूदा अशांति 3 मई 2023 से शुरू हुई थी जिसे लगभग चार महीने हो चुके हैं. इस अवधि के दौरान विशेष रूप से आम जनता को अपने दैनिक जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

### मणिपुर में बदल रही है स्थिति- बीजेपी स्टेट यूनिट

चिट्ठी में लिखा गया है,राज्य स्तर पर हमारी पार्टी भी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. जनता के गुस्से और विरोध से अब धीरे-धीरे स्थिति बदल रही है, लंबे समय से चली आ रही अशांति का एकमात्र दोष पूरी तरह से सरकार की विफलता पर आ गया है. सरकार स्थिति से निपटने में जुटी है

### एनआरसी को जल्द लागू किए जाने की मांग

उन्होंने जेपी नड्डा से म्यांमार के अवैध अप्रवासियों के बायोमेट्रिक पहचान की प्रक्रिया को भी जल्द पूरा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से आग्रह किया है ताकि राज्य में एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) को शीघ्र लागू किया जा सके. इसके अलावा,

### जेपी नड्डा को लिखी चिट्ठी

प्रधानमंत्री को विधायकों की संयुक्त टीम को नियुक्ति करने की अपील की है ताकि मणिपुर के लोगों की समस्याओं को खत्म किया जा सके.मणिपुर स्टेट यूनिट द्वारा जो चिट्ठी बीजेपी के पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा को लिखी गई है उसमें दो राष्ट्रीय राजमार्गों पर ट्रैफिक को सामान्य करने की मांग की गई है.

### लोगों को जल्द मुआवजा दिए जाने की अपील

इसके अलावा उस चिट्ठी में मांग की गई है कि जितनी जल्दी हो सके सभी विस्थापित लोगों के उनके मूल निवास स्थान पर तत्काल पुनर्वास की व्यवस्था की जाए. मांग की गई है कि जिन्होंने इस हिंसा में अपना घर खोया है और मुआवजे का जो वादा किया गया है उन्हें वो तुरंत मिले.

## दीपाजंली कथक केंद्र की ओर से बाल सम्मान-2023 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रांची :** रांची की प्रसिद्ध दीपाजंली कथक केंद्र की ओर से दीपांजली कथक केंद्र, रांची में बाल सम्मान-2023 कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चो ने भारतीय संस्कृति के विभिन्न राज्यों के कथक नृत्य को प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चो ने देश के विभिन्न राज्यों को एक भारत श्रेष्ठ भारत के रंगों में जोड़ा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष के बाल सम्मान-2023 का प्रथम चरण का आयोजन दीपांजली कथक केंद्र में किया गया। बाल सम्मान-2023 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, संस्कार भारती रांची के महानगर मंत्री शशिकला पौराणिक, डॉ रजनी शर्मा साहित्य संयोजीका संस्कार भारती,टीम ग्रीन के शुभम चौधरी जी ने सभी चयनित बच्चों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर उठाया गया एहतियाती कदम

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के मद्देनजर एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं. सर्दियों के दौरान प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तैयार श्रेणीबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना रविवार से लागू हो गई. दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए जिम्मेदार स्वायत्त निकाय, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने जीआरएपी में पिछले साल और इस वर्ष जुलाई में कुछ अहम बदलाव किए हैं.नये बदलावों के तहत वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के पार जाते ही पुराने वाहनों पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू किया जाएगा और होटल-रेस्तरां में कोयला एवं लकड़ी के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लग जाएगा. इसी तरह, एक्यूआई 400 के बाद पार जाते ही दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में बीएस-3 मानक के पेट्रोल और



बीएस-4 मानक के डीजल वाहनों पर रोक लग जाएगी.सीएक्यूएम एक कानूनी निकाय है, जिसकी स्थापना 2021 के अधिनियम के तहत की गई थी. आयोग तीन दिन पहले के पूर्वानुमान के आधार पर प्रदूषण रोधी उपायों को सक्रियता से लागू करता है. इससे पहले, प्राधिकारी प्रदूषण के एक सीमा तक बढ़ने के बाद ही निर्माण एवं ध्वस्तीकरण गतिविधियों, उच्च उत्सर्जन वाले वाहनों के प्रवेश और कोयला तथा लकड़ी जलाने पर रोक लगाने जैसे उपाय लागू करते थे.संशोधित जीआरएपी में पहले चरण के तहत पुराने डीजल और पेट्रोल वाहनों पर उच्चतम न्यायालय तथा राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के आदेशों को सख्ती से लागू करने की सिफारिश की गई है. इसमें एक्यूआई के 200 के पार जाते ही होटलों और रेस्तरां में कोयला तथा लकड़ी जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध का आह्वान किया गया है। पहले, प्राधिकारी दूसरे चरण के तहत इस उपाय को लागू करते थे. सीएक्यूएम ने संशोधित जीआरएपी के तहत तीसरे चरण में पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने का भी सुझाव दिया है. एक्यूआई के 450 के पार जाते ही इलेक्ट्रिक और सीएनजी तथा बीएस-4 डीजल वाहनों के अलावा दिल्ली के बाहर पंजीकृत चारपहिया वाहनों को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी. हालांकि, आवश्यक सामान या आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों को इसमें छूट दी जाएगी.

# प्रधानमंत्री का स्वच्छता अभियान नए भारत में नई क्रांति : दिनेश शर्मा



एजेंसी

**लखनऊ :** भाजपा के राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने रविवार को स्वच्छता के लिए श्रमदान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वच्छता अभियान नए भारत में नई तरह की क्रांति है। इससे स्वस्थ भारत की बुनियाद मजबूत हो रही है। देश में 2014 के बाद एक नई कार्यशैली पैदा हुई है। चारबाग रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि स्वच्छता देखने में भले ही छोटी लगती है पर इसके दूरगामी परिणाम मिलने लगे हैं। स्वच्छता अभियान के कारण गोरखपुर को जानलेवा इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी से मुक्ति मिली है। व्यक्ति के आसपास का वातावरण अगर स्वच्छ है तो मन-मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनकी अपील देश और दुनिया के लोगों के लिए विशेष महत्व रखती है। इसी कारण आज योग पूरी दुनिया के लोगों के जीवन का हिस्सा बन गया है। स्वच्छता नए भारत की पहचान बनी है। आज के दिन देशभर में घरों में, कार्यालयों में व सार्वजनिक स्थानों आदि पर स्वच्छता अभियान त्योहार की तरह मनाया गया।डॉ.शर्मा ने पूर्वोत्तर रेलवे मंडल कार्यालय तथा पीली कालोनी ऐशबाग में स्वच्छता अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया। उन्होंने मंडल रेल कार्यालय पर फर्श साफ करने वाली मशीन चलाकर, झाड़ू लगाकर एवं कचरा उठाकर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। उन्होंने पूर्वोत्तर रेलवे मंडल कार्यालय पर अधिकारियों व कार्मिकों को स्वच्छता शपथ दिलाई और वृक्षारोपण भी किया।इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशन) विक्रम कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा संजय यादव, सीनियर डीपीओ राहुल यादव समेत कई अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## माफिया मुख्तार अंसारी की लखनऊ के डालीगंज स्थित 12 करोड़ की बेनामी संपत्ति अटैच

**लखनऊ :** आयकर विभाग ने माफिया मुख्तार अंसारी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी 12 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति अटैच कर ली। यह संपत्ति लखनऊ के पॉश इलाका डालीगंज में स्थित है। इससे पहले उसकी मऊ और गाजीपुर स्थित संपत्ति को कुर्क किया गया था। आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक मुख्तार अंसारी की डालीबाग स्थित 3234 वर्गफुट के प्लॉट को बेनामी संपत्ति मनाते हुए अटैच किया गया है। मुख्तार ने यह प्लॉट अपने सबसे करीबी महिला तनवीर सहर के नाम से खरीदी थी। वर्तमान में इसकी कीमत करीब 12 करोड़ रुपये की है। उल्लेखनीय है कि मुख्तार ने अपने गिरोह की मदद से करोड़ों की संपत्ति अपने और रिश्तेदारों के नाम से बनायी है। बेनामी संपत्ति को लेकर लगातार जांच एजेंसियां अपनी तहकीकात कर उन संपत्ति को जब्त कर रही हैं। माफिया के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट मामले में 05 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

# रक्तदान सबसे बड़ा दान : राज्यपाल

एजेंसी



**देहरादून :** देवभूमि विकास संस्थान के रक्तदान शिविर का शुभारंभ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने रविवार को रेस कोर्स देहरादून में किया। उन्होंने रक्तदान कर रहे लोगों से भी मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। रक्तदान शिविर में देवभूमि विकास संस्थान के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के अलावा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित रहे।रक्तदान शिविर में प्रतिभाग करते हुए राज्यपाल ने 117 बार रक्तदान करने वाले ऋषिकेश के राजेन्द्र बिष्ट सहित 50 से अधिक बार रक्तदान करने वाले मनोज शर्मा, सुशील छाबड़ा, अमित, राजेन्द्र रावत, डॉ. पीयूष मौर्य को सम्मानित किया। इसके अलावा देवभूमि विकास संस्थान द्वारा 03 सितम्बर से 13 सितम्बर तक आयोजित रक्तदान शिविरों में सहयोग करने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में उपस्थित राज्यपाल ने कहा कि रक्तदान मानवता के लिए किया गया सबसे बड़ा दान है। व्यक्ति के जीवित रहते हुए रक्तदान और मृत्यु के पश्चात देहदान करना सबसे पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से व्यक्ति को आत्म संतुष्टि भी मिलती है। अपने रक्त को दान कर दूसरों की जिंदगी में खुशहाली लाना सबसे बड़ी आत्म संतुष्टि होती है।राज्यपाल ने कहा कि आज इस शिविर में कई लोग रक्तदान कर रहे हैं वे अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे बीच ऐसे भी लोग हैं जिन्होंने 100 से भी अधिक बार रक्तदान किया है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने देवभूमि विकास संस्थान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्थान अन्य सामाजिक कार्यों वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमेशा से महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए रक्तदान करने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत वर्तमान तक 726 रक्तदान शिविर लगाए गए हैं। 02 लाख 28 हजार लोगों ने ई-रक्तकोष पोर्टल पर पंजीकरण किया है जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अभी तक 52 लाख 50 हजार आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं और 60 लाख 50 हजार लोगों की आभा आई-डी बनायी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी तक 1926 लोगों ने अंगदान के लिए पंजीकरण किया है जो तेलंगाना के बाद देश में दूसरे स्थान पर है।